चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 10, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज 16

शाहरुख के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हूं 15

## गंगा में दो युवकों की डूबने से मौत

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)



नितिन



प्रिंस

- तिगरी गंगा घाट पर नानी की अंत्येष्टि में शामिल होने आए थे
- एक युवक को स्थानीय गोताखोरों ने बचा लिया

**अमृत विचार :** गंगा में नहाते समय तीन युवक डूब गए जिनमें दो मौसेरे भाइयों की मौत हो गई। जबकि एक को स्थानीय गोताखोरों ने बचा लिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों भाई प्रिंस ( 21)व नितिन (22) अपनी नानी की अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

जानकारी के अनुसार मंडी धनौरा नगर के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी बुजुर्ग महिला चंद्रवती की गुरुवार को मौत हो गई । दोपहर को परिजन उन्हें अंतिम संस्कार के लिए तिगरी गंगा ले गए। मुखाग्नि के बाद लोग व रिश्तेदार गंगा स्नान के लिए तट पर चले गए। अमरोहा के मोहल्ला किशनगढ़ निवासी प्रिंस व नितिन और नोएडा निवासी पंकज भी आए थे। तीनों गंगा में स्नान कर रहे थे। अचानक तीनों गहरे पानी में डूबने लगे। पास में स्नान कर रहे अन्य रिश्तेदारों ने शोर मचाया तो स्थानीय गोताखोर उन्हें बचाने को गंगा में कूद गए, लेकिन तब तक तीनों युवक पानी में समा चुके थे। हालांकि गोताखोरों ने प्रयास कर पंकज को बचा लिया, लेकिन नितिन व प्रिंस का कुछ पता नहीं चला। काफी तलाश के बाद नितिन व प्रिंस भी मिल गए। परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि गंगा में नहाते समय तीन युवक डूब गए थे। इनमें दो युवकों की मौत हुई है, जबकि एक युवक को बचा लिया गया है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तीनों आईएसआई के सहयोग से हिज्बउल मुजाहिद्दीन के कैंप में ट्रेनिंग ले चुके हैं

## नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे तीन आतंकवादी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मो. अल्ताफ भट



सैय्यद गजनफर



नासिर अली

- एटीएस के मुताबिक, तीनों प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे

**अमृत विचार:** एटीएस ने बुधवार को नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे एक काश्मीरी सहित तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक तीनों प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे। एटीएस की फील्ड इकाई गोरखपुर को आतंकियों को सीमा के तटवर्ती गांव शेख फरेंदा होते हुए भारत में प्रवेश करने की सूचना थी। सर्विलांस से सूचना देकर टीम ने तीनों को सोनौली सीमा पर गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आतंकियों में मोहम्मद अल्ताफ भट पुत्र खिजर मोहम्मद भट पाकिस्तान के रावलपिंडी, दूसरा सैयद गजनफर पुत्र सैयद मोहम्मद सैयद भी इस्लामाबाद का है। तीसरा नासिर अली पुत्र गुलाम अहमद अली श्रीनगर का निवासी है। पूछताछ में पता चला कि तीनों को भारत पहुंचने के बाद बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। भारत में इनको कौन टारगेट दे रहा था? किससे मिलने का निर्देश था? इसके जवाब एटीएस खंगाल रही है। एटीएस ने तीनों के खिलाफ लखनऊ एटीएस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो पाकिस्तानी समेत 3 आतंकियों की रिमांड मंजूर

**लखनऊ।** भारत में गुप्त रास्ते से प्रवेश कर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के प्रयास के आरोपियों को एटीएस प्रभारी न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने छह दिन के लिए पुलिस कस्टडी में दिए जाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि पुलिस रिमांड अवधि 5 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 10 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रभावी होगी। विशेष लोक अभिलेख नागेंद्र गोस्वामी एवं एमके सिंह ने अदालत को बताया कि दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को कश्मीर के नासिर अली के साथ शेख फरेंदा गांव के चौराहे से पकड़ा गया, जहां से नासिर उन्हें कश्मीर ले जाता। दोनों पाकिस्तानियों ने फर्जी आधार कार्ड बनवाया था तथा उनका उद्देश्य आतंकी घटनाओं को अंजाम देना था। पाकिस्तानी व भारतीय पासपोर्ट व पाकिस्तानी पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस फ्लाइट की टिकट तथा नेपाल, बांग्लादेश, भारत एवं अमेरिका की करेंसी भी मिली थी। आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे गुप्त रास्ते की जानकारी, आईएसआई एवं हिजबुल मुजाहिदीन के बारे में पूछताछ, मोबाइल डाटा बरामद करना, बैंक खातों के बारे में भी जानकारी करना है। एटीएस निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने एटीएस के थाना गोमती नगर में दर्ज कराई है।

### एक नजर

#### सोनिया और वैष्णव सहित 14 सांसदों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत 14 सांसदों ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नए संसद भवन में उन्हें शपथ दिलाई। सोनिया गांधी ने राजस्थान से उच्च सदन के सदस्य के रूप में जबकि वैष्णव ने ओडिशा से राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। कर्नाटक से कांग्रेस नेता अजय माकन और सैयद नासिर हुसैन, यूपी से भाजपा नेता आरपीएन सिंह और प. बंगाल से भाजपा के समिक भट्टाचार्य उन 14 नेताओं में शामिल हैं।

#### पूर्वोत्तर भारत में सात अप्रैल तक बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में सात अप्रैल तक गरज के साथ बारिश के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ( आईएमडी ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।अरुणाचल में चार से सात अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। असम और मेघालय में पांच अप्रैल को भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, अरुणाचल में छिटपुट गरज और बिजली के साथ मध्यम वर्षा का अनुमान है।असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अगले सात दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं।

## प्रदेश में मानक पर खरे उतरने वाले मदरसे कर सकेंगे संचालन

### छात्रों के समायोजन एवं अन्य अर्हताओं के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बनाने के निर्देश

जीशान कदीर, लखनऊ



- मुख्य सचिव ने दिए सभी जिलाधिकारियों को आदेश
- इन मदरसों के छात्रों को बेसिक माध्यमिक में प्रवेश दिलाया जाए

अमृत विचार : मदरसों से जुड़े छात्रों के लिए खबर राहत भरी है, इनके लिए जल्द ही नए विद्यालय स्थापित किये जाएंगे। जनपद स्तर पर नए विद्यालयों की स्थापना के साथ प्रवेश के लिए सीटों का भी निर्धारण किया जाएगा। सीटें बढ़ाकर छात्र-छात्राओं को समायोजित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। इसके अलावा सबसे मुख्य बात ये है कि उप्र में जो मदरसे यूपी बोर्ड या अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने के लिए मानक पूरे कर रहे हैं, वे मान्यता लेकर मदरसों का संचालन कर सकते हैं। इसको लेकर मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी किये गए हैं। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पांच सदस्यीय समिति बनाकर उन छात्रों का विद्यालयों में समायोजन करें, जो मानकों से इतर मदरसों में अध्ययनरत रहे हैं।

#### मासिक बैठक के सहारे तय होगा खाका

मदरसे के छात्रों को समायोजित कर जिलावार बैठकें होंगी। जिलाधिकारी मासिक बैठकों के सहारे छात्रों के भविष्य निर्धारण का खाका तैयार करेंगे। इसकी समीक्षा अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग करेगा।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण और जिलाधिकारियों को आदेश जारी किये गए हैं। उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि प्रदेश के जो मदरसे, विभिन्न मानकों के आधार पर यूपी बोर्ड/ सीबीएसई बोर्ड/आईसीएसई बोर्ड आदि से मान्यता प्राप्त करने के लिए अर्ह हैं। ऐसे मदरसे बोर्ड से मान्यता प्राप्त करके प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों का संचालन कर सकते हैं। जो इससे इतर हैं, उनका संचालन स्वतः समाप्त हो जाएगा। इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बेसिक, माध्यमिक में प्रवेश दिलाया जाए। इसको लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति भी बनाई जाए। इसमें मुख्य विकास अधिकारी के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को शामिल किया जाना है।

> मान्यता प्राप्त मदरसों के संचालन को लेकर मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी किये गए हैं। जिसमें उन्होंने कहा कि जो मदरसे जो यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड अथवा आईसीएसई बोर्ड की मानकता को पूरा करते हैं। वे उन बोर्डों से अनुमति अनुमति प्राप्त करके मदरसों का संचालन कर सकते हैं। दिये गए आदेशों में मदरसा शिक्षा परिषद के पूर्व छात्र और छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जानी तय की गई है।
> – **डॉ. प्रियंका अवस्थी,** रजिस्ट्रार, उप्र मदरसा बोर्ड

## स्वामी प्रसाद व संघमित्रा समेत 5 के खिलाफ गैर जमानती वारंट

लखनऊ, विधि संवाददाता





- संघमित्रा पर तलाक बिना दूसरी शादी का मामला
- मारपीट, धमकी व साज़िश के आरोपी नहीं हुए थे हाज़िर

**अमृत विचार :** बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने की कथित आरोपी सांसद संघमित्रा व मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोपी पूर्व सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या, नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला उर्फ़ चिंटू तथा रितिक सिंह कोर्ट में हाज़िर नहीं हो रहे थे। इसे गंभीर मानते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश श्रीवास्तव ने सभी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख़ तय की गई है। अदालत द्वारा आरोपियों के विरुद्ध भेजे गए सभी जमानती वारंट आदेश के पीछे पुलिस द्वारा चस्पा किया गया था कि वारंट की तामीला के लिए आरोपी के घर जब जाया गया तो वह नहीं मिले।अदालत ने कहा है कि जमानती वारंट की तामीला रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि अभियुक्तगण वारंट की तामीला से बच रहे हैं। अदालत ने सभी आरोपियों की उपस्थिति के लिए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है ।

पत्रावली के अनुसार यह मामला सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा, स्वामी प्रसाद मौर्या, उत्कृष्ट मौर्या, शिवा मौर्या,नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला एवं रितिक सिंह के ख़िलाफ़ दाखिल किया है। वादी ने बताया कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। कहा गया है कि संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया की संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक़ हो गया है लिहाज़ा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर लिया।

### सातवें अभियुक्त को भी मिली उम्र कैद की सजा

राजूपाल हत्याकांड

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** प्रयागराज के चर्चित पूर्व बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड के सातवें एवं अंतिम आरोपी इसरार अहमद को सीबीआई की विशेष न्यायाधीश कविता मिश्रा ने उम्र कैद के साथ एक लाख नब्बे हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। 29 मार्च को अदालत ने इसी मामले में आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुल हसन एवं फरहान को उम्रकैद की सजा सुनाई थी जबकि दोषसिद्ध आरोपी इसरार के अदालत में मौजूद न होने से कोर्ट ने उसकी हाजिरी माफी अर्जी को खारिज करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सोमवार को इसरार ने आत्म समर्पण किया था जिसे अभिरक्षा में लेने के बाद अदालत ने सजा के प्रश्न पर 4 अप्रैल को तलब किया था। विशेष लोक अभियोजक दीप नारायण एवं वादिनी पूजा पाल के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल तथा मिथिलेश चौधरी ने कोर्ट को बताया कि अभियुक्त ने अन्य के साथ मिलकर अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए विधायक राजू पाल एवं दो अन्य की हत्या कर दी थी तथा तीन को घायल कर दिया था।

## इरफान का टूटा सब्र, बोले- जानवर, जानवर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- पेशी पर आए सपा विधायक में पुलिस के खिलाफ दिखी नाराजगी
- तीन घंटे तक पुलिस लाइन में रखा गया तो भड़के इरफान
- आगजनी के मुकदमे में कोर्ट का फैसला पांचवीं बार टला

**अमृत विचार :** सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ गुरुवार को आगजनी मामले में कोर्ट का फैसला पांचवीं बार टल गया। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण के लिए अगली तिथि 6 अप्रैल निर्धारित की। पुलिस महाराजगंज जेल से सपा विधायक को लाई लेकिन उससे पूर्व करीब तीन घंटे तक उन्हें पुलिस लाइन में रखा गया। इस पर इरफान खासे नाराज नजर आए और मीडिया के सामने खुद की ओर इशारा करते हुए पांच बार जानवर, जानवर, जानवर कहा।

जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी जलाने के मामले में चार बार के सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, शौकत पहलवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ समेत अन्य आरोपियों को एमपीएमएलए सेशन न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में पेश किया गया। गुरुवार को कोर्ट का फैसला आना था जो टल गया। इससे पहले 14 मार्च, 19, 22, 28 मार्च को भी फैसला टाल दिया गया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सईद नकवी ने बताया कि कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण न होने के कारण कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि छह अप्रैल निर्धारित की है। बता दें कि शहर में इरफान सोलंकी के खिलाफ कुल 18 केस दर्ज हैं। वे 2007 में आर्यनगर और 2012, 17, 2022 में सीसामऊ से सपा के विधायक हैं।

## प्रेमिका के परिजनों ने युवक को बांधकर पीटा, जूतों की माला डाली, पेशाब पिलाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- घटना का वीडियो वायरल, आठ नामजद, 10 अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर, तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग से गुस्साए प्रेमिका के परिजनों ने युवक का अपहरण कर बांध कर पीटा। उसके गले में जूते-चप्पलों की माला डाली। इतना ही नहीं आरोपियों ने पेशाब और गटर का पानी भी पिलाया। आरोपियों ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में अगवानपुर निवासी युवक का अपहरण कर उसके साथ अमानवीय व्यवहार और मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध नामजद और करीब 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। युवक के पिता ने पुलिस को बताया है कि 30 मार्च दोपहर 2 बजे हजारा, पिंकू व शर्मा उर्फ राजेश ने उनके बेटे को फोन कर अगवानपुर रेलवे स्टेशन नई बस्ती के पास बुलाया था। बेटे के पहुंचने पर उन लोगों ने वहीं से उसका अपहरण कर लिया और अपने गांव नानकबाड़ी उर्फ गिन्नौर दे माफी थाना पाकबड़ा ले गए। वहां आरोपी हजारा का बेटा आकाश और पिंकू की पत्नी रजनी, अंबरशरी, कमल, अरविंद और अन्य कई लोगों ने उनके बेटे के हाथ-पैर बांधकर गले में जूते चप्पलों की माला डालकर पीटा। और पेशाब पिलाया। हाथ-पैर बांधकर शौचालय में ले जाकर गटर का पानी पीने को मजबूर किया।

> पुलिस वायरल हुए वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है। तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक युवती का पिता है। पूरा मामला प्रेम-प्रसंग का है। –**राम प्रसाद शर्मा,** थानाध्यक्ष, सिविल लाइंस

## बाबा तरसेम हत्याकांड: कत्ल की साजिश में चार गिरफ्तार

संवाददाता, खटीमा/नानकमत्ता

- आरोपियों के पास से दो कारें व दो मोबाइल फोन बरामद



**अमृत विचार :** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस को सफलता मिली है। बाबा की हत्या के लिए सुपारी देने वाले मास्टर माइंड और बाबा के करीबी सेवादार समेत चार साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। हत्या के एवज में दस लाख की सुपारी दी गई थी। इधर, पुलिस महानिदेशक ने दोनों शूटर्स पर इनाम राशि बढ़ाकर एक-एक लाख रुपये करने का ऐलान किया है।

डेरा कार सेवा प्रमुख की 28 मार्च की सुबह बाइक सवार दो सिखों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामले में दिलबाग सिंह, अमनदीप सिंह, हरमिंदर उर्फ पिंडी और बलकार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। हरमिंदर सिंह उर्फ पिंडी शाहजहांपुर के रणधीरपुर, बलकार सिंह पीलीभीत जिले के ग्राम बाधे कंजा का रहने वाला है। आरोपियों से दो कार तथा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

### 2024-25 के सत्र से 50 प्रतिशत रहेंगे दक्षता-आधारित प्रश्न

## सीबीएसई ने बदला 11वीं 12वीं का एग्जाम फॉर्मेट

नई दिल्ली, एजेंसी

- दीर्घ उत्तर सहित अन्य प्रश्न दस प्रतिशत घटकर रहेंगे 30 प्रतिशत

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2024-25 के शैक्षणिक सत्र से 11वीं और 12वीं की परीक्षा के प्रारूप में बदलाव करने की घोषणा की है। अधिकारियों का कहना है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से 11वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में दक्षता यानी कॉन्सेप्ट आधारित प्रश्न ज्यादा से ज्यादा शामिल किए जाएंगे। सीबीएसई अब अपना ध्यान पारंपरिक दीर्घकालिक प्रश्नों से हटाकर कॉन्सेप्ट वाले प्रश्नों पर केंद्रित करेगा। इसका मकसद यह पता लगाना है कि छात्र वास्तविक जीवन में पढ़े हुए अवधारणा (कॉन्सेप्ट) को कितना समझ पा रहा है।

सीबीएसई के अधिकारियों के अनुसार बहु विकल्प प्रश्न (एमसीक्यू), मामले-आधारित प्रश्न, स्रोत-आधारित एकीकृत प्रश्न या अन्य प्रकार के दक्षता-आधारित प्रश्नों का प्रतिशत 40 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि लघु और दीर्घ उत्तर सहित अन्य प्रश्नों का प्रतिशत 40 से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया है। सीबीएसई (अकादमिक) के निदेशक जोसेफ इमैनुअल ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार बोर्ड ने स्कूलों में दक्षता आधारित शिक्षा के कार्यान्वयन की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिसमें दक्षता के आधार पर मूल्यांकन और शिक्षकों तथा छात्रों के लिए अनुकरणीय संसाधनों का विकास शामिल है। उन्होंने कहा, बोर्ड एक ऐसा शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसका उद्देश्य रटने के विपरीत सीखने पर जोर देते हुए छात्रों की रचनात्मक सोच क्षमताओं को विकसित करना है ताकि वे 21वीं सदी की चुनौतियों से निपट सकें। इमैनुअल ने कहा कि बोर्ड शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए मूल्यांकन अभ्यास को एनईपी-2020 के साथ संरेखित करने के मद्देनजर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 9वीं और 10वीं की कक्षाओं के परीक्षा प्रारूप में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## सपा ने मेरठ से प्रधान की जगह सुनीता को दिया टिकट

**लखनऊ।** सपा ने मेरठ सीट पर फिर टिकट बदला है। वहां दूसरी बार उम्मीदवार बदलते हुए पार्टी ने नामांकन के अंतिम दिन अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बना दिया। गुरुवार को सपा के सिंबल के साथ पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता ने पर्चा भर दिया है। हालांकि अतुल प्रधान ने भी बुधवार को नामांकन कर दिया था। प्रधान से भी पहले अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया गया था।

टिकट कटने की सूचना मिलते ही प्रधान ने पार्टी छोड़ने की चेतावनी दे दी लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर निर्णय को स्वीकार कर लिया। गुरुवार को एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय है, वह स्वीकार है।

संस्कृति | लगभग 300 साल पहले कलाबाजी करते समय नट की हो गई थी मौत, उनके साथ जिंदा दफन हुई थी पत्नी

## परंपरा के लिए दफन किए जाते हैं हिंदुओं के शव

ऋषिदेव गंगवार/हिमांशु उपाध्याय, बिसौली (बदायूं)

- नट और उनकी पत्नी की याद में गांव के पास बनवाया सती मंदिर



सती मंदिर में स्थापित पति को गोद में लेकर बैठी महिला की मूर्ति।

**अमृत विचार :** तेजी से बदलते दौर में लोग अपनी परंपराओं और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने अपनी सामाजिक मान्यताओं और संस्कृति को जिंदा रखा है। हिंदू होने के बावजूद भुगोलिया नट जाति के लोग शवों का दाह संस्कार करने के बजाय दफनाते हैं। ऐसा वे अपनी परंपरा को जिंदा रखने के लिए करते हैं। ये लोग अपने पूर्वजों की समाधियों पर नियमित पूजा भी करते हैं।

राजस्थान के भूगोलिया नट उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बरेली, रामपुर, बदायूं समेत कई जिलों में डेरा डालकर रहते हैं। कलाबाजी के करतब दिखाना इनका पुश्तैनी पेशा है। कभी राजाओं, नवाबों ने इनकी कलाकारी देखकर जागीरें बख्शीश में दे डालीं जिसके चलते भुगोलिया नटों के पूर्वज कई गांवों के जमीदार भी रहे हैं। धीरे-धीरे जमींदारी चली गई। अब इन लोगों ने कलाबाजी करना बंद कर दिया है। ज्यादातर लोग मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। हिंदू होने के बाद भी वे शवों को दफनाते हैं।

### पति के साथ जिंदा दफन हुई थी, तभी बना सती मंदिर

भुगोलिया नटों के अनुसार शवों को दफनाने का रिवाज तकरीबन 300 साल पुराना है। बुजुर्गों ने बताया कि लगभग 300 साल पहले कलाबाजों को बहुत सम्मान की नजर से देखा जाता था। उनके पूर्वजों ने गांव में डेरा डाला था। उस समय बिसौली की रियासत पर नवाब दूदे खां की हुकूमत थी। एक कलाबाज नट की रस्सी से गिरकर मौत हो गई। उसकी पत्नी ने नवाब के समक्ष पति के साथ जीवित दफन होने की इच्छा जताई। महिला को समझाया गया लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। आखिरकार नवाब को महिला को पति के साथ दफन करने की इजाजत देखी पड़ी। महिला को उसके पति के साथ जिंदा दफना दिया गया। महिला व उसके पति की याद में करौली में सती मंदिर बनवाया गया। इस मंदिर में पति के शव को गोद में रखे महिला की मूर्ति है। भुगोलिया नट हर त्यौहार पर मंदिर में पूजा करते हैं। इसीलिए देश भर में भुगोलिया नटों में शवों को दफनाने की परंपरा कायम है।



**रमजान मुबारक**

**5 अप्रैल, इफ्तार**
सुन्नी- 6 बजकर 40 मिनट
शिया- 6 बजकर 46 मिनट

**6 अप्रैल सहरी**
सुन्नी- 4 बजकर 22 मिनट
शिया- 4 बजकर 28 मिनट
**नोट-** क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।




## मतदाताओं के लिए रोजगार का इंतजाम नहीं करा सके 'माननीय'
# राजनीति ने बंद करा दीं नवाबी दौर की 52 फैक्ट्रियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** चुनाव होते रहे लेकिन माननीय मतदाताओं के लिए रोजगार का कोई इंतजाम नहीं करा सके। रामपुर में नवाबी दौर की फैक्ट्रियां भी राजनीति का शिकार होती गईं और धीरे-धीरे बंद होती चली गईं। मजदूरों के पांच रुपये बढ़वाने के लिए रजा टैक्सटाइल्स में हड़ताल करा दी गई। इसके बाद मालिकों को फैक्ट्री बंद करनी पड़ी। इसके पीछे भी बड़ा राजनीतिक दांव खेला गया लेकिन, जनता नहीं समझ सकी।

चुनाव नजदीक आते ही मतदाताओं को रिझाने के लिए नेता पहुंच जाते हैं। चुनाव के दौरान लोगों के अह्म मुद्दों की बजाय जज्बाती तकरीरों का दौर शुरू हो जाता है। नेता चुनाव जीतकर संसद के सफर पर निकल जाते हैं और जनता के लिए रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा से कोई सरोकार नहीं रखते। रोजगार के मामले में रामपुर के


वीरान पड़ी रामपुर रजा टैक्सटाइल्स। ● अमृत विचार

हालात काफी बदतर हैं। बेरोजगार युवाओं को रोजगार की दरकार है। औद्योगिक क्षेत्र में कानपुर के बाद रामपुर का नाम आता था। रामपुर में सुबह-शाम फैक्ट्रियों की शिफ्ट छूटने के और शुरू होने के सायरन गूंजते थे। 1991 में रजा टैक्सटाइल्स बंद होने के बाद से रामपुर में रोजगार कम होते चले गए। इसके बाद चीनी मिल बंद होने से स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई। रजा टैक्सटाइल्स में 2500 कर्मचारी और रजा शुगर फैक्ट्री में 1168 कर्मचारी काम करते थे।

28 फरवरी 1939 को हिन्दुस्तान प्रोडक्ट्स बरेली से फ्रूट फैक्ट्री और गोविंद राम सेवा राम कंपनी कलकत्ता से तेल मिल की स्थापना के करार किए गए। इसके बाद रामपुर में कारखानों की होड़ लग गई। लेकिन, देखते ही देखते राजनीति के चलते फैक्ट्रियों को बंद कराने का सिलसिला शुरू हो गया। एक बार जो सिलसिला शुरू हुआ वह चलता ही गया। लेकिन, माननीयों ने रामपुर के युवाओं को रोजगार देने की कभी चिंता नहीं की। यहां के तमाम युवा खाड़ी देशों में मजदूरी कर रहे हैं।

### रामपुर में यह थीं प्राइवेट लि. फैक्ट्रियां

गोवन ब्रादर्स कंपनी लिमिटेड, जेपी श्रीवास्तव कंपनी, गोवन इंवेस्टमेंट कंपनी, रामपुर टैंट एंड आरमी इक्युपेमैंट कंपनी, रामपुर फाइनेंस कारपोरेशन, जेके रामपुर, जेके गैस प्लांट कंपनी, नाहीद सिनेमा कंपनी, रामपुर ट्रेडिंग कंपनी, जेके फूड प्रोडक्ट्स कंपनी, रामपुर कारबाइड कंपनी, राकपुर कंसट्रक्शन कंपनी, दि मिल स्टोर कंपनी, ज्वाला प्रसाद राधा कृष्ण कंपनी, कर्मचंद थापर एंड ब्रादर्स कंपनी, रामपुर टिम्बर एंड टर्नरी कंपनी, रामपुर ग्लास वर्क्स कंपनी, मेवा कंपनी।

### रामपुर रियासत में यह थे कुटीर उद्योग

विभिन्न डिजाइनों में कपड़ा बुनना, मोजा बुनना, कागज बनाना, दरी बनाना, चाकू और सरौता बनाना, कालीन बनाना, रेशमी छपाई और ढलाई।

"रियासत काल में 1936 के बाद रामपुर में फैक्ट्रियां लगनी शुरू हुईं। छोटी बड़ी 52 फैक्ट्रियों में लोग काम करते थे। रामपुर के अलावा बिहार, बंगाल और आसाम से मजदूर बुलाए गए थे। कानपुर के बाद रामपुर का नाम औद्योगिक क्षेत्र में लिया जाता था। रामपुर के लोगों के लिए रोजगार की बहुत जरूरत है। यहां फैक्ट्रियां लगवाई जाएं। तमाम फैक्ट्रियों की जगह खाली पड़ी हैं।
**-नफीस सिद्दीकी,** वरिष्ठ इतिहासकार

### नवाब रजा अली खां के दौर में लगीं फैक्ट्रियां और उनकी लागत

| फैक्ट्री का नाम | वर्ष | फैक्ट्री पर आई लागत |
|---|---|---|
| रजा शुगर फैक्ट्री | 1933 | 30 लाख रुपये |
| बुलंद शुगर फैक्ट्री | 1935 | 25 लाख रुपये |
| रामपुर मेज फैक्ट्री | 1942 | 20 लाख रुपये |
| रामपुर डिस्टलरी | 1942 | 50 लाख रुपये |
| रजा टेक्सटाइल्स | 1938 | 60 लाख रुपये |
| रजा टेक्सटाइल डिस्ट्रीब्यूटिंग कंपनी | 1945 | 05 लाख रुपये |
| रजा बिस्किट एंड कैनिंग कंपनी | 1944 | 10 लाख रुपये |
| रामपुर टैंट एंड क्लाथिंग कंपनी | 1944 | 10 लाख रुपये |
| डान माचिस फैक्ट्री | 1937 ई. | 04 लाख रुपये |
| रामपुर इंडस्ट्रीज कंपनी | 1939 | 10 लाख रुपये |
| सिविल इंड मिलिट्री कोआपरेटिव स्टोरी | 1941 | 50 हजार रुपये |
| रफअत आइस फैक्ट्री | 1941 | 80 हजार रुपये |
| रामपुर मशीन टूल्स एंड इंजीनियरिंग कंपनी | 1943 | 10 लाख रुपये |
| रामपुर डेरी फार्म लि. | 1944 | 08 लाख रुपये |
| जेके रबड़ मैन्युफैक्चरिंग | 1941 | 05 लाख रुपये |

## अधिकारियों ने संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

**केमरी, अमृत विचार :** गुरुवार को संवेदनशील तथा अति संवेदनशील बूथों का सीओ रविंद्र प्रताप सिंह तथा बीडीओ राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से थाना प्रभारी सत्येंद्र यादव के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए सीओ तथा बीडीओ ने संवेदनशील और अति संवेदनशील ग्राम पंचायत कोटरा, रहसेना, चकिया हयातनगर, सिमरिया, सुहागनगला, राजकीय इंटर कॉलेज केमरी तथा कस्बे के मोहल्ला सिंघाड़ियान में बूथों का निरीक्षण किया। बूथो पर चल रहे काम को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि बूथों पर किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। संबंधित अधिकारी व कर्मचारी बूथों पर अभी से कमियों को दूर कर लें। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**'अमृत विचार' आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

**शहर में आज**



☞ मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में संतोषी माता की पूजा-अर्चना प्रात: 6:30 बजे।

☞ तुरैहा मछुआ समाज के तत्वावधान में महाराजा निषाद जयंती बाबा लक्ष्मण दास की समाधि पर पूर्वाह्न 11 बजे।

# कानून ताक पर रखकर दौड़ा रहे वाहन
## एक बाइक पर सवार होते हैं चार लोग, जान की भी नहीं परवाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर में मौजूदा समय में यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। दो पहिया वाहन सवार यातायात के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। शहर में रोजाना सैकड़ों की संख्या में ऐसे दोपहिया वाहन चालक निकलते हैं जो हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा बाइक पर चार लोग सवार होते हैं। इसके कारण आए दिन दो पहिया वाहन सवार हादसों का शिकार हो रहे हैं।

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस सतर्क है। पूरे-पूरे दिन अधिकारी चुनाव से संबंधित कागजी कार्रवाई करने में लगे हैं। दो पहिया वाहन चालक इसका फायदा उठा रहे हैं। हाईवे से लेकर गली-मोहल्लों तक में लोग दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। इसी के


नियमों को ताक पर रखकर बाइक पर बैठकर जाते चार लोग। ● अमृत विचार

▸▸ लापरवाही के कारण सड़क हादसों में जा रही दो पहिया वाहन सवारों की जान

▸▸ चालान के बाद भी यातायात के नियमों का पालन नहीं कर रहे लोग

चलते इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। शहर में अधिकांश दो पहिया वाहन चालक यातायात के नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। अधिकांश लोग हेलमेट नहीं लगा रहे हैं जबकि हेलमेट लगाने के बाद बाइक पर चार-चार लोग सवार होते हैं। चालान के बाद भी लोग यातायात के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। कुछ तो पत्नी और तीन बच्चों को बाइक पर बैठाकर ले जाते हैं। इन लोगों को परिवार की जान की जरा भी परवाह नहीं है।

"बिना हेलमेट के चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। रोजाना चालान भी काटे जा रहे हैं। आगे भी अभियान जारी रहेगा।
**-विजेंद्र सिंह,** टीआई

### पुलिस भी देखती रहती है तमाशा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस चुनाव को शांतिपूर्ण तरह से निपटाने की तैयारी में है। कुछ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी कुछ मुख्य चौराहों पर लगा दी गई है ताकि हाईवे पर जाम न लग सके। इस दौरान वह बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों का चालान भी काट सके। लेकिन यह पुलिसकर्मी चौराहे पर बैठकर तमाशा देखते रहते हैं। बिना हेलमेट वालों का चालान काटने का प्रयास तक नहीं करते। इनकी लापरवाही की वजह से रोजाना हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी सुधर नहीं रहे हैं।

## बाल विकास परियोजना अधिकारी को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के तहत जिले में बनाए गए मतदेय स्थलों पर चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने तहसील शाहबाद क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। लापरवाही बरतने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी को नोटिस दिया गया। ग्राम किरा का आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिलने पर कार्यकत्री का मानदेय रोक दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पटवाई में तैनात स्थाई निगरानी टीम द्वारा की जा रही चेकिंग प्रक्रिया का जायजा लिया। चेक किए गए वाहन एवं चेकिंग के दौरान आयोग के मानकों के अनुपालन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय किरा (द्वितीय) के प्रधानाध्यापक से विद्यालय में पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष उपस्थिति एवं मध्याह्न भोजन के बारे में पूछा। मध्याह्न भोजन की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर नाराजगी जताते हुए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए कि वह लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत सभी जरूरी प्रबंध कराने के साथ ही विद्यालयों के नियमानुसार संचालन के दौरान आने वाली कमियों को भी दूर कराना सुनिश्चित करें। प्राथमिक विद्यालय किरा परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भी बंद मिला। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री का मानदेय रोकने तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी को पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।


स्कूल में जानकारी लेते जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

### केंद्र प्रभारियों को दिए अभिलेख दुरुस्त रखने के निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी विकास खंड कार्यालय शाहबाद परिसर में स्थित मतदेय स्थलों पर भी पहुंचे। वहां मॉडल बूथ तैयार कराने के संबंध में एसडीएम को जरूरी निर्देश दिए। नवीन मंडी परिसर शाहबाद में गेहूं खरीद को लेकर बनाए गए केंद्रों पर केंद्र प्रभारियों को जरूरी अभिलेख दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने एसडीएम शाहबाद को निर्देश दिए कि वह मतदान केंद्रों का निरीक्षण करके रिपोर्ट प्रेषित करें। समय-समय पर मंडी परिसर का भी निरीक्षण करते रहें। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन और एसडीएम शाहबाद सुनील कुमार मौजूद रहे।

**एक नजर**

### ईदगाह की कराई गई सफाई

**रामपुर, अमृत विचार :** ईद उल फितर को लेकर पालिका प्रशासन ने ईदगाह में सफाई कराई। यहां काफी बड़ी घास हो गई थी, उसकी कटाई कराई जा रही है। कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न हो। इसके बाद उन्होंने सुपरवाइजर को भी तलब किया। उन्होंने ईदगाह के तीनों गेट और आसपास की गलियों में चूना डलवाने के निर्देश दिए।

### रंगदारी न देने पर दी धमकी

**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वालानगर वैद्य की धर्मशाला के पास सुबहान की दूध की डेयरी है। उन्होंने सिविल लाइंस पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि ज्वालानगर निवासी आशु गुप्ता खुद को भाजपा का नगराध्यक्ष बताता है। वह डेरी पर आकर पैसों की मांग कर रहा है। जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। पीड़ित ने पुलिस से जान-माल सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## आपत्तिजनक वस्तुओं की धरपकड़ करें तेज

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है। स्वार एसडीएम अवनीश कुमार ने काशीपुर स्थित आईटीआई थाने में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सुझाव देते हुए दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम अवनीश कुमार के नेतृत्व में बुधवार की शाम आईटीआई थाने में बैठक हुई। इसमें एसडीएम ने अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रखते हुए उन्हें पाबंद करने के निर्देश दिए। कहा कि उत्तराखंड-यूपी सीमा पर रोजाना वाहनों की चेकिंग का अभियान तेज करते हुए नशीले


काशीपुर के आईटीआई थाने में पुलिस अधिकारियों के साथ मंत्रणा करते एसडीएम अवनीश कुमार और सीओ संगम कुमार। ● अमृत विचार

पदार्थ, शराब व अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं की धरपकड़ तेज की जाए। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा भी की गई। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए अधिकारियों की तरफ से सुझाव भी दिए गए। एसडीएम अवनीश कुमार ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना पुलिस-प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सीओ स्वार संगम कुमार, स्वार कोतवाली प्रभारी संदीप त्यागी और काशीपुर सीओ अनुषा बडोला, आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी मौजूद रहे।

# रेलवे लाइन बिछने से लगेंगे विकास को पंख

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** आजादी के बाद से स्वार-टांडा क्षेत्र रेलवे लाइन के लिए तरस रहा है। रेलवे लाइन से टांडा का चावल और स्वार का मिर्च कारोबार उड़ान भर सकेगा। चुनाव से पूर्व जनता को खुश करने के लिए माननीय रेलवे लाइन बिछने की बात कहकर तालियां बटोरते हैं। यह 1952 के लोकसभा चुनाव से हो रहा है। लेकिन, हकीकत जुदा है। विश्व प्रसिद्ध टांडा का चावल उद्योग दम तोड़ रहा है। स्वार में पीली मिर्च की खेती भी खत्म होने के कगार पर है। यदि रेलवे लाइन बिछ जाए तो स्वार और टांडा में रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। विदेशों को भेजे जाने वाला चावल सीधे एयरपोर्ट और जलयान तक पहुंचेगा।

जन प्रतिनिधियों द्वारा जनता की उपेक्षा को लेकर लोगों में जबरदस्त गुस्सा है। क्षेत्र में कोई फैक्ट्री लगनी चाहिए। ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। स्वार-टांडा क्षेत्र विकास में पिछड़ा है। जनप्रतिनिधि चुनाव के समय जनता से वादे तो करते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद पलटते तक नहीं है। जनता को विकास के नाम पर ठगा गया है। अब जनता ऐसे लोगों के बहकावे में आने वाली नहीं है। लोग कहते हैं कि ऐसा सांसद चुनेंगे जो विकास भी करा सके। स्वार-टांडा में रेलवे लाइन बिछवा सके। लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हर समय उपलब्ध रहे। ऐसे प्रत्याशी को मतदान करेंगे जो जनता का हमदर्द होने के साथ ही हमारी बेहती के लिए काम करें। अमृत विचार ने बातचीत में मतदाताओं ने स्पष्ट कहा कि हम सांसद उसी को चुनेंगे जो स्वार-टांडा की जनता के हक में काम कर सके।



"कोई नेता हमें नहीं पूछता सिर्फ वादे करके निकल जाते हैं। इस बार ऐसे प्रत्याशी को चुनेंगे जो हमारे लिए कुछ कर सके।
**- अनवर अली**
नगराध्यक्ष व्यापार मंडल



"सांसद ऐसा होना चाहिए जो क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे। ऐसे प्रत्याशी को वोट करेंगे जो उनके हित की बात करेगा।
**- डा. बाकर अली**
अध्यक्ष, मेडिकल एसोसिएशन



"सांसद ऐसा होना चाहिए जो सरकार की योजना का निष्पक्ष रूप से जनता को लाभ दिलाएं। तभी स्वार-टांडा की जनता की समस्याओं का समाधान होगा।
**- अजेन्द्र राठौर**



"चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधि के पास न तो समय होता है और न ही समाधान। इसलिए जन-जन की समस्याएं सुनने वाले सांसद को ही चुनेंगे।
**- शिव औतार सक्सेना**

**कवायद** एसई ने दिए बिजलीघरों में व्यवस्था सुधारने के निर्देश, 87 बिजलीघरों की आपूर्ति 24 घंटे रहेगी सुचारू

# चुनाव में निर्बाध बिजली देने को निगम ने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गर्मी अब चरम पर है। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव भी नजदीक हैं। ऐसे में प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके लिए बिजली निगम को भी सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि मतदान व मतगणना में किसी भी तरह से बिजली बाधित न हो।

जिले के सभी 87 बिजलीघरों में कर्मचारियों से बिजली को सुचारू रखने के लिए कहा गया है। निर्देश दिए गए हैं कि 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने के साथ ही जिस मोहल्लें में भी तार टूटे और ट्रांसफार्मर में खराबी है, उसे जल्द बदलवा दिया जाए। चुनाव में अक्सर मतदान स्थलों पर बिजली गुल


पहाड़ी गेट स्थित जर्जर तार को सही करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

होने की आशंका रहती है। इससे मतदान कर्मियों को तो परेशानी होती है, गर्मी में मतदाताओं को भी काफी परेशानी उठानी पड़ती है। बिजली जाने से कतारों में खड़े मतदाता पसीना बहाते हुए अपने प्रत्याशी के हक में वोट डालते हैं। मतदाताओं की परेशानी को देखते हुए इस बाद बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने सभी बिजलीघरों में 24 घंटे आपूर्ति देने के लिए कहा है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि शहर के 43 वार्डों में कहीं भी यदि खंभे में कोई दिक्कत हो, तार टूटे हों या ट्रांसफार्मर में कोई परेशानी हो तो उसे तत्काल सही कराएं। जिससे चुनाव के दौरान किसी भी तरह की परेशानी न हो। मतदान के दिन सुबह से ही सभी कर्मचारियों के अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि सभी बिजलीघरों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।

### लोकसभा चुनाव में 1000 सफाईकर्मी करेंगे डयूटी

19 अप्रैल को जनपद में मतदान होना है। इसके तहत प्रशासन हर पहलू पर तैयारी करने में जुटा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों को भी चुनाव में डयूटी करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। इसके तहत लगभग 1000 सफाई कर्मियों को तैनात किया है।

"लोकसभा चुनाव को देखते हुए बिजली आपूर्ति को 24 घंटे सुचारू करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए समस्त एक्सईएन को निर्देशित किया है कि जिन तारों, बिजलीघरों में खराबी है तो उसे जल्द ही पूरा कराया जाए।
**-वीके आर्या,** अधीक्षण अभियंता

## नरेश अध्यक्ष और रमेश कुमार बने जिला महामंत्री

**रामपुर, अमृत विचार :** हाइड्रो इलेक्ट्रिक इंप्लाइज यूनियन की बैठक कार्यालय पर हुई। इसमें हरि बहादुर सक्सेना प्रांतीय उपाध्यक्ष, मोहम्मद अली खां जोनल अध्यक्ष द्वारा मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इसमें नरेश कुमार मौर्य जिलाध्यक्ष, रमेश कुमार यादव जिला महामंत्री, अजय कुमार को कार्यवाहक अध्यक्ष, सुरेश कुमार मौर्य, सईद अख्तर, सरोज यादव, कृष्ण पाल को उपाध्यक्ष, धीर सिंह, अभिषेक नामदेव, शोभित सक्सेना को संगठन मंत्री, ताराचंद योगी को प्रचार मंत्री व रमेश सैनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। नासिर खां, ताराचंद योगी, तन्मय सक्सेना, दिलीप मौर्य, विशाल कश्यप, वेद प्रकाश, राजेंद्र कुमार, राकेश सागर, नरेश कुमार दिवाकर, डीडी यादव आदि शामिल रहे।

# मानव श्रृंखला से करेंगे मतदाताओं को जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने व शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से शुक्रवार को मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। इसलिए सभी विद्यालयों के अध्यापक मतदान से संबंधित स्लोगन, फेस पेंटिंग, पोस्टर आदि लेकर बच्चों के साथ नियत स्थान पर खड़े होंगे। मानव श्रृंखला प्रभारी अधिकारियों को रूट चार्ट के बारे में समझाया गया। उन्हें रूट चार्ट की प्रति भी दी गई। मतदान के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई गई।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज में मतदाता जागरुकता



मतदाता जागरुकता के दौरान शपथ लेते अधिकारी और कर्मचारी। ● अमृत विचार

▸▸ मतदान करने के उद्देश्य से ही मानव श्रृंखला का किया जाएगा निर्माण : अली

के लिए मानव श्रृंखला के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक हुई। उन्होंने विद्यालय प्रभारियों को मानव श्रृंखला को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार, खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार, अशोक कुमार, राजेंद्र बोरा, प्राचार्य शारीरिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय जमील अहमद, प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज संगीता गुप्ता, डायट प्रवक्ता दिवाकर यादव, तृप्ति माहौर आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अब्दुल्ला के दो पासपोर्ट मामले में सुनवाई आठ को

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में अब आठ अप्रैल को सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट रखने का मुकदमा दर्ज कराया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। अभियोजन की ओर से गवाही पूरी हो चुकी है। बुधवार को इस मामले में सुनवाई होनी थी। लेकिन बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र आ गया। गुरुवार को गवाह नहीं आया। इसके कारण उनके अधिवक्ता ने अगली तारीख के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अब इस मामले में आठ अप्रैल को सुनवाई होगी।

### डूंगरपुर के मामले में टली सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में पत्रावली बहस में लगी थी। लेकिन इस पर गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में दस अप्रैल को सुनवाई होगी। डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर 2019 में घरों में घुसकर तोड़फोड़, लूटपाट का आरोप लगाते हुए 12 मुकदमे दर्ज कराए गए थे। इस मामले में आजम खां सहित कई सपाइयों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में हो रही है। इस मामले की पत्रावली बहस में लगी थी। लेकिन गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 10 अप्रैल को सुनवाई होगी।

### फसल बर्बाद करने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** ग्राम महेबा निवासी नन्हीं और मंजू ने गांव के ही सत्यवीर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि आरोपी ने उनके खेत में केमिकल डालकर आठ बीघा गेहूं की फसल बर्बाद कर दी। कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि गुरुवार को नन्हीं की तहरीर के आधार पर आरोपी सत्यवीर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### शांतिभंग में किया चालान

**सैफनी, अमृत विचार :** गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम चमरोल निवासी फूलजहां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव निवासी भूरा बच्चों को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शांतिभंग करने की आशंका के चलते भूरा का चालान कर दिया है।

# आजम के परिवार समेत 12 पर आरोप तय

## किसानों की जमीन कब्जाने के 22 मामलों में लेखपाल और तत्कालीन एसओ भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


आजम खां | अब्दुल्ला आजम | डा. तंजीन फात्मा | आले हसन | कुशलवीर | नसीर खां | अदीब आजम

**अमृत विचार :** किसानों को डरा-धमकाकर उनकी जमीन कब्जाने के मामले में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, रिटायर्ड सीओ आलेहसन, एसओ कुशलवीर, पूर्व विधायक तंजीन फात्मा, पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, निकहत अखलाक, जकी उर्ररहमान सिदद्की, मुश्ताक अहमद सिदद्की, फसीह जैदी और लेखपाल आनंदवीर सिंह पर तीन मामलों में आरोप तय किए हैं। चमरौआ विधायक नसीर खां और आनंदवीर कोर्ट में पेश हुए। जबकि, बाकी सभी वीसी के जरिए पेश हुए। अब इस मामले में 18 अप्रैल को सुनवाई होगी।

सपा शासनकाल में सपा नेता आजम खां ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट जौहर विश्व विद्यालय का निर्माण कराया था। अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय की तर्ज पर मोहम्मद अली जौहर विश्व विद्यालय बनवाया गया था। सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने आजम खां और सपाइयों की घेराबंदी कर दी थी। इसमें जौहर ट्रस्ट के पदधिकारियों को भी घेरा गया था। इस दौरान आलियागंज के काफी किसानों ने 2019 में अजीमनगर थाने में तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि पूर्व सांसद आजम खां ने सपा की सरकार में उनकी जमीन का बैनामा कराने का दबाव बनाया था।

बैनामा नहीं कराने पर तत्कालीन सीओ आलेहसन ने उन्हें अजीमनगर थाने में बंद कर दिया था। झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी थी। इसके बाद जमीन को जौहर यूनिवर्सिटी में मिला लिया गया था। इसकी चारदीवारी भी करा दी गई थी। ग्रामीणों ने जब अपनी जमीन पर जाने का प्रयास किया तो उन्हें डरा धमकाकर भगा दिया गया था। उन्होंने मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी। इसके बाद तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिए थे। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। गुरुवार को किसानों से जुड़े 22 मामलों में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट के पीठासीन अधिकारी शोभित बंसल ने सभी 12 आरोपी सपा नेता आजम खां, आलेहसन, कुशलवीर, तंजीन फात्मा, अब्दुल्ला, अदीब आजम, निकहत अखलाक, जकी उर्ररहमान सिदद्की, मुश्ताक अहमद सिदद्की, फसीह जैदी और लेखपाल आनंदवीर सिंह पर आरोप तय कर दिए। आनंदवीर पर तीन मामलों में आरोप तय हुए हैं। अब इस मामले में 18 अप्रैल को गवाह को तलब किया गया है।

### बढ़ती जा रहीं आजम के परिवार की मुश्किलें

सपा नेता आजम खां और उनके परिवार की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। आजम खां, डॉ. तंजीन फात्मा और अब्दुल्ल आजम खां दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में सजा काट रहे हैं। अब उनके बड़े बेटे अदीब आजम और बहन निकहत अखलाक भी कोर्ट में फंसती चली जा रही हैं। किसानों की जमीन कब्जाने के मामले में उन पर भी आरोप तय हो गए हैं। इसमें तत्कालीन एसओ कुशलवीर भी शामिल है।

### इन लोगों ने दर्ज कराए थे मुकदमे

इस मामले में गुल्लन, जाकिर, नूरआलम, रेशमा, नासिर, शरीफ, राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार, मोहम्मद रफीक, बंदे अली, नब्बू, यासीन, कल्लन, जुम्मा, आलिम, मतलूब, नजाकत, अबरार, नामे अली, आमिर, शरीफ, अमीर आलम ने मुकदमे दर्ज कराए थे।

> किसानों की जमीन जबरन कब्जाने के मामले में कोर्ट ने 22 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। दो आरोपियों के अलावा सभी आरोपी वीसी के जरिए पेश हुए। लेखपाल आनंदवीर पर तीन मुकदमों में आरोप तय हुए हैं। अब इस मामले में 18 अप्रैल को सुनवाई होगी। **-अमर नाथ तिवारी,** वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी

**▶▶ अब 18 अप्रैल को होगी इस मामले की सुनवाई**

# ट्रेन में साथियों से बिछड़ा रेलवे में मजदूरी करने गया युवक

संवाददाता, मिलक

**▶▶ पत्नी ने ठेकेदार से अपने पति की बरामदगी की लगाई गुहार**

**▶▶ अंबाला के खन्ना रेलवे स्टेशन पर करने गया था मजदूरी**



**अमृत विचार :** ठेकेदार व साथियों के साथ रेलवे में मजदूरी करने गया युवक ट्रेन में बिछड़ गया। इसके बाद ठेकेदार व साथियों में खलबली मच गई। मजदूर की पत्नी ने ठेकेदार से अपने पति की बरामदगी की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के पुरैनिया जदीद का मझरा कंचनपुर गांव निवासी इंद्रजीत 30 मार्च की शाम सिंगरा गांव निवासी ठेकेदार सिमरनजीत सिंह के साथ अम्बाला के खन्ना रेलवे स्टेशन पर मजदूरी करने गया था। उसके साथ गांव के ही दो व सिंगरा गांव के छह मजदूर भी थे। रेलवे स्टेशन से रात करीब साढ़े नौ बजे सभी ट्रेन में सवार हो गए। 31 मार्च को सुबह छह बजे ट्रेन खन्ना स्टेशन पर पहुंच गई। इस दौरान साथियों ने इंद्रजीत को ट्रेन से उतरने को कहा। आंखें मलते हुए वह ट्रेन से नीचे उतर गया, लेकिन उसकी चप्पलें ट्रेन में ही छूट गईं। चप्पल उठाने के लिए वह पुनः चलती ट्रेन में चढ़ गया। इस बीच ट्रेन ने रफ्तार पकड़ ली। ठेकेदार व साथी उसे आवाज देते ही रह गए। ठेकेदार और साथियों ने शाम तक इंद्रजीत की राह देखी लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। तब ठेकेदार ने घटना की सूचना इंद्रजीत के परिजनों को दी। दो दिन बीत जाने के बाद भी इंद्रजीत न तो घर पहुंचा और न ही खन्ना रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य स्थल पर आया।

सात दिन से इंद्रजीत के लापता होने पर परिवार में कोहराम मचा है। इंद्रजीत की पत्नी ठेकेदार व अन्य मजदूरों से पति की बरामदगी की गुहार लगा रही है। गुरुवार को हुई पंचायत में ठेकेदार द्वारा इंद्रजीत को तलाश करने का आश्वासन दिया गया है।


गंज पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

# पुलिस ने तमंचा फैक्ट्री पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गंज पुलिस ने केमरी रोड के पास एक जंगल में छापा मारकर तमंचा बनाने की फैक्ट्री के साथ एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस को मौके से दो देशी रिवाल्वर, दो देशी तमंचा, एक अधबना तमंचा, तीन अधबनी रिवाल्वर, आठ अधबनी नाल, एक खोखा कारतूस 12 बोर और शस्त्र बनाने के उपकरण मिले हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

लोकसभा चुनाव में पुलिस अलर्ट है। इसी के चलते गुरुवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि केमरी जाने वाले रोड के किनारे आम के बाग में बनी खंडहरनुमा कोठरी में तमंचा बनाने की फैक्ट्री चल रही है। इस पर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को देखते ही आरोपी भगाने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी फिरासत निवासी तालाब निहालुद्दीन थाना गंज का रहने वाला है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसका चालान कर दिया गया है।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने भाजपाइयों को दिया जीत का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जनप्रतिनिधियों की बैठक में बोलते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने गुरुवार को भाजपाइयों को जीत का मंत्र देकर ऊर्जा भरी। कहा कि 19 अप्रैल को जिले में मतदान होगा। हमारे पास 15 दिन बाकी हैं। सभी जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में लोगों के बीच जाना है। ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क करना है। अपने क्षेत्र में चिह्नित किए गए लाभार्थियों से संपर्क भी करें। चाहे वह किसान हों जो किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हों, चाहे वह लोग हों जो प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हुए हैं।

अजीतपुर बाईपास स्थित बैंक्वेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना और जिले के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर का भाजपाइयों ने स्वागत किया। वित्त मंत्री ने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में चिह्नित किए गए लाभार्थियों से संपर्क करें। उन्हे कहीं न कहीं भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं का लाभ पहुंच ही रहा है। चाहे वह मुफ्त अनाज की सुविधा हो या कोरोना के समय में लगी वैक्सीन। हमें उन्हें अपनी योजनाओं के बारे में याद दिलाना है। इन्हीं योजनाओं के दम पर वोट मांगना है। समाज के सभी लोगों से जाकर मिलेंगे, बात करेंगे तो निश्चित ही वह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को वोट करेंगे। इसके बाद जेपीएस राठौर ने कहा कि जिस क्षेत्र के वह जनप्रतिनिधि हैं उन्हें अपने क्षेत्र के सभी बूथों को जिताना है। प्रत्येक बूथ में हमें अपना मतदान प्रतिशत भी बढ़ाना है। यह सुनिश्चित करना उन जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि चाहे वह विधायक हों, जिला पंचायत अध्यक्ष हों, ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी सदस्य हो या फिर प्रधान ही क्यों न हो। सभी को अपने क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाना है और अपने बूथ को जिताना है। जब सभी जनप्रतिनिधियों का बूथ जीतेगा तो हम पूरी लोकसभा को जीतेंगे। हमारे प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी दोबारा सांसद बनेंगे। यह सुनिश्चित करना आप सभी की जिम्मेदारी है।

### कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, शहर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक-शाहबाद विधायक राजबाला, स्वार विधायक शफीक अहमद अंसारी, ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख, अर्चना गंगवार, हरीबाला यादव, नगरपालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, दिनेश गोयल, जिला पंचायत सदस्य संजय यादव, टेकचंद गंगवार, कृष्ण अवतार लोधी, बैंक चेयरमैन मोहनलाल सैनी, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, अली यूसुफ अली, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, विधानसभा प्रभारी संयोजक भारत भूषण गुप्ता, सुरेश बाबू गुप्ता, चंद्र प्रकाश शर्मा, सौरभ लोधी, रोहतास मौर्य, जागेश्वर दयाल दीक्षित, दिलीप अरोड़ा, विवेक पांडेय, जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, हरीश गंगवार, रविंद्र सिंह रवि, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पारुल अग्रवाल, रघुवीर सिंह, ऋषि पांडेय, ऋषभ ठाकुर आदि मौजूद रहे।

**▶▶ जनप्रतिनिधियों का बूथ जीतेगा तब हम जीतेंगे लोकसभा सीट : सुरेश**

**▶▶ लोगों तक पहुंच रहा भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ**

# लखनऊ एयरपोर्ट से फरार सोना तस्करों की तलाश में जांच एजेंसी के टांडा पहुंचने की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/टांडा

**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत से फरार हुए 30 आरोपियों के तार टांडा से जुड़े हैं। एयरपोर्ट के सहायक आयुक्त द्वारा मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद अब सम्बंधित आरोपी नगर से भी फरार हैं। गुरुवार को फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को टीमों के नगर में पहुंचने की सूचना के चलते आरोपियों के पुरुष परिजन भी घरों से इधर-उधर हो गए।

सोना तस्करी को लेकर टांडा दूर तक चर्चाओं में है। यहां के कुछ बड़े लोगों ने मामूली पैसों का लालच देकर युवाओं को भी इस धंधे में धकेल दिया है। उनके पकड़े जाने पर खुद मामले की पैरवी में लग जाते हैं। यहां के कई युवक पहले भी ग्वालियर, लखनऊ, मुंबई, हैदराबाद, बरेली, दिल्ली और गाजियाबाद आदि स्थानों पर पकड़े जा चुके हैं। अब लखनऊ एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में एक साथ पकड़े जाने और फिर कस्टम अधिकारियों को धक्का देकर फरार होने के मामले के बाद जहां आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका है, वहीं उनके परिवार के पुरुष एवं उन्हें धंधे में धकेलने वाले सफेदपोश भी अपने घरों से इधर-उधर हो गए हैं। नगर के करीब तीन दर्जन युवक लखनऊ हवाई अड्डे पर सोना व सिगरेट की तस्करी के शक में पकड़े गए थे। इस दौरान अचानक एक आरोपी की हालत खराब हो गई। इससे कस्टम अधिकारी भी घबरा गए। इसी का फायदा उठाकर 36 में से 30 आरोपी (जिनके पास बड़ी मात्रा में सोना था) मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। सहायक आयुक्त द्वारा फरार आरोपियों के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद आनन-फानन में टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रवाना किया गया।

### कार्रवाई न होने से बढ़ते गए हौसले

सोना तस्करी में लगे युवकों और उनके संरक्षकों की स्थानीय पुलिस को भलीभांति जानकारी है। कई बार स्थानीय पुलिस युवकों एवं इसमें शामिल बड़े लोगों को उठाकर थाने भी ला चुकी है। यह अलग बात कि उन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। कार्रवाई न होने से इन लोगों के हौसले बढ़ते गए। नतीजतन शुरू में जहां गिने चुने लोग ही सोना तस्करी एवं सिगरेट आदि के धंधे में शामिल थे, वहीं अब उनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोना तस्करी को लेकर टांडा दूर तक बदनाम हो चुका है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच होगी अलविदा जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**▶▶ शरारती तत्वों पर ड्रोन कैमरे से रखी जाएगी नजर**

**▶▶ सोशल मीडिया की भी की जा रही है मॉनीटरिंग**

**अमृत विचार :** अलविदा जुमे की नमाज को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी जाएगी। इस दौरान अधिकारी स्थिति का जायजा लेंगे।

अलविदा जुमा और ईद की नमाज को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने कड़े निर्देश दिए हैं। इसके चलते पुलिस सतर्क है। पुलिस अधिकारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर रहे हैं। अलविदा जुमा की नमाज के मद्देनजर अतिरिक्त सर्तकता बरती जा रही हैं। शासन के आदेशानुसार मस्जिदों के अंदर ही नमाज पढ़ी जाएगी। अगर कोई शरारत करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नमाज के मद्देनजर सभी थानेदारों को अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस ने शरारती तत्वों से निपटने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए है। शरारती तत्वों की टोह लेने के लिए पुलिस ड्रोन से निगरानी करेगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर है। सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग की जा रही है। सोशल मीडिया पर भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इससे पहले काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने बताया कि अलविदा जुमा की नमाज जामा मस्जिद, ईद की नमाज ईदगाह के अंदर होगी। सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी।

# एकजुट रहकर पार्टी के लिए करें काम : धर्मपाल

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि अगर हमारा बूथ मजबूत होगा तो हम 400 के पार आसानी से पहुंच जाएंगे। उन्होंने बूथ स्तर के सभी पदाधिकारी से एकजुट रहकर पार्टी के लिए काम करने को कहा।

खौद स्थित एक मैरिज हॉल में गुरुवार को चमरौआ बूथ सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने बूथ के सभी कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। कहा कि अगर हमारा बूथ मजबूत होगा तो हम 400 के पर पहुंचने में सफल हो जाएंगे। हर वर्ग के व्यक्ति से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत किया।


बूथ सम्मेलन में पहुंचे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल का स्वागत करते भाजपाई।

इस मौके पर जिला प्रभारी राजा वर्मा, विधानसभा संयोजक सौरभ पाल, विधानसभा विस्तारक प्रॉमिस सागर, विधानसभा प्रभारी चंद्र प्रकाश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख मोहित सैनी, जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी, पंकज लोधी एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राज्यपाल सैनी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यकर्ता सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य एवं बूथ संगठन के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुखदेव सिंह, लालता प्रसाद, ओम प्रकाश सैनी, एडवोकेट वीरपाल, भूकन लोधी, सभापति महेंद्र सिंह लोधी, भाजपा नेता मुरारी लाल लोधी, युवा नेता अजय सैनी के अलावा बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजपाल सिंह सैनी ने किया।

### घर में लगी आग से एक लाख रुपये का नुकसान

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के एक गांव में घर में अचानक आग लग गई। इसमें करीब एक लाख रुपये का नुकसान हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गुरुवार को चौकी क्षेत्र के गांव मेवला धारू निवासी रविराज व उसके परिजन खेत पर काम करने के लिए गए थे। लगभग दस बजे अचानक उनके घर में आग लग गई। लपटें उठती देखकर आसपास के लोगों जानकारी हुई। इस बीच पीड़ित परिवार भी घर पहुंच गया। पीड़ित परिवार ने किसी तरह पड़ोसियों को साथ में लेकर आग पर काबू पाया। मगर तब तक घर में रखे लिहाफ, गद्दे, कपड़े, बेड, संदूक आदि सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारण 5700 रुपये भी जल गए। पीड़ित ने जले हुए समान की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

**योजना** अमृत योजना के तहत ताश्का का मझरा, जीना इनायत खां में बिछनी है पाइप लाइन

# चुनाव के बाद बिछाई जाएगी पाइप लाइन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका के दो मोहल्ले ताश्का का मझरा और जीना इनायत खां को अमृत योजना में जोड़ दिया गया है। लेकिन अभी तक यहां पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू नहीं हो सका है। पाइपलाइन न होने की वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पालिका के पास लाइन बिछाने का बजट नहीं हैं। लोकसभा चुनाव के बाद इस पर काम हो सकेगा।

नगर पालिका के 43 वार्डों में पाइप लाइन बिछा दी गई है। इनसे विभाग कर वसूली करता है। इसमें पर पानी का कर 10 प्रतिशत लिया जाता है। इसमें पांच प्रतिशत गृह कर भी शामिल है। मगर अभी भी नगर पालिका कई मोहल्लों को जलाधारा से जोड़ने में लगी है। इनमें पानी के लिए पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है। इन मोहल्लों में ताशका का मझरा, जीना इनायत खां शामिल हैं। पाइपलाइन न बिछाए जाने की वजह से यहां के बाशिंदों को परेशानियां हो रही हैं। यहां रहने वाले लंबे समय से निजी संसाधनों से ही पानी का प्रबंध कर रहे हैं। इस समय यहां 1500 से 1600 लोगों की आबादी रहती है। इसके अलावा पहाड़ी गेट के आसपास कई क्षेत्रों में अभी पाइपलाइन बिछ चुकी है। मगर करीब 15-16 लोगों ने अभी तक कनेक्शन नहीं कराया है। ऐसे में अब नगर पालिका ने इन दोनों मोहल्लों को आच्छादित करने के लिए अमृत योजना से जोड़ दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस पर काम शुरू करा दिया जाएगा।

### आवास विकास कॉलोनी में लो प्रेशर से लोग परेशान

नगर पालिका की उपेक्षा की वजह से आवास विकास कॉलोनी में पानी का लो प्रेशर होने के कारण लोगों को काफी परेशानी है। शहर के मोहल्लों में पानी की रफ्तार धीमी हो चुकी है। इसकी वजह से लोग सुबह आपूर्ति आने पर भी पानी नहीं भर पा रहे हैं। आवास विकास कॉलोनी में यह समस्या सप्ताह भर से है। इसके लिए नगर पालिका में शिकायत भी की गई। लेकिन कोई हल नहीं निकला। पुरानी आवास विकास कॉलोनी में 15,000 से अधिक की आबादी रहती है। यहां एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति सही ढंग से नहीं आ पा रही है। सुबह छह बजे से टंकियों में पानी काफी धीमी गति से आ रहा है। इससे कॉलोनी के लोग काफी परेशान है।

> शहर के दोनों मोहल्लों को अमृत योजना से जोड़ा गया है। इनमें पाइपलाइन बिछाने की योजना है। मगर अब लोकसभा चुनाव के बाद ही इसे शुरू किया जा सकेगा। **-दुर्गेश्वर त्रिपाठी** ईओ नगर पालिका परिषद

### पूर्व प्रमुख ने की शाहबाद-रामपुर मार्ग की मरम्मत की मांग

**शाहबाद, अमृत विचार:** पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं जिला पंचायत सदस्य हरज्ञान सिंह यादव ने डीएम को पत्र भेजकर शाहबाद-रामपुर मार्ग सुधरवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर यातायात बहुत है।

ओवरलोड डंपर भी इस मार्ग से गुजरते हैं। चौबीस घंटे में पांच सौ से अधिक भारी वाहन गुजरते हैं। इससे सड़क में गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में तेज रफ्तार से गुजरने वाले डंपर गड्ढों से बचाने के लिए तेज कट मारते हैं। इससे गलत दिशा में जाने से हादसा हो जाता है।

तमाम दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत कराना बेहद आवश्यक है। जिससे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# महिला ने पति को प्रेमिका के साथ पकड़ा, हंगामा

संवाददाता, सैदनगर

**▶▶ प्रेमिका को घुमाकर रामपुर से बाइक द्वारा लौट रहा था युवक**

**▶▶ दोनों को सबक सिखाने के लिए राश्ते में छिपकर बैठ गई थी पत्नी**

**अमृत विचार :** प्रेमिका के साथ घूमकर आ रहे पति को पत्नी ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इसे लेकर बीच सड़क पर पति-पत्नी के बीच जमकर हाथापाई हुई। दोनों के बीच हो रही हाथापाई का फायदा उठाकर प्रेमिका मौके से खिसक गई।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी युवक गुरुवार की सुबह अपनी प्रेमिका के साथ रामपुर घूमने गया था। किसी तरह इसकी भनक युवक की पत्नी को लग गई। उसने दोनों को सबक सिखाने की ठानी। वह घर से निकाल कर रास्ते में छिप कर बैठ गई। दोपहर बाद जैसे ही उसका पति अपनी प्रेमिका के साथ आया तो पत्नी उन टूट पड़ी। पत्नी ने पति और प्रेमिका को सरेराह चप्पल से पीटना शुरू कर दिया। यह देख पति अपना बचाव करते हुए पत्नी पर टूट पड़ा। इस दौरान दंपति के बीच जमकर हाथापाई हुई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने दोनों को किसी तरह बचाया। हंगामे का फायदा उठाते हुए प्रेमिका मौके से भागने में कामयाब हो गई। इस बीच मौका पाकर पति भी रफू चक्कर हो गया। काफी देर तक महिला मौके पर हंगामा करती रही। मौके पर आए परिजन पत्नी को समझा-बुझाकर अपने साथ ले गए। इस दौरान आधा घंटे तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### सैफनी पुलिस ने शराब के साथ आरोपी पकड़ा

**सैफनी/पटवाई, अमृत विचार :** सैफनी और पटवाई पुलिस ने अभियान चलाकर दो लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उनका चालान कर दिया गया।

पटवाई पुलिस ने दिनेश कुमार निवासी ग्राम नदनऊ को दो पेटी बीयर (48 केन) के साथ मुख्य मार्ग पटवाई चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। इसके अलावा सैफनी पुलिस को ग्राम बलूपुरा की पुलिया पर शराब लिए एक व्यक्ति के खड़े होने की सूचना मिली। इसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 47 हाफ बैगपाइपर व ग्रीन लेबल मार्का शराब मिली। पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र के मोहम्मद नगर गांव निवासी इंतजार पुत्र मुख्तियार बताया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

## एक नजर

### पुलिस ने युवक को तमंचा के साथ पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज पुलिस ने एक युवक को तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ लिया। उसका चालान कर दिया गया। थाना गंज पुलिस ने सन्तोष निवासी कृष्ण लीला ग्राउन्ड मोहल्ला कायस्थान बिलासपुर को 12 बोर के तमंचा और दो कारतूस के साथ नई बस्ती जिम के पास से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करके चालान कर दिया गया।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन पुलिस ने शावेज पुत्र अमीर दूल्हा निवासी मोहल्ला सराय जहांगीर थाना गंज को चाकू के साथ आगापुर चौराहे से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज चालान कर दिया।

### नेशनल चैंपियनशिप में दिखाई प्रतिभा

**रामपुर, अमृत विचार :** सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता से 30 मार्च से 3 अप्रैल तक चली। वैष्वों मार्शल आर्ट फाइट क्लब के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें रानी को ब्राउंस, वंश को गोल्ड, आदित्य को ब्राउंस, जितेंद्र सिंह को गोल्ड और अरुण कुमार को सिल्वर मेडल मिला। चैंपियनशिप में मोहित कुमार, कृष्णा कुमार, उपेंद्र कुमार ने प्रतिभाग किया। प्रेम सिंह और विक्रम सिंह कोच रहे।

### कैंटर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गुरुवार की शाम सेंडौली गांव निवासी धर्मेंद्र पटेल किसी काम से रठौंडा चौराहा आया था। वह घर लौट रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार कैंटर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक कैंटर लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस द्वारा सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### अवैध शराब के साथ पकड़ा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खजुरिया पुलिस ने बुधवार की रात गश्त के दौरान ऊधमपुर गांव को जाने वाले रास्ते से संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास एक प्लास्टिक जरीकेन में 20 लीटर कच्ची शराब थी। पकड़ा गया आरोपी सत्यवीर कनकपुर गांव का रहने वाला है।

# नौ अप्रैल से होंगे चैत्र नवरात्र, तैयारियां शुरू

## बाजारों में बिकने लगा माता के श्रृंगार का सामान, मंदिरों की हो रही सफाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** इन दिनों नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इस वर्ष चैत्र नवरात्र पूरे 9 दिन का रहेगा। 9 अप्रैल मंगलवार को घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र प्रारंभ होंगे। इसके चलते मंदिरों व घरों में साफ-सफाई का काम चल रहा है। बाजारों में भी दुकानों पर माता के श्रृंगार का सामान बिक रहा है। लोगों ने अभी से खरीदारी शुरू कर दी है।

चैत्र नवरात्र शुरू होने में पांच दिन शेष हैं। मंगलवार यानी नौ अप्रैल को पहला नवरात्र होगा। इन दिनों अधिक से अधिक संख्या में भक्त पूरे नौ दिन व्रत रखकर माता की उपासना करते हैं। मंदिरों में महिलाओं द्वारा छन्द भी गाए जाते हैं। दिन करीब आते ही मंदिरों और घरों में बने पूजा घरों में साफ-सफाई काम चल रहा है। माता की तस्वीरों को हटाकर पूजा घर को चमकाया जा रहा है। मंदिरों के पुजारी भी साफ-सफाई में जुट गए हैं। रोजाना धीरे-धीरे मंदिरों में सफाई की जा रही हैं। बाजारों में भी पूजा सामग्री बिक रही है। महिलाओं ने पूजा का सामान खरीदना शुरू कर दिया है।

दुकानदार लवी शर्मा बताते है कि होली का पर्व खत्म हो जाने के बाद अब नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। माता के श्रृंगार के सामान के साथ ही कपूर, लौंग, हवन सामग्री को भी बिक्री के लिए रखा गया है।



नवरात्र के लिए चुनरी आदि की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार



चैत्र नवरात्र के अवसर पर सजी दुकान।



चैत्र नवरात्र नौ अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। इसे लेकर अभी से ही घरों में साफ- सफाई का काम चल रहा है। मां शैल पुत्री की पूजा-अर्चना करके उपवास रखा जाएगा। इसकी तैयारियां चल रही हैं। **- मोनिका शर्मा**



नवरात्र आने वाले हैं। इसी को देखते हुए घर में बने मंदिर की साफ-सफाई की जा रही है। माता के दरबार को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया जाएगा। नौ दिन तक माता के सभी स्वरूपों की पूजा होगी। **- अक्षिता शर्मा**



मंगलवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। इसे लेकर तैयारियां चल रही हैं। घर में साफ-सफाई का काम किया जा रहा है। ताकि मंगलवार से नवरात्र पर माता की पूजा-अर्चना की जा सके। **- आरती**



होली का पर्व खत्म होने के बाद अब नवरात्र आ रहे हैं। इन नौ दिनों में उपवास रखकर माता की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा मंदिरों में दोपहर के समय माता के छन्द भी गाए जाते हैं। **- ज्योति**

### पहले दिन होगी मां शैल पुत्री की पूजा-अर्चना

पंडित संदीप कौशिक के अनुसार मां शैलपुत्री की पूचा-अर्चना के साथ ही नवरात्र शुरू हो जाते हैं। सूर्योदय के बाद भक्त किसी समय भी मंदिरों में कलश स्थापना कर सकते हैं। पूजा-अर्चना करने के बाद भक्त हवन में घी चढ़ाते हैं। इन नौ दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना होती है। जबकि काफी स्थानों पर मंदिरों और घरों में माता के चित्र के आगे नौ दिन तक अखंड ज्योत भी जलाई जाती है।



मानव सत्संग मंडल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# नगर में 17 अप्रैल को निकाली जाएगी श्री राम शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सर्व व्यवस्था प्रमुख धनन्जय पाठक ने कहा कि श्री राम शोभायात्रा 17 अप्रैल को निकाली जाएगी। इस सम्बन्ध में दायित्व वितरण कर भव्यता के साथ आयोजन करने पर चर्चा की गई। बताया कि शोभायात्रा में नवीन एवं आकर्षक झांकियां शामिल की जा रही हैं।

मानव सत्संग मंडल की बैठक रंगोली मंडप में संपन्न हुई। भजन संध्या के संयोजक जुगेश अरोड़ा कुक्कू ने बताया आठ अप्रैल सोमवार को श्री आदर्श रामलीला परिसर में भजन संध्या का आयोजन होगा। आठ बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रिंस छाबड़ा ( लुधियाना ) एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। भजन संध्या के निमित्त तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

बैठक में संरक्षक सुभाष नंदा भैया, सर्व व्यवस्था प्रमुख धनंजय पाठक, अध्यक्ष महेश जुनेजा, महामंत्री भूप सिंह यादव, कोषाध्यक्ष हरिओम गुप्ता, अनिल वशिष्ठ, आरके जैन, बृजेश गुप्ता, सुनील कुमार गोयल, राजीव मांगलिक, वीरेंद्र गर्ग, राजीव सिंघल, अनुज सक्सेना, अमित मेहंदीरता, हरिश्चंद्र अग्रवाल, सत्येंद्र भटनागर, मनोज अग्रवाल, प्रमिल शर्मा, अनूप अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



बूथ का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# बीडीओ ने क्रिटिकल बूथों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार ने गुरुवार को केमरी थाना क्षेत्र के क्रिटिकल और वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह भी साथ रहे।

इस दौरान बूथों पर मूलभूत सुविधाओं, वहां पहुंचने के रास्तों व मतदान को प्रभावित कर सकने वाले कारकों की पड़ताल की गई। ग्राम प्रधान तथा ग्रामीणों से बात कर शांति, सहयोग एवं निष्पक्ष मतदान का आग्रह किया गया। बीडीओ ने बताया कि केमरी उपनगर में राजकीय इंटर कॉलेज व इमामबाड़ा स्थित जूनियर हाईस्कूल तथा सिमरिया, रहसैना, कोटरा, स्वार खुर्द आदि गांवों के बूथों का निरीक्षण किया गया। स्वार खुर्द गांव के बूथ को जाने वाला रास्ता खराब था। प्रधान व सचिव को बुलाकर तीन दिन के भीतर रास्ता सही कराने के निर्देश दिए गए।

### महिलाओं को बूथों तक पहुंचाने की ली जिम्मेदारी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मतदान के दिन महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी और उन्हें बूथों तक पहुंचाने की मुहिम में भाजपा महिला मोर्चा जुटी है। पंजाबी कॉलोनी स्थित नगराध्यक्ष मधुबाला गुगलानी के आवास पर मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य व लोकसभा चुनाव की प्रभारी सुनीता सैनी ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक में महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने, उन्हें बूथों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने और इस हेतु संपर्क अभियान तेज करने जैसे बिंदुओं पर निर्णय लिए गए। नौ अप्रैल को रठौंडा में होने वाली मुख्यमंत्री की जनसभा को सफल बनाने की बात भी कही गई। नगराध्यक्ष मधुबाला ने कहा कि उनकी कार्यकत्रियां पूरी ताकत से जुटी हैं। इस दौरान किरनजीत कौर, परमजीत कौर, शोभा जौहरी, सुषमा जौहरी, अनुराधा कश्यप, नेहा यादव, नेहा कश्यप, सुनीता सिंह, मुन्नी गंगवार आदि उपस्थित रहीं।

# अधिवक्ताओं ने किया अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार ऐलान, डीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, बिलासपुर

- नौ सूत्रीय ज्ञापन में की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग
- बोले-न्यायालयों में समय से दर्ज नहीं किए जा रहे हैं न्यायिक वाद

**अमृत विचार :** अधिवक्ताओं ने समय से दाखिल खारिज कराने तथा अन्य समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को नौ सूत्रीय ज्ञापन भेजा है। गुरुवार को भेजे गए ज्ञापन में समस्याओं का समाधान न होने तक अनिश्चितकाल न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

लायर्स वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं की बैठक एसोसिएशन के हरिश चंद्र गुप्ता एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई। इसमें विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने नौ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से प्रेषित कर शीघ्र समाधान कराने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि न्यायिक वाद समय से न्यायालयों में दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। धारा 80 राजस्व संहिता 2006 के अंतर्गत अनेकों वादों में नियमानुसार न्यायिक शुल्क जमा होने के बावजूद लंबे समय से आदेश पारित नहीं किया जा रहे हैं। दाखिल खारिज शासन की मंशा के अनुरूप नहीं किया जा रहे हैं। इससे अधिवक्ता परेशान हैं।

दाखिल खारिज के वादों में हलका लेखपाल द्वारा हस्तांतरण की रिपोर्ट समय से नहीं लगाई जा रही है। इस आधार पर दाखिल खारिज की कार्रवाई अकारण निरस्त कर दी जाती है। बैनामों के आधार पर दाखिल खारिज के आदेश पारित होने के बावजूद व आदेश लोड होने के बाद खतौनी पर अमल दरामद इस कारण रोका जाता है कि खतौनी में अंश गलत लिखा है। खातेदार द्वारा वास्तविक अंश विक्रय किया जाता है। डाकबही पर चढ़कर जाने वाले विवादों के निस्तारण की कोई समय सीमा नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण गलत तरीके से किया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने डीएम से समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। इस मौके पर सरफराज अहमद, अब्दुल मोबिन अंसारी, नब्बू अली अंसारी, विमल सक्सेना, अरविंद गुप्ता, गिरीश गुप्ता, आदिल खां, मुनीष चंद्र गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, मुस्तफा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### भरण पोषण अधिकारी ने पद से दिया त्यागपत्र

**मिलक, अमृत विचार :** वृद्धजनों को उनके बच्चों द्वारा प्रताड़ित करने एवं उनका पालन-पोषण न करने पर तहसील स्तर पर माता-पिता के भरण-पोषण एवं सुलह अधिकारियों को नियुक्त किया जाता है। इन्हें शासन द्वारा निर्धारित वेतन भी दिया जाता है।

तीन वर्ष के के लिए नगर निवासी अधिवक्ता योगेश बंसल को वर्ष 2019 में भरण-पोषण एवं सुलह अधिकारी नियुक्त किया गया था। समय सीमा समाप्त होने के बाद योगेश बसल ने पुनः आवेदन किया गया। इसकी अवधि 2025 तक है।

गुरुवार को एसडीएम को दिये पत्र में उन्होंने कहा कि वह पद पर रहते हुए अन्य निजी विधिक कार्य नहीं कर पा रहे हैं। पांच वर्ष से उनसे ईष्या करने वाले अधिवक्ता शिकायतें करके उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। योगेश बंसल ने एसडीएम को भेजे पत्र में त्याग पत्र स्वीकार कर भरण-पोषण अधिकारी के पद मुक्त करने की गुहार लगाई है।



मिलक में मतदेय स्थल का निरीक्षण करते प्रेक्षक। ● अमृत विचार

# प्रेक्षक ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए आए प्रेक्षक धनराजू एस ने मिलक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धमौरा, कमौरा, मेघा नगला कदीम, खाता कलां, रौरा कलां, क्योरार, लोहापट्टी भोलानाथ व कंपोजिट विद्यालय मिलक के मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया।

इ सदौरान उन्होंने मतदेय स्थलों पर साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने तथा सभी मतदेय स्थलों में मतदान से पूर्व एंटी लार्वा छिड़काव के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवयश्क दिशा-निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी व कोतवाल धनंजय सिंह उनके साथ रहे।

# भाईचारा निभाते हुए मतदान करें

संवाददाता, केमरी

**अमृत विचार:** थाना परिसर में आगामी त्योहारों एवं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अमन कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी से ईद का पर्व शांति व सद्भाव से मनाने तथा लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने की अपील की गई।

प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र यादव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक मुस्लिम धर्म गुरुओं व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ हुई। इसमें जुमा अलविदा व ईद का त्योहार शांतिपूर्वक तरीके से मनाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जिस तरीके से पूरे रमजान शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे हैं। उसी तरह लोकसभा चुनाव में भी भाईचारा निभाते हुए अधिक से अधिक मतदान करें। अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



केमरी में हुई शांति समिति की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- अलविदा और चुनाव के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक
- लोगों से की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील

बैठक में मौलाना जलालुद्दीन, मौलाना तहसीम रजा, मौलाना इरफान नूरी, परवेज अली, सलीम अहमद, प्रधान धर्मवीर सिंह, सरजीत सिंह, कुंवरपाल, मोहनलाल, राकेश लोधी, असगर अली, तहसीम अहमद, महमूद अंसारी, अफसर अली, मोहम्मद इरफान, फैजान राजा, मुनन खान, भूकन लाल, धर्मप्रकाश गंगवार, रामअवतार शर्मा आदि शामिल रहे।

### चाकू व शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खजुरिया पुलिस ने गुरुवार को शीशगढ़ रोड पर अहरो तिराहे के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से प्लास्टिक की जरीकेन में भरी 20 लीटर कच्ची शराब तथा एक चाकू मिला।

आरोपी महेन्द्र सिंह मानपुर ओझा गांव की बंगाली कॉलोनी का रहने वाला है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध अवैध शराब के आधा दर्जन मामले पहले से दर्ज हैं। एसआई प्रशांत कुमार ने उसके खिलाफ आबकारी व शस्त्र अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, पईपुरा गांव निवासी गुरबाज सिंह को चंदपुरा चौराहे से पकड़ा गया है। उसके पास से भी 20 लीटर कच्ची शराब मिली। दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# बेसिक स्कूलों के संचालन का समय कम किया जाए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- गर्मियों में अधिक समय तक स्कूल खुलना बच्चों की सेहत के लिए गलत
- विद्यालयों के समय के लिए नई शिक्षा नीति के निर्देशों का पालन हो

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांग की है कि बेसिक स्कूलों के संचालन का समय नई शिक्षा नीति के अनुसार निर्धारित करते हुए कम किया जाए।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के माध्यम से सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद को भेजे ज्ञापन में संघ का कहना है कि कोरोना काल के बाद विद्यालय के समय में इसलिए वृद्धि की गई थी कि बच्चों को हुई शिक्षा के संबंध में क्षति की भरपाई की जा सके। इसमें ग्रीष्मकाल अवकाश भी 15 दिन कम किया गया था। अब स्थिति बदली है। नई शिक्षा नीति में भी प्रत्येक सप्ताह केवल 29 घंटे शिक्षण कार्य करने की व्यवस्था दी गई है।

स्कूल में अधिक समय तक रुकने से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जून में तापमान सर्वाधिक रहता है। इसलिए जून में स्कूल खोलना भी उचित नहीं है। शिक्षक संघ ने नई शिक्षा नीति, बच्चों के स्वास्थ्य और मौसम के अनुसार गर्मियों में विद्यालय का समय सुबह 7:50 बजे से दोपहर 12:50 तक तथा सर्दियों में सुबह 9:50 बजे से अपराह्न 2:50 तक करने का सुझाव भेजा है। ग्रीष्मकाल अवकाश 21 मई से 30 जून तक करने की मांग की। प्रत्येक शनिवार बच्चों के लिए हाफ डे घोषित करने का अनुरोध भी किया।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, छत्रपाल सिंह यादव, सुरेश कुमार सक्सेना, अब्दुल अलीम खान, आनंद सिंह भंडारी, महेंद्र प्रताप सिंह, सतीश कुमार गिरोह, संतोष प्रसाद, तहसीन आलम खान, दिलशाद वारसी, मोहम्मद खालिद खान आदि शामिल रहे।

**कार्यक्रम** प्राथमिक स्तर पर हाशिम तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर उज्मा को किया सम्मानित

# कक्षा आठ उत्तीर्ण करने वाले बच्चों का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर के अलीपुर ठेका स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव, रिजल्ट वितरण व विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाध्यापक नितिन राजपूत ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण व पुष्प वर्षा के साथ किया।

गुरुवार को कक्षा एक से आठ तक का परीक्षाफल घोषित किया गया। प्राथमिक स्तर पर हाशिम तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर उज्मा को सम्मानित किया गया। अनुशासित छात्र-छात्रा के अंतर्गत प्राथमिक स्तर पर एंजल तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर सृष्टि, इल्मा को सम्मानित किया गया। बाल संसद व मीना-मंच की गतिविधियों को बेहतरीन ढंग से संचालित करने व विद्यालय प्रबंधन में सहयोग के लिए प्राथमिक स्तर पर मोईन, उजैब, आकाश, अफशा, अली हमजा, उच्च प्राथमिक स्तर पर सादिया, आरिशा, प्रिंस, इलमा, अलशिफा, आलिया, सृष्टि, मुशरिफा, अलकमा, फैज, हाशिम को सम्मानित किया।



परीक्षाफल के दौरान पुरस्कृत छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कक्षा आठ के उत्तीर्ण बालक-बालिकाओं का स्वागत पुष्प माला पहना कर व विदाई स्वरूप हाथ से बनाए गए बधाई कार्ड व विभिन्न उपहार देकर किया गया। कक्षा आठ उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए स्पून-क्वाइन, कप सीरीज, बेलेंस द पेंसिल, बेलेंस द बैलून ओन द कप आदि खेलो का आयोजन किया गया। इसके अलावा बाल-संसद के खेल विभाग द्वारा कुशलतापूर्वक कराया गया। पर्यावरण को साफ-सुथरा व हरा-भरा बनाये रखने का सन्देश देते हुए बच्चों ने एक पौधा स्कूल को समर्पित किया। कार्यक्रम में मतदाता जागरुकता के अंतर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से बाल संसद की प्रधानमंत्री उज्मा व पावर एंजिल अंजुम ने मतदान शपथ का आयोजन किया।

### स्कूल में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रधानध्यापक सुरेश सक्सेना ने कहा कि बच्चे अपनी पढ़ाई को आगे जारी रखें और जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करें। बिलासपुर के बहापुर गंगापुर स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं की फेयरवेल पार्टी हुई। शिक्षकों ने बच्चों पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया। छात्र-छात्राओं ने डांस, गीत, कविता पाठ प्रस्तुत किए। कक्षा आठ के पास आउट छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा छह और सात के बच्चों ने पार्टी दी। हरप्रीत कौर, ज्योति अग्रवाल, रेणु रानी, ईश्वरी प्रसाद, परशुराम, आशा देवी, मीना देवी, जितेंद्र वीर, सुभाष सिंह आदि मौजूद रहे। छात्राओं में सुहानी, कोमल, नंदिनी, नितिन, कशिश, संजना, शीतल, प्रिया, अमन देव, अंशिका, आदेश, नव्या आदि उपस्थित रहे।

### एंटी लार्वा का कराया छिड़काव, हटाई गंदगी

**रामपुर, अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग अभियान के तहत नगर पालिका की टीम ने वार्ड नंबर 37 कैथ वाली मस्जिद में नालियों की साफ-सफाई और फॉगिंग कराई। इस दौरान जगह-जगह लोगों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। टीम ने अपने घर के आसपास गंदे पानी को इकट्ठा होने से रोकने को कहा।

गुरुवार को नगर पालिका परिषद के ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी के निर्देश पर टीम वार्ड नबर 37 कैथ वाली मस्जिद मोहल्ले में पहुंची। यहां जगह-जगह एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। नालियों में काफी समय से गंदगी जमा थी। इसे साफ किया गया। चोक नालियों को खुलवाया। लोगों से कूड़ा करकट, पालिथीन व थैले आदि को डस्टबिन में डालने के लिए कहा। मोहल्लों वालों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। बताया कि जगह-जगह गंदगी होने से विभिन्न प्रकार की बीमारियां होने लगती हैं।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यता:- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

## बसपा जिलाध्यक्ष की बेटी को किया सम्मानित



रामपुर, अमृत विचार : साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन न्यू दिल्ली द्वारा परीक्षा आयोजित कराई गई। इसमें बसपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर की बेटी आकृति चौधरी को इंटरनेशनल रैंक 79, रीजनल रैंक 78 और जोनल रैंक 67 वीं मिली है। परीक्षा में अच्छी रैंक मिलने पर सेंट मेरीज स्कूल का नाम रोशन किया। उधर अच्छी रैंक मिलने पर छात्रा को सेंट मेरीज स्कूल की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। गुरुवार को बसपा के जिलाध्यक्ष के निवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परीक्षा में अच्छी रैंक लाने पर तमाम बसपाइयों ने जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर और उनकी बेटी को सम्मानित किया। उनके घर बधाइयों देने वालों का तांता लगा रहा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा में अच्छी रैंक लाकर उनकी बेटी ने स्कूल के साथ साथ माता-पिता का नाम रोशन भी किया है। इस अवसर पर रमेश श्रीवास्तव, हरनंदन सागर, हबीब-उर-रहमान, राजकुमार सागर, राजेंद्र कुमार, आदित्य चौधरी, अनुलता, मधु आदि शामिल रहे।

# कुरआन पर अमल करने की कोशिश करें : नासिर

## शहर की जामा मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरआन मजीद हुआ मुकम्मल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हो गया। तरावीह की नमाज के दौरान इमाम जामा मस्जिद हाफिज एहतेशाम उल्लाह खां वजीही ने कुरआन मजीद सुनाया। सामां के फराइज हाफिज मोबिन खां ने अदा किए। इस मौके पर मौलवी नासिर उल्लाह खां ने मजान मुबारक और कुरआन मजीद की फजीलत पर कहा कि अल्लाह ताला ने इंसान की जिंदगी में जिन चीजों से वास्ता पड़ सकता है वह सब कुराआन मजीद में मौजूद हैं। जरूरत इस बात की है कि कुरआन की तिलावत के साथ उसे समझने की भी तौफीक दे। जिंदगी में भी कुरआन मजीद में बताई बातों को उतारने की कोशिश करें। कहा कि मुसलमानों की पासमंदगी को अल्लाह ताला दूर फरमा दे।

कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर जामा मस्जिद में हुए जलसे को खिताब करते हुए मौलवी नासिर उल्लाह खां ने कहा कि कुरआन वह किताब है जिसका कोई मुतबादिल नहीं है।



कुरआन मुकम्मल होने पर जामा मस्जिद में तकरीर करते मौलाना। ● अमृत विचार

- जामा मस्जिद में हाफिज एहतेशाम उल्लाह खां वजीही ने सुनाया कुरआन मजीद
- अल्लाह की अदालत में रोजेदार की मगफिरत का वकील बन जाता है रोजा

अल्लाह ताअला ने रमजान के मुबारक महीने में कुरआन मजीद को नाजिल किया। कहा कि दुनिया की सारी किताबों में सबसे अफजल कुरआन है। माहे रमजान में कुरआन की तिलावत करने से अल्लाह की रहमत बरसती है। इस महीने में मिस्कीन, कमजोर, पड़ोसी और गरीब रिश्तेदारों की दिल खोलकर मदद करनी चाहिए। खुदा का भी यही पैगाम है। हम ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत करें। रमजान मुकद्दस का आखिरी अशरा चल रहा। यह जहुन्नुम से निजात का है। इस पाक महीने का हर रोजा बेशकीमती है।

मौलाना ने कहा कि रोजा अल्लाह की अदालत में रोजेदार की मगफिरत का वकील बन जाता है। लिहाजा रोजेदार किसी का दिल न दुखाएं और गरीबों की दिल खोलकर मदद करें।

मौलवी मोहम्मद मामून ने नज्म पढ़ी। आखीर में मौलाना नासिर खां ने आलम इस्लाम की तरक्की और मुल्क में अमन चैन रहने की दुआ मांगी।

इस मौके पर मौलाना मुफ्ती महबूब अली, मौलाना नासिर खां, डा. शायर उल्लाह खां, मौलाना हसीब साहब, इमाम जामा मस्जिद मौलवी फैजान खां, जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष सैयद शुऐब मियां, सचिव मुकर्रम रजा इनायती, मौलाना अता उल्लाह खां, फहीम कुरैशी, शकील अहमद खां, काशिफ खां, जमीर रिजवी, मामून शाह खां, मौलाना मोहीबुल्लाह नदवी आदि मौजूद रहे।

### सड़कों पर न पढ़ें अलविदा की नमाज : काजी-ए-शहर



शहर काजी मौलाना सैयद अहमद अली उर्फ खुशनूद मियां ने मुसलमानों से कहा कि वह पांच अप्रैल को जुमा अलविदा की नमाज जामा मस्जिद सहित शहर की सभी मस्जिदों के अंदर ही अदा करें। सड़कों पर नमाज न पढ़ें। शहर काजी ने कहा कि सभी मुसलमान अपने मोहल्लों की मस्जिद में ही जुमा अलविदा की नमाज अदा करें। क्योंकि जिला इंतजामिया ने सड़कों पर नमाज पढ़ने की पाबंदी लगाई है। इसलिए नमाज मस्जिद के हाते में ही अदा की जायेगी। दूसरी ओर प्रशासन ने भी अलविदा की नमाज को लेकर अपनी तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि नमाज इबादतगाहों के अंदर होगी। नमाज सड़कों पर नहीं पढ़ी जाएगी।

## मतदान कर्मियों को बांटी दवा की 2200 किट

रामपुर, अमृत विचार : जनपद में 19 अप्रैल को प्रथम चरण में मतदान होना है। चुनाव को लेकर तमाम विभाग अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। इसी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है। चुनाव के लिए कई स्वास्थ्यकर्मियों की डयूटी लगाई गई है।

अक्सर देखा जाता है कि अधिक गर्मी पड़ने पर मतदान कर्मियों की हालत बिगड़ जाती है और मतदान की रफ्तार काफी धीमी हो जाती है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसपी सिंह ने बताया कि मतदान कर्मियों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए 2200 किट वितरित की गई हैं। इनमें दर्द, बुखार, उल्टी जी मचलाना, पेट दर्द, गैस की समस्या, दस्त, ओफ्लासासीन, सर्दी-जुकाम, घाव और चोट के लिए फेरामाईसीटीन क्रीम, खरोंच आने पर बैंडऐड शामिल हैं।

# मवेशी के विवाद में चाकू मारकर युवक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामुपर/ सैफनी

अमृत विचार : मवेशी के विवाद को लेकर दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक के सीने में चाकू से कई वार करके घायल कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उसे घर ले गए। इस बीच पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने युवक को उनके हवाले करने की मांग करते हुए थाने में हंगामा कर दिया। पुलिस मामले को शांत कराने में लगी रही। सूचना पर एसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद भी हंगामा जारी रहा। तब पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों पर लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया।





सैफनी थाने का घेराव करती भीड़। ● अमृत विचार

मामला सैफनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला छिड़िया वाला का है। यहां रहने वाले भगवानदास का कहना है कि शाम करीब सात बजे उनकी कटिया सड़क पर आ गई थी। इसे लेकर उधर से गुजर रहे बाइक सवार युवक से उनके 25 वर्षीय पुत्र राहुल की कहासुनी हो गई थी। उस समय आसपास के लोगों ने मामले को शांत करा दिया था। कुछ देर बाद आरोपी अपने रिश्तेदारों को लेकर उनके घर आ गया। आरोपियों ने आते ही राहुल के सीने में चाकू से वार करके बुरी तरह घायल कर दिया। घायल को वह अस्पताल ले गए। मगर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। इसकी जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण थाने पहुंच गए और आरोपी को अपने हवाले करने की मांग करने लगे। थाना प्रभारी हरिओम चौहान ने उच्चाधिकारियों को मामले की सूचना दी। इसके बाद सीओ शाहबाद और एसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंच गए। इस बीच पुलिस ने लाठियां भांजकर भीड़ को तितर-बितर कर दिया।

> सैफनी में देर शाम युवक की कुछ लोगों ने चाकू मारकर हत्या कर दी है। छानबीन कराई जा रही है। तहरीर आने के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
> –राजेश द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक

### छोटे भाई की 21 अप्रैल को जाना थी बरात

लोगों का कहना है कि राहुल के छोटे भाई की 21 अप्रैल को बरात जाना थी। पूरा परिवार तैयारियों में जुटा था। बेटे की अचानक हत्या के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। राहुल की मौत की जानकारी मिलने के बाद आसपास के रिश्तेदार भी उसके घर आने लगे हैं। बहुत से लोग थाने पहुंच गए और शव को साथ लेकर हंगामा कर रहे थे।

## दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

पटवाई, अमृत विचार : दहेज में दो लाख रुपये और 100 गज का प्लाट नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला को पीटकर भगा दिया। उसने पटवाई थाने में पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि उसकी शादी पांच साल पहले मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में रहने वाले रवि के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के तीन-चार माह बाद ही ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये और 100 गज के प्लॉट की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर देवर शिवम और अर्जुन ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया। पटवाई पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति रवि, देवर शिवम, अर्जुन, सास मुन्नी, ससुर रेतीराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



मनकरा की मस्जिद में हाफिजों की गुलपोशी करते लोग। ● अमृत विचार

## रमजान में शैतान कर लिया जाता है कैद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: रमजान माह में इबादतों का सिलसिला जारी है। गुरुवार को ग्राम मनकरा की मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मुकम्मल हुआ। हाफिज जीशान खां ने कुरान सुनाया और हाफिज अब्दुल कदीर ने समाअत के फराइज अंजाम दिए।

खत्म कुरान के बाद दोनों हाफिजों की गुलपोशी की गई। जलसे में उलमा ने मुसलमानों से कुरान की तालीमात पर अमल करने को कहा। बताया कि माह ए रमजान अल्लाह की इबादत का महीना है। इस पाक माह में शैतान को कैद कर लिया जाता है और जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं।

इस मौके पर ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां, अहसान उल्ला खां, राजू खां, दानिश खां, शाहजान खां, मुनीर अहमद, इकराम उल्ला खां, शानू रजा, गुलाम साबिर, समीर खां, शाहनवाज खां, बाबर खां, मेहंदी हसन, समद खान, शाकिर मलिक, इस्लाम शाह, शैजी खां, हाजी नबी हुसैन, बाबू खां, इकबाल, मुस्तकीम आदि मौजूद रहे

## बिलासपुर की जामा मस्जिद में हुआ कुरआन मुकम्मल

बिलासपुर, अमृत विचार : शहर की जामा मस्जिद में गुरुवार की रात हुए कुरआन मुकम्मल के दौरान उलमा ने रमजान के महीने में कुरआन की तिलावत करने और सुनने की फजीलत बयां की। इस दौरान मस्जिद रंग-बिरंगी झालरों की रोशनी से जगमगा रही। मस्जिद में काफी संख्या में नमाजी मौजूद रहे।

मोहल्ला कायस्थान स्थित जामा मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल हो गया। जामा मस्जिद में तीन वर्ष से कुरआन सुनाते आ रहे कारी अफरोज आलम ने कुरआन मजीद सुनाया। सामां के फराइज हाफिज अबरार अली ने अदा किए। नमाजियों ने कारी और सामां की गुलपोशी की।

इस मौके पर मस्जिद के सदर मुमताज खां, साजिद खां, वसीम खां, जहांगीर खां, शकील खां, अफवाक खां, वाहिद मियां आदि मौजूद रहे।

# मस्जिदों में ही पढ़ें जुमा अलविदा की नमाज

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : चुनावी माहौल में त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों ने तल्ख तेवर अपनाए हैं। अमन कमेटी की बैठक में सलीके से त्योहार मनाने की अपील के साथ ही चेतावनियां भी दी है। आंबेडकर शोभायात्रा में डीजे पर हुड़दंग और सड़क पर नमाज न करने की हिदायत दी गई है। चेताया कि कहीं किसी ने शरारत का प्रयास किया तो प्रशासन मुकदमा दर्ज कराने में नहीं चूकेगा।

गुरुवार को शाहबाद कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक बुलाई गई। इसमें जुमा अलविदा, ईद की नमाज और आंबेडकर शोभायात्रा को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम सुनील कुमार ने कहा कि आंबेडकर शोभायात्रा में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न करें। कोई भी ऐसा संगीत न बजाएं जो किसी राजनीतिक भाव से प्रेरित हो। कोतवाल ओमकार सिंह ने कहा कि सड़क पर नमाज किसी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सीओ अतुल कुमार पाण्डेय, बिजली विभाग के जेई कमलेश पटेल, व्यापारी नेता महेश गुप्ता, हाजी शावेज खां, सुशील अग्रवाल, मंजू लता शर्मा, मुकेश गुप्ता, मयंक अग्रवाल, विनेश शर्मा आदि रहे।



अमन कमेटी की बैठक में मौजूद लोग ● अमृत विचार

### 16 अप्रैल को निकलेगी आंबेडकर शोभायात्रा

आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष माधोराम ने बताया कि चुनावी प्रक्रियाओं के मद्देनजर इस साल 17 की बजाए 16 अप्रैल को आंबेडकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने प्रशासन को भरोसा दिया कि इस दौरान सिर्फ आंबेडकर के चरित्र पर केंद्रित बातें ही की जाएंगी।

सुविधा | पांच सचल पशु चिकित्सा इकाई का किया जा रहा संचालन

# पशुओं को पांच रुपये में दिला रहे उपचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अब पशुपालक अपने बीमार पशु का पांच रुपये में ही उपचार करा रहे हैं। इसके लिए सरकार ने मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट बनाई है। यह 108 एंबुलेंस की तर्ज पर संचालित हो रही है। कंट्रोल रूम नंबर के 1962 पर कॉल करने के बाद वेटेरिनरी वैन पशुपालक के घर पहुंच रही है।

बीमार और घायल लोगों को अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए सरकार की 108, 102 एंबुलेंस सेवा संचालित है। इसी तर्ज पर अब शासन ने पशुओं के उपचार के लिए भी मोबाइल वेटेरिनरी वैन की शुरूआत की है। बीते दिनों जनपद को पांच वैन मिल चुकी है। इन पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी पूरा हो गया है। एक वैन में तीन कर्मचारी रहेंगे। इनमें चिकित्सक, पायलट और मल्टी टास्किंग पर्सन शामिल हैं। यह कॉल के आधार पर पशुपालक के घर पहुंचकर बीमार पशु का उपचार कर रहे हैं। पशुपालकों को पांच रुपये का सरकारी शुल्क देना पड़ रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. महेश कुमार कौशिक ने बताया कि पशुपालक को कंट्रोल रूम 1962 पर कॉल करनी होगी। वहां से नजदीकी वैन को कॉल करके जानकारी दी जाएगी। टीम मौके पर पहुंचकर पशु का उपचार करेगी। पशुओं में सामान्य बीमारियों में बुखार, खुरपका, पेट दर्द, मुंहपका आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं का टीकाकरण, बंध्याकरण, गर्भ परीक्षण, कृत्रिम गर्भाधान की सुविधाएं भी मिलेंगी।



गांव मेंहदीनगर में बीमार पशु को इंजेक्शन लगाता चिकित्सक। ● अमृत विचार

> पशुपालक पांच रुपये में ही अपने बीमार पशु का उपचार करा रहे है। इसके लिए जनपद में पांच वैन संचालित है। इमरजेंसी हालत में कंट्रोल रूम पर 1962 पर कॉल करें। इसके बाद टीम मौके पर जाकर बीमार पशु का उपचार करेगी।
> –डा. महेश कुमार कौशिक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

## पशु की हालत गंभीर होने पर मिलाएं फोन

रामपुर, अमृत विचार : अगर आपके जानवर की गंभीर हालत है तो घबराएं नहीं, बस सिर्फ कंट्रोल रूम 1962 पर कॉल लगाए। कुछ ही मिनट बाद मोबाइल वेटेरिनरी वैन आपके द्वार तक पहुंचेगी। इसके बाद जानवर की हालत के बारे में चिकित्सक, पायलट और मल्टी टास्किंग पर्सन को बताना होगा। जानवर में बीमारी के लक्षण का पता लगाकर मौके पर ही उपचार किया जाएगा। वैन बिलासपुर, मिलक, स्वार, शाहबाद और सदर में हाथीखाना अस्पताल में संचालित हैं।

आवश्यकता है
अमृत विचार के हल्द्वानी संस्करण को
डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव
सीनियर मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 8077909468, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड



ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

## चुनावी चुहल



देख चुनावी घोषणा, सब दल हुए अधीर,
कैसे भी हमको मिले, बस सत्ता की खीर।
बस सत्ता की खीर, सभी कुछ लोकलुभावन,
वादे, नारे, स्वर्णिम सपने, हर आश्वासन।
सभी आजमाकर हथकंडे, तिकड़म सारी,
हर सूरत सरकार, बने इस बार हमारी।
सारे ही दल रच रहे, सत्ता का षड़यंत्र,
अब तो अवसरवादिता, राजनीति का मंत्र।
राजनीति का मंत्र, विरोधी थे जो कल तक,
बने सगों से भी प्यारे अब वही अचानक।
खेल सियासत का हर कोई समझ न पाता,
किंतु फंसा हर दल की दलदल में मतदाता।
नेताजी कहने लगे, होकर बेहद बोर,
नहीं दीखता अब सखे, कहीं चुनावी शोर।
कहीं चुनावी शोर, पता ना चलता भाई,
किस प्रत्याशी का है कितना टेम्पो हाई।
सोचा ना था दुर्दिन भी आएंगे हम पर,
ये चुनाव के नियम बनेंगे इतने कट्टर।
आजादी के बाद का, बता रहा इतिहास,
सिर्फ चुनावों के समय, वोटर होता खास।
वोटर होता खास, सुनहरे स्वप्न दिखाते,
पांच साल तक नेताजी फिर नजर न आते।
देकर फिर भी वोट, भूलकर कमियां सारी,
ठगी-ठगी ही रही सदा जनता बेचारी।

-योगेन्द्र वर्मा 'व्योम'

### नये दौर में तकनीक के प्रभाव से बदला चुनाव लड़ने व प्रचार का तरीका, जंग नहीं है चुनाव, उत्सव की तरह मनाएं लोकतंत्र का पर्व

# अब नहीं दिखते पुराने तरीके, न ढोल मजीरा न चुनावी गीतों की बहार

**हाईटेक हुआ चुनाव**

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दौर बदला तो राजनीतिक फिजा में चुनाव प्रचार के तरीके भी नए हो गए। आधुनिक तनावपूर्ण जीवन शैली, भविष्य संवारने की जद्दोजहद में अपना गांव, घर छोड़कर परदेश कमाने में जिंदगियां खासकर युवा वर्ग मशगूल हो गया। जिससे महानगरों की तो बात ही दूर है गांव देहात का परिदृश्य भी लगभग बदल गया है।

प्रचार में ढोल मजीरा लेकर चुनावी गीत गाते हुए महिलाओं, पुरुषों की टोलियों का दर्शन अब पुराने जमाने की बात हो गई है। उसकी जगह एंड्रॉयड और स्मार्ट मोबाइल ने ले ली है। चुनावी तापमान सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर घट-बढ़ रहा है। इसीलिए तो राजनीतिक दलों, मीडिया घरानों का झुकाव भी अपने सोशल प्लेटफार्म पर अधिक है।

80-90 के दशक तक लोकतंत्र के उत्सव में टोलियां ढोल मजीरा बजाते हुए चुनावी रंग में रंग जाते थे। घरों व गलियों में हमरे लाल के यह चुनाव निशान गीत गाकर वोट देने को प्रेरित करते थे। लेकिन, तकनीकी दौर में सब अंदाज व ढंग बदलने से चुनाव का रंग केवल टीवी, मोबाइल स्क्रीन और लैपटाप तक सिमट कर रह गया है।

**शहर से लेकर गांव-देहात का भी बदल गया परिदृश्य**

### आत्मीयता की जगह तकनीक हावी, अब पहले जैसा नहीं चुनाव



अब लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा, प्रचार का पुराना तरीका बदल गया है। पहले ढोल मजीरा लेकर पुरुषों, महिलाओं की टोलियां गली मोहल्लों में घर-घर प्रचार करती थीं। मन में सबके आत्मीयता भी थी, लेकिन अब हर कीमत पर चुनाव जीतने की जिद रिश्तों में विष घोल रही है, लोग सार्वजनिक रूप से कुछ कहने से बच रहे हैं। रही सही कसर सोशल मीडिया साइट्स ने पूरी कर दी, जब प्रचार इसी पर हो जा रहा है। हालांकि पहले जैसा हंसी खुशी का माहौल न होना अब टीसता है।

**-मिथलेश शर्मा**, सेवानिवृत्त शिक्षिका

### पहले प्रचार व मतदान मेले जैसा था, अब लगता है सूनापन



64 वर्ष की उम्र हो गई। जब से मताधिकार की उम्र हुई तब से हर चुनाव में मतदान किया। लेकिन, अब चुनाव का रंग फीका है। आम चुनाव उत्सव न होकर औपचारिकता बन गया है। पहले गली-मोहल्लों में प्रचार के लिए टोलियां निकलती थीं। लोग प्रचार में भी वैमनस्यता का भाव नहीं रखते थे। हंसी ठिठोली के बीच उल्लास में रहते थे। वोट देने के लिए भी लोग समूह में जाते थे। बूथ पर कई पीढ़ियों का मेल होता था, लेकिन मोबाइल ने अब सब कुछ बदल दिया है। चुनाव का माहौल पहले जैसा नहीं रहा, सूनापन लगता है।

**-रानी देवी**, लाइनपार

### टीवी और मोबाइल ने लील ली चुनाव प्रचार की खुशियां



प्रचार करने का तरीका बदलने से पता नहीं चलता कि चुनाव चल रहा है। बच्चे और नौजवान मोबाइल व लैपटॉप पर चुनाव प्रचार कर व देख रहे हैं। हमारे समय में मोहल्लों से जब प्रचार शुरू होता था, तो सभी घरों से एक-एक व्यक्ति निकलकर आते थे। जैसे-जैसे मोहल्ले बढ़ते जाते थे भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा होती थी। अपने प्रत्याशी और पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए जाते थे। चौपाल पर जाकर सभी से बात की जाती थी। उसी को सभी लोग वोट देते थे।

**-बृजपाल गुप्ता**, छतरी वाला कुआं, पाकबड़ा

### गाते बजाते होता था चुनाव प्रचार अब चौक-चौराहों पर सन्नाटा



पहले के जमाने में चुनाव प्रचार का अंदाज अलग था। आज जैसी उदासी नहीं। पहले चुनाव आयोग की सख्ती भी ऐसी नहीं थी। उस समय ढोल नगाड़े, मजीरा लेकर गाते बजाते प्रत्याशी का प्रचार करते थे। भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा होती थी। प्रत्याशी सबके सामने वोट की अपील करते थे। आसपास के गांव में भी जिसके पास जो वाहन होता था उससे ही प्रचार करते थे। पहले चुनाव प्रचार का एक साधन गल्ला समिति हुआ करती थी। सभी लोग वहां से खाद लेने आते थे वहीं चर्चा होती थी।

**-ऋषिपाल सिंह**, मोहल्ला पश्चिमी ठाकुरान, पाकबड़ा

### आयोग की सख्ती भी बनी कारण

चुनाव प्रचार के तरीके बदलने की प्रमुख वजह में से एक चुनाव आयोग की सख्ती भी है। निर्वाचन आयोग की सख्ती से न तो कहीं चुनाव प्रचार सामग्री दिखती है और न दीवारों पर चुनावी नारों का लेखन। यहां तक कि चौक-चौराहे व चाय की दुकानों पर पहले की तरह लोग खुलकर चर्चा करने से भी बचते हैं। युवा वर्ग तो केवल सोशल मीडिया पर चुनावी रंग में डूबा रहता है।

## मच्छरों पर अंकुश के लिए फॉगिंग कराए नगर निगम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मोहल्ला किसरोल वार्ड 40 की वाल्मीकि बस्ती में मच्छरों का प्रकोप बहुत बढ़ गया है। क्षेत्र में मच्छरों ने परेशान करना शुरू कर दिया है। इससे यहां डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका है। यहां निगम के सफाई मजदूर और अन्य कर्मचारी भी रहते हैं।



कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद के जिला चेयरमैन अनुसूचित जाति-जनजाति विभाग राजेंद्र वाल्मीकि ने यहां प्रतिदिन फॉगिंग की मांग की है। उन्होंने नगर आयुक्त को भेजे व्हाट्सएप संदेश से मांग की है कि दसवां घाट रोड पर वाल्मीकि बस्ती में संकरी गलियों और मुख्य मार्गों प्रतिदिन फॉगिंग कराई जाए। जिसे डेंगू ,मलेरिया आदि बीमारियों के संक्रमण से बचाव सुनिश्चित हो सके।

# आठ तक होगा डाक मतपत्र से मतदान

### घर पर जाकर मतदान कराने के लिए प्रशिक्षण में दी गई अधिकारियों को जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में डाक मतपत्र के माध्यम से अनुपस्थित मतदाताओं की श्रेणी में आने वालों को मतदान की सुविधा प्रदान की गयी है। 6 से आठ अप्रैल तक होगा डाक मतपत्र के मध्यम से मतदान कराया जाएगा।

जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिसके क्रम में प्रभारी अधिकारी कार्मिक, वीडियोग्राफी, यातायात, समस्त सहायक रिटर्निंग आफिसर को जानकारी दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत भवन सभागार में डाक मतपत्र के माध्यम से एवीएससी(85प्लस), एवीपीडी मतदाताओं को होम विजिट के माध्यम से मतदान कराने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों/कर्मचारियों से निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार कार्य करने के लिए कहा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चन्द्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, एसपीआरए, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, सहायक प्रभारी पोस्टल बैलेट सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी कांठ, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा, एसीएम द्वितीय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पंचायत भवन सभागार में प्रशिक्षण में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में एसएसपी हेमराज मीना व अन्य।



सामान्य प्रेक्षक राहुल कुमार ने स्ट्रांग रुम एवं पोलिंग पार्टी प्रस्थान स्थल का किया निरीक्षण। ● अमृत विचार

### मंडी समिति में पूरी कराएं चुनाव की व्यवस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल ने लोकसभा चुनाव में मतदान और मतगणना के लिए मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम और पोलिंग पार्टी प्रस्थान स्थल बुद्धि विहार का निरीक्षण किया। उन्होंने इससे संबंधित की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। प्रेक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को ईसीआई गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मण्डी समिति में चल रहे व्यवस्था कार्यों को संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही अक्षम्य होगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चन्द्र, एमडीए सचिव अंजूलता, प्रेक्षक के लाईजन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### पन्ना प्रमुख घर-घर जाकर संपर्क करें

**बिलारी, अमृत विचार :** चंदौसी रोड पर हाईवे किनारे स्थित बैंक्वेट हॉल में मंडल के सभी भाजपा के शक्ति केंद्रों के संयोजकों व बूथ अध्यक्षों की बैठक हुई। गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक में पन्ना प्रमुखों को किट उपलब्ध कराने की कार्य योजना थी। जो बूथ अध्यक्ष के माध्यम से पन्ना प्रमुखों तक जाएगी और पन्ना प्रमुख को लोकसभा चुनाव के लिए कार्य योजना को बूथ के प्रत्येक घर तक लेकर जाए। बैठक में मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि अब हमें पन्ना प्रमुखों के माध्यम से प्रत्येक घर तक संपर्क करना है और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करनी है। बैठक में विश्वास उर्फ लवली यादव, निहाल सिंह, यादराम, काशीराम, अजय ठाकुर, अमिताभ सागर, हेमंत शर्मा, मनोज आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सेंट मीरा एकेडमी में मेधावी बच्चे हुए पुरस्कृत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सेंट मीरा एकेडमी मानसरोवर ब्रांच में गुरुवार को नर्सरी से कक्षा तीन तक के बच्चों का परिणाम घोषित किया गया। मुख्य अतिथि केजीके कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. अनिल चौहान ने कक्षा में प्रथम, दितीय व तृतीय आए बच्चों को पुरस्कृत किया। मेधावी बच्चों के साथ ही उनके माता-पिता को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा शाम के समय संचालित होने वाली रमाबाई कक्षाओं के भी परीक्षा परिणाम घोषित किये गए। इस मौके पर प्रबंधक अक्षरी प्रकाश, वित्त प्रबंधक पर्णिका प्रकाश, प्रधानाचार्य नीरज चौधरी, मोहिनी गुप्ता, ज्योति बोस, संध्या आनंद आदि मौजूद रहीं।

## रामलीला मैदान में संकट मोचन यज्ञ 20 अप्रैल से

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** श्री बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में चार दिवसीय श्री बालाजी जन्मोत्सव 20 से 23 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर कटघर बीच स्थित बालाजी दरबार में बैठक हुई। यज्ञ की तैयारियों को लेकर समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी बांटी गई। इसमें इस वर्ष अंतिम दिन संकट मोचन यज्ञ एवं भंडारा रामलीला मैदान लाजपत नगर में कराया जाएगा।

कार्यक्रम का आरंभ 20 अप्रैल को कलशयात्रा से होगा। यात्रा के बालाजी दरबार पहुंचने पर अखंड रामायण का पाठ आरंभ किया जाएगा। 21 को रामायण के पाठ को विश्राम दिया जाएगा। 22 अप्रैल को जीआईसी से शोभायात्रा निकाली जाएगी और अंतिम दिन 23 अप्रैल को संकट मोचन यज्ञ एवं भंडारा होगा। अध्यक्षता जगतगुरु जगदाचार्य साध्वी राघवेंद्र महाराज एवं उप महंत रवि राघव ने व संचालन महामंत्री आशीष अग्रवाल ने किया। नितिन अग्रवाल, अंजलि राघव, मंजू, श्याम लाल उस्ताद, संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# लोभ ही है समस्त पापों और परेशानियों का मूल कारण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**रामगंगा विहार में श्री गीता भागवत रामायण सत्संग का हुआ आयोजन**

**अमृत विचार:** रामगंगा विहार में आयोजित श्री गीता भागवत रामायण सत्संग और हवन में गुरुवार को आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि लोभ ही समस्त पापों और संकटों का मूल कारण है। लोभ शत्रुता में वृद्धि करता है, अधिक लोभ करने वाला विनाश को प्राप्त होता है।

कथा व्यास ने बताया कि जिसका भगवान के नाम में अटूट श्रद्धा-विश्वास है, अनन्य भाव है, उसका एक ही नाम से कल्याण हो जाता है। जब एक ही बार हरिनाम से सब पाप नष्ट हो जाते हैं तो फिर बार-बार नाम लेने की क्या आवश्यकता है? बार-बार नाम लेने से ही वह एक भाव वाला नाम निकलता है। जैसे मोटर के इंजन को चालू करने के लिए बार-बार हैंडल घुमाते हैं तो हैंडल को पहली बार घुमाने से इंजन चालू होगा या पांचवीं, दसवीं अथवा पंद्रहवीं बार घुमाने से इंजन चालू होगा। इसका कोई पता नहीं रहता। परंतु हैंडल को बार-बार घुमाते रहने से किसी-न-किसी घुमाव में इंजन चालू हो जाता है। ऐसे ही बार-बार भगवान का नाम लेते रहने से कभी-न-कभी वह आर्तभाव वाला एक नाम आ ही जाता है। अतः बार-बार हरिनाम लेना बहुत जरूरी है। कहा कि जिसके अधिक पाप होते हैं, वह भगवान का नाम नहीं ले सकता। जिसका पुण्य थोड़ा होता है, उसकी भक्तों में, भक्ति में, भगवतप्रसाद में और भगवन्नाम में श्रद्धा नहीं होती। आखिर में हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।



व्यवस्था में अजय प्रताप सिंह, प्रो. एलजे सिंह, देवेन्द्र सिंह सिसौदिया, आलोक कुमार, संतोष वर्मा, अरुण कुमार, देवांश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




**वोट की अपील :** सिविल लाइंस क्षेत्र में फेस पेंटिंग के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करते छात्र। ● अमृत विचार

## शब-ए- कद्र की 25वीं रात में की इबादत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जुमेरात को माह-ए-रमजान का 24वां रोजा और 25वीं शब-ए- कद्र की पाक रात रही। 24वें रोजे का पूरा दिन इबादत में गुजरा। लोगों ने रातभर इबादत कर शब ए कद्र की तलाश की।

जुमेरात को तीसरे अशरे की तीसरी पाक रात भी थी। रोजेदारों ने सुबह सहरी के बाद से ही कुरान ए करीम पढ़ना शुरू कर दिया। शाम को खरीदारी के लिए बाजार भी गए। इसके बाद लोगों ने पूरी रात इबादत कर शब ए कद्र की तलाश की। रात भर इबादत का सिलसिला चलता रहा। वहीं कुछ रोजेदार मस्जिद में एतिकाफ के दौरान इबादत कर रहे हैं। अब यह लोग ईद का चांद नजर आने तक एतिकाफ में ही रहकर इबादत करते रहेंगे। जामा मस्जिद के मुफ्ती शब्बीर साहब ने शब ए कद्र की रात पर बयान करते हुए कहा इस एक रात की इबादत एक हजार रातों की इबादत के बराबर होती है।

# बार एसोसिएशन की इफ्तार पार्टी में दिखा भाईचारा



दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से एसपी गुप्ता भवन सभागार में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल अधिवक्ता व अन्य लोग।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से गुरुवार शाम एसोसिएशन के एसपी गुप्ता भवन सभागार में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें पदाधिकारियों व अन्य अधिवक्ताओं ने मिलकर इफ्तार किया। कहा कि अलविदा जुमा के चलते अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

एसपी गुप्ता सभागार में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा उर्फ बबली की अध्यक्षता में रोजा इफ्तार पार्टी हुई। जिसमें बार एसोसिएशन के सदस्यों ने रोजा इफ्जार किया और समाज के समग्र विकास के लिए प्रार्थना की। महासचिव अभिषेक भटनागर ने कहा कि बार एसोसिएशन सभी धर्मों में विश्वास रखती है। सभी मिलजुल हर त्योहार का आनन्द लेते हैं। हम भाईचारे के साथ सुख दुख व त्योहार में सहभागिता करते हैं। उन्होंने बताया कि जुमा अलविदा होने के कारण अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। आयोजन में कमाल अख्तर, त्रिलोक चंद दिवाकर, बचन सिंह, नवाज इन्तेजार, आदेश कुमार जैन, अरविंद कुमार सक्सेना, बिजेंद्र सिंह, सुरेश चंद्र गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार, पूर्व महासचिव अभय कुमार सिंह, संजीव मोहन सक्सेना, गौरव भटनागर, मुन्नवर, याकूब हुसैन, मोहम्मद हयात, नेहा नाज सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### महानगर के बाजार गुलजार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ईद उल फितर की खरीदारी से महानगर के बाजार गुलजार हैं। ईद नजदीक होने से बाजारों में त्योहारी खरीदारी हो रही है। महिलाएं कपड़े, चूड़ी, कंगन, मेहंदी कोण, खरीद रही हैं। बच्चों के लिए शेरवानी, कुर्ता-पायजामा टोपी खरीदी जा रही है। रेडिमेड कपड़ों एवं सिलाई करने वालों की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ है। सेवइयां, खीर व अन्य पकवानों के लिए भी खरीदारी हो रही है। खजूर भी खरीदे जा रहे हैं। गोल मार्केट, बुधबाजार, टाउन हॉल समेत अन्य बाजारों में दुकानदारों को फुर्सत नहीं है। ईद के लिए ग्रामीण इलाकों से भी लोग खरीदारी के लिए महानगर पहुंच रहे हैं।

**ईपीसीएच** नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने निर्यातकों का जताया आभार, मिलकर बेहतर कार्य करने का लिया संकल्प

# प्रशासनिक समिति के चुनाव में डा. नीरज व अवधेश अग्रवाल जीते

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ईपीसीएच की प्रशासनिक समिति सीओए के नवनिर्वाचित सदस्य अवधेश अग्रवाल ने कहा कि राजनीतिक दलों व उनके नेताओं ने हमें हराने के लिए जोर लगाया लेकिन, ट्रेड एजेंडे पर काम करने का ही परिणाम रहा कि हम जीते हैं और टीम भावना से आगे कारोबारी हित में कार्य करेंगे।

अवधेश अग्रवाल हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की प्रशासनिक कमेटी के दो सदस्यों के पद के लिए चुनाव परिणाम जारी होने के बाद दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। दूसरे जीते सदस्य डा. नीरज विनोद खन्ना ने कहा कि ईपीसीएच का आयोजन हमेशा बेहतर रहा है। दिल्ली फेयर में पेरिस फेयर का असर दिखेगा। पूरे देश के निर्यातकों के हित में सभी मिलकर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद में 1500-1600 निर्यातक हैं। उनके हितों की रक्षा के लिए अवधेश अग्रवाल के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि सीओए के चुनाव में हम दोनों की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।



ईपीसीएच के प्रशासनिक चुनाव में विजयी अवधेश अग्रवाल व नीरज खन्ना का स्वागत करते निर्यातक। ● अमृत विचार

बताया कि चुनाव में डा. नीरज विनोद खन्ना को 1441 वोट, अवधेश अग्रवाल को 1397 वोट मिले। जबकि विपक्षी उम्मीदवार हेमंत जुनेजा को 660 और अब्दुल अजीम को 520 वोट मिले हैं। यंग एंटरप्रेन्योर सोसायटी व मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा संयुक्त उम्मीदवार डा. नीरज विनोद खन्ना व अवधेश अग्रवाल ने बड़ी जीत दर्ज कर सबका गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम में एमएचईए के संरक्षक नजलुम इस्लाम, अध्यक्ष नवेद उर रहमान, सलमान आजम, नदीम खान, नबील अहमद, परवेज आलम, यस के नेशनल जनरल सेक्रेटरी विशाल अग्रवाल, नेशनल सेक्रेटरी जेपी सिंह, चेयरमैन रोहित ढल, महासचिव पुनीत आर्या, वाइस चेयरमैन करन दुग्गल आदि मौजूद रहे।

# नौकरी के नाम पर कार मैकेनिक व पेंटर से ठगे 3.08 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विदेश में नौकरी के लालच में दो बेरोजगारों ने 3.08 लाख रुपये गवां दिए। इसके अलावा नौकरी के नाम पर विदेश जाने-आने में भी उन्हें एक लाख रुपये के खर्चे की चपत लगी है। इस तरह उनके कुल 4.08 लाख रुपये चले गए और नतीजा यह है कि रुपये वापस न कर ठगी करने वाले दोनों आरोपी अब पीड़ितों को गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं। फिलहाल, एक ही गांव के दोनों पीड़ितों ने मूंढापांडे थाने में मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने गांव अफजलपुर निवासी फरमान की तहरीर पर हाफिज मुजीब व शहजाद के विरुद्ध धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी हाफिज मुजीब मूंढापांडे के मुनीमपुर गांव का है, जबकि शहजाद अमरोहा जिले के डिडौली थाना क्षेत्र के चौकी दारान जोया का रहने वाला है। पीड़ित फरमान ने पुलिस को बताया है कि वह कार मैकेनिक है, जबकि गांव का साथी नुसरत अली कार पेंटर है। इन दोनों पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि आरोपी हाफिज मुजीब उनका जानने वाला है, इसने उन्हें विदेश में नौकरी लगवाने के लिए अपने साथी शहजाद से मिलवाया था। शहजाद ने फरमान व उनके साथ नुसरत अली से कहा था कि वह उन दोनों की अर्मेनिया में नौकरी लगवा देगा। इस नौकरी के बदले हाफिज मुजीब ने अपने खाते में फरमान व उनके साथ नुसरत अली से 1.40 लाख रुपये ले लिए। इसी तरह शहजाद ने उन दोनों से 1.68 लाख रुपये अपने खाते में ले लिए थे। फिर नौकरी के लिए फरमान व उनके साथ नुसरत अली अर्मेनिया गए, लेकिन वहां उनको कोई नौकरी नहीं मिली तो वह लौट आए। आने जाने में भी उनके करीब एक लाख रुपये खर्च हो गए। नौकरी न मिलने के बारे में जब उन दोनों ने हाफिज मुजीब व उसके साथी शहजाद को बताया तो वह दोनों भड़क गए। दोनों पीड़ितों ने पुलिस को बताया है कि जब उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने उनके साथ पहले गाली-गलौज की और फिर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

## एक नजर

### व्यापारी नेता सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर में रविवार को दो व्यापारियों के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। गुरुवार को पुलिस ने पीड़ित विजेंद्र कुमार की तहरीर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल जैन, हर्षित जैन व रेखा जैन पत्नी अनिल जैन के खिलाफ मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। बताया कि अनिल जैन के पुत्र हर्षित जैन का एक रिक्शा चालक को बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### खाईबाड़ी करते आरोपी को किया गिरफ्तार

हसनपुर, अमृत विचार : पुलिस उप निरीक्षक राजकुमार मलिक के नेतृत्व में पुलिस गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि आत्माराम कुंड के निकट स्थित यात्री शेड में एक व्यक्ति सट्टे की खाईबाडी कर रहा है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नवाब पुत्र अनवर अहमद बताया। आरोपी के पास से पुलिस को एक पेन, एक डायरी एवं 1460 रुपये बरामद हुए हैं।

# आखिरी दिन 9 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

## कुल 21 पर्चे हुए जमा, आज होगी नामांकन पत्रों की जांच, 8 अप्रैल तक नाम वापसी की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को 9 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए। लोकसभा सीट पर कुल 21 नामांकन पत्र जमा हुए हैं। अब शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 8 अप्रैल तक नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

गुरुवार को नामांकन का आखिरी दिन था। सुबह से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम रहे। सुबह 11 बजे से ही अमरोहा-जोया रोड को वन-वे कर दिया गया था। इससे पहले नामांकन प्रक्रिया के तहत भाजपा के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने अपना नामांकन दाखिल कराया था। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे थे। मंगलवार को भी नामांकन प्रक्रिया के तहत बसपा प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद चौधरी ने कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन दाखिल किया था। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी कुशाग्र व अमीचंद ने नामांकन किया था। बुधवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी दानिश अली ने अपना नामांकन दाखिल किया था। इनके अलावा अन्य 7 प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन दाखिल किया था। इनमें नरेंद्र सिंह, कुमदेश कुमार, तस्सवुर अजान, रामअवता, राजपाल सिंह सैनी, विजेंद्र सिंह, काशिफ हुसैन शामिल हैं। बुधवार तक कुल 12 लोगों ने अपना नामांकन दर्ज कराया था। गुरुवार को भी कई निर्दलीय व अन्य पार्टियों के उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इनमें रमेश, जीतपाल, सुरेश, वीर सिंह, अंजू, नईमउद्दीन, अजयपाल, सुहैल हेदर शामिल रहे। गठबंधन के प्रत्याशी दानिश अली ने अपना एक और सेट जमा किया। अब शुक्रवार से नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके बाद 8 अप्रैल तक नाम वापसी होगी।



नामांकन पत्र दाखिल करते राजपाल सैनी। ● अमृत विचार



नामांकन पत्र दाखिल करते काशिफ हुसैन। ● अमृत विचार

### जांच के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची होगी जारी

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश त्यागी ने बताया कि शुक्रवार से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। सही जानकारी न होने पर नामांकन पत्र निरस्त किए जा सकते हैं। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में नामांकन पत्रों की जांच होगी। 8 अप्रैल तक नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी।

# 27 कार्मिक रहे अनुपस्थित मतदान के प्रति दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने लिटिल स्कालर्स एकेडमी में प्रबुद्ध मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। मानव श्रृंखला भी बनाई गई। वहीं प्रशिक्षण के दौरान दूसरे दिन प्रशिक्षण से 27 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 4 अप्रैल को भी लिटिल स्कालर्स एकेडमी अमरोहा में पीठासीन अधिकारियों और प्रथम मतदान अधिकारियों का दो पालियों में प्रशिक्षण हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 27 कार्मिक प्रशिक्षण से गायब रहे। अगर वे पांच अप्रैल को प्रशिक्षण नहीं लेते हैं तो जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी के निर्देशों के क्रम में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

प्रशिक्षण दो पालियों में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी माया शंकर और पीडी अमरेंद्र प्रताप के निर्देशन में हुआ। इस दौरान प्रबुद्ध मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। मानव श्रृंखला भी बनाई गई। इस मौके पर अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।



लोगों को शपथ दिलाते सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार



गांव भदौरा में मतदान का संकल्प लेते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# भदौरा में ग्रामीणों ने राष्ट्रहित में मतदान करने का लिया संकल्प

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के चलते भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसके चलते हसनपुर क्षेत्र के गांव भदौरा में पीतम सिंह के आवास पर गुरुवार को मतदाताओं को जागरूक कर शत-प्रतिशत एवं निष्ठापूर्वक मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि 26 अप्रैल को सभी लोग पहले मतदान और बाद में जलपान का अनुसरण करते हुए राष्ट्रीय पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करें। जो मतदान में भाग नहीं लेते हैं, वे राष्ट्रहित की कभी सोच नहीं रख सकते हैं और जो सब काम छोड़कर पहले मतदान करते हैं, वह एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाते हैं।

इस अवसर पर खिलेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, पीतम सिंह, ऊदल सिंह, मन्नू सिंह , विकास, रनवीर सिंह, शिवम कुमार , राहुल कुमार, रवि कुमार, नेत्रपाल सिंह, दानवीर सिंह, रंजीत सिंह, हर्ष चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### आचार संहिता के बाद खुलेगा रोजगार का पोर्टल

अमरोहा, अमृत विचार : बेरोजगार युवाओं के लिए चुनाव आचार संहिता के बाद जुलाई में नियुक्तियां निकाली जाएंगी। इस समय रोजगार के पोर्टल को बंद कर दिया गया।

सेवायोजन कार्यालय के सहायक अधिकारी रामदीन मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगी हुई है। इस कारण सेवायोजन कार्यालय में आने वाली नियुक्तियां को बंद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलते हैं।

आचार संहिता के कारण रोजगार के अवसरों को बंद कर दिया गया। रोजगार पोर्टल भी शासन के निर्देश पर बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई में रोजगार का पोर्टल खोल दिया जाएगा। बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिलने शुरू हो जाएंगे।

# कुरआन में मौजूद है हर परेशानी का हल : डॉ.परवेज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : ईरान के शहर कुम से आए मौलाना डॉ. परवेज ने कुरआन की अजमत पर रोशनी डाली। कहा कि कुरआन को अल्लाह ने शब-ए-कद्र में नाजिल किया। कुरआन और शब-ए-कद्र की फजीलत इतनी है कि इसे बयान नहीं किया जा सकता। इस दौरान कुरआन मुकम्मल करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

शिया यूनिटी की ओर से मोहल्ला शफातपोता स्थित शिया जामा मस्जिद में गुरुवार को आयोजित यौमे नुजूल-ए-कुरआन नाम से महफिल की शुरुआत मौलाना मिकदाद ने तिलावत-ए-कलाम से की। इसके बाद वसीम अमरोहवी व साहिल अमरोहवी ने नात का नजराना पेश किया। फिज्जा नकवी, सोहा नकवी और बच्चों ने तिलावत-ए-कलाम पढ़ा। मौलाना डॉ. परवेज ने कहा कि कुरआन में हर परेशानी का हल मौजूद है। उन्होंने बच्चों को कुरआन की तालीम हासिल कराने पर जोर दिया। महफिल की सदारत कर रहे मौलाना अहसन अख्तर सरोश ने लोगों से अहले बैत की अजमत को पहचानने और कुरआन की इबादत करने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि कुरआन अरबी भाषा में है जबकि अब इसके हर भाषा में अनुवाद हो चुका है। पहले के मुकाबले इसे समझना अब आसान हो गया है। मौलाना मोहम्मद जहीर, मौलाना शाहनवाज हुसैन, मौलाना शहबाज मौलाई, मौलाना मजहर साहब ने भी खिताब किया। महफिल की निजामत डॉ. लाडल रहबर ने की। बाद में कुरआन मुकम्मल करने वाले बच्चों को कुरआन भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान हकीम जफर, हकीम गुलजार, अख्तर अब्बास अप्पू, हसनैन नकवी, मास्टर उर्फी, बब्बू, जावेद नकवी, अली आब्दी, सलमान, रेनू काजमी, वसीम आदि मौजूद रहे।



बच्चियों को मोमेंटो देते मौलाना। ● अमृत विचार



पैदल मार्च करते सीओ अरूण कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

# पैदल मार्च कर लोगों से की शांति व्यवस्था की अपील

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : सीओ और प्रभारी निरीक्षक ने पंजाब पुलिस के साथ पैदल मार्च कर लोकसभा चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था बनाने रखने की अपील की। इस दौरान सीओ ने स्थानीय लोगों से वार्ता भी की।

गुरुवार को सीओ अरुण कुमार और प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पंजाब पुलिस के साथ शहर के टीपी नगर चौराहे से पैदल मार्च निकाला।

इस दौरान सीओ ने लोगों से वार्ता कर निडर होकर मतदान करने की अपील की। पैदल मार्च टीपी नगर चौराहा से होते हुए मोहल्ला बटवाल, कोर्ट चौराहा, आजाद रोड, गांधी मूर्ति से लेकर टीपी नगर चौराहा पर भी संपन्न हुआ।

### पुलिसकर्मियों ने चेकिंग अभियान चला कर 465 वाहनों के चालान किए

अमरोहा,अमृत विचार : लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच गुरुवार को पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर 465 वाहनों के चालान किए। चार पहिया वाहनों के शीशे पर लगी काली फिल्म को उतारा है।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक पुलिस को वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए।

ट्रैफिक पुलिस ने जिले में दो पहिया व चार पहिया वाहनों की चेकिंग की और बिना हेलमेट, बेल्ट शीट पर 465 वाहनों के चालान किया है।

चार पहिया वाहनों के शीशे पर लगी काली फिल्म को उतारने की कार्रवाई की है। ट्रैफिक इंचार्ज विनोद कुमार बाजपेई ने बताया कि वाहनों की चेकिंग की गई है।



शिव इंटर कॉलेज में मतदान केंद्र का निरीक्षण करते प्रेक्षक राहुल शर्मा। ● अमृत विचार

# मतदान केंद्रों पर देखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता,गजरौला

अमृत विचार : चुनाव पर्यवेक्षक ने नगर के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज, शिव इंटर कॉलेज व कारमेल पब्लिक स्कूल मतदान केंद्रों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने बीएलओ से भी जानकारी ली। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग द्वारा सामान्य चुनाव प्रेक्षक राहुल शर्मा, पुलिस प्रेक्षक दीपक पाण्डेय व व्यय प्रेक्षक अश्विन कुमार को अमरोहा लोकसभा में भेजा गया है। गुरुवार को चुनाव प्रेक्षक राहुल शर्मा ने एसडीएम धनौरा चन्द्रकांता, सीओ श्वेताभ भास्कर के साथ मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थों से कहा कि मतदान के दौरान सतर्कता के साथ ड्यूटी करें। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यहां के बाद गांव मोहरकापट्टी पहुंचे और मतदान केंद्र का भी जायजा लिया। बीएलओ से भी जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह, कस्बा प्रभारी अरूण कुमार गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने में माता-पिता व बहनोई पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर पालिका के ठेकाकर्मी की मौत के मामले में पुलिस ने माता-पिता और बहनोई के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए उकसाने में रिपोर्ट दर्ज की है। पत्नी की तहरीर पर नौगांवा थाने की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी का आरोप है कि उसके पति के हिस्से की जमीन सास व ससुर ने अपने दामाद के नाम कर दी थी।

मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव देहरा निवासी भगवत उर्फ नकुल नगर पालिका अमरोहा में विद्युत विभाग में ठेके पर लाइनमैन था। उसकी शादी नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव जब्दा निवासी स्वाति के साथ हुई थी। परिवार में बेटा भानु प्रताप और बेटी काव्या है। भगवत मंडी धनौरा मार्ग पर एक किराये के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह से भगवत मानसिक रूप से परेशान था। मंगलवार को ड्यूटी करने के बाद घर गया था। भगवत ने रात में किसी समय आम के बाग में पेड़ के सहारे फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली थी। बुधवार सुबह उसका शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने तलाशी ली तो उसकी जेब में एक सुसाइड नोट मिला था। इसमें उसने परिजनों और रिश्तेदारों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद उसकी पत्नी ने तहरीर दी और पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतक की पत्नी स्वाति की तहरीर पर उसके पिता सेवाराम, माता गीता व बहनोई मनोज के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

### चुनाव में लगाई गईं रोडवेज की चार बसें

अमरोहा, अमृत विचार : अमरोहा डिपो की रोडवेज की चार बसों को लोकसभा चुनाव में लगाया गया है। हालांकि बसें जाने से यात्रियों को भी परेशानी होगी।

सहायक क्षेत्र प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में रोडवेज की चार बसों को लगाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी के निर्देश पर चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही अमरोहा डिपो की चार बसों को निर्वाचन कार्यालय भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बस का किराया 28,800 प्रतिदिन है। सहायक प्रबंधक ने बताया कि चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा और बस की मांग की जाती है, तो उसका भी परिवहन विभाग द्वारा इंतजाम करेगा। रोडवेज कर्मचारियों की भी छुट्टियां को भी आचार संहिता के चलते रद कर दिया गया है। सभी रोडवेज के कर्मचारी प्रतिदिन ड्यूटी पर आ रहे हैं।

# एसएस क्रिकेट क्लब की टीम ने सात विकेट से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : रुक्मिणी क्रिकेट अकादमी और स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें दिन रुक्मिणी क्रिकेट अकादमी के मैदान पर द आर्यंन क्रिकेट अकादमी और एसएस क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया।

द आर्यंन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर 6 विकेट खोकर 163 रन बनाए। ईशान जोशी ने 47, हार्दिकराज सिंह ने 39 व शैली मेहरा ने 26 रन बनाए। एसएस क्रिकेट क्लब के लिए राजीव चौहान ने 4 व वंश ठाकुर और अर्शील ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसएस क्रिकेट क्लब की टीम ने 34.2 ओवर में 7 विकेट खोकर जीत हासिल की। टीम के लिए अर्शील ने 47, नक्श सिंह ने 30 व राजीव चौहान ने 33 रन बनाए। द आर्यंन क्रिकेट अकादमी के लिए ओम ने 3 व दीपांशु ने 2 विकेट लिए।

इस तरह यह मुकाबला एसएस क्रिकेट क्लब ने 3 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच राजीव चौहान को चुना गया। अंपायरिंग मोहम्मद सायम और शमशाद अल्वी ने की। स्कोरर आजाद सिंह रहे। इस दौरान टूर्नामेंट आयोजक व क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, कोच मोहम्मद हसीन, रुक्मिणी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन सिद्धार्थ मलिक, चमन सिंह, शिव कुमार रावत, तरुण चिमा, ओम्दत्त शर्मा, रोहित कुमार, विकाश ठाकुर, नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।

राजनीति

### लोग बोले- जिले में छुट्टा पशुओं की समस्या का कराया जाए समाधान

# युवाओं को रोजगार मुहैया कराने वाला हो सांसद

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के बीच क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं और सुविधा को लेकर होने वाले सांसद से उम्मीदें लगाए हुए हैं। वे चाहते हैं कि उनका सांसद उनके लिए क्षेत्र में सुविधाएं उपलब्ध कराए और उनकी समस्याओं का समाधान हो।

लोगों का कहना है कि क्षेत्र की समस्याओं को संसद में उठाने वाला सांसद होना चाहिए। सभी को साथ लेकर चले। बिना किसी भेदभाव के विकास कराए। पिछले लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों ने मतदाताओं से लाख वादे किए, चुनाव जीतने के बाद सांसद ने लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। इस बार प्रत्याशी कितने भी वादे करें, लेकिन लोगों की अपेक्षा कुछ और है। वे चाहते हैं कि सांसद बनने के बाद वह जनता के बीच रहकर काम करें। लोगों की समस्याओं का निस्तारण करें।

ऐसे में शहर के मतदाता लोकसभा चुनाव में सांसद से उम्मीद लगाए हुए हैं। छुट्टा पशुओं से फसलों के नुकसान की समस्या का समाधान चाहते हैं। सरकारी विभाग के कार्यालयों में भी सुधार चाहते हैं। जर्जर सड़कों का सुधार हो। कहा कि चुनाव जीतने के बाद सांसद सभी लोगों का होता है।

**हमारा सांसद कैसा हो**

**बिना भेदभाव के विकास कराए सांसद, लोगों की समस्याओं को हो समाधान**



हमारा सांसद सबको साथ लेकर चलने वाला होना चाहिए। जनता की समस्याओं पर ध्यान देने वाला हो। क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। लोगों की सुविधा के लिए गजरौला में एक ट्रामा सेंटर की व्यवस्था कराए। – संजीव कुमार



सांसद जिले का होना चाहिए और भेदभाव के जनता को साथ लेकर चले। वह लोगों के बीच रहकर समस्याओं का समय से निस्तारण करे। जनता के विकास की ओर ध्यान दे। गांवों की स्थिति में सुधार हो, सड़कें अच्छी हो होनी चाहिए। – सुधीर कुमार सिंह



सांसद ऐसा हो, जो चुनाव में वादे करने के बाद धरातल पर भी जनता के बीच रहकर विकास कराए। किसानों की समस्याओं का समय से निस्तारण करने वाला होना चाहिए। छुट्टा पशुओं की समस्या से राहत मिलनी चाहिए। – दीपक पाल



सांसद जीतने के बाद क्षेत्र में आकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समय से निस्तारण कराने वाला होना चाहिए। बेरोजगारों को रोजगार दिलाने वाला हो। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाए। –वीरेंद्र कुमार

### पालिका ने बकाएदारों से वसूले 4 करोड़ 50 लाख

अमरोहा, अमृत विचार : नगर पालिका प्रशासन ने वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में कर बकाएदारों के खिलाफ अभियान चला कर 4 करोड़ 50 लाख रुपये वसूल किए हैं। नगरपालिका के कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ओमवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि वित्तीय वर्ष के मार्च में कर बकाएदारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान सभी बकाएदारों को पहले नोटिस जारी किए गए और उनसे 31 मार्च तक कर बकाया जमा करने को कहा गया। जब बाकाएदारों ने नोटिस के आधार पर कर जमा नहीं किया तो तब नगर पालिका ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। मोबाइल कंपनी के टावर का कनेक्शन काट दिया था। कर अधिकारी ने बताया कि चार करोड़ 50 लाख रुपये की वसूली की गई है। शेष बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बदायूं के भाजपा प्रत्याशी के बिगड़े बोल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह ने सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान दुर्विजय ने कहा कि शिवपाल का स्वभाव ही ऐसा है लेकिन योगी सरकार को गुंडागर्दी पसंद नहीं है। सपा का प्रत्याशी बदले जाने के सवाल पर भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि चाचा को भतीजे ने फंसा दिया। हार का डर सता रहा है। क्योंकि बूथ लूटने की गुंजाइश बची नहीं है इसलिए प्रत्याशी बदल रहे हैं। लेकिन फिर भी प्रत्याशी परिवार से ही रहेगा। क्योंकि सपा में परिवारवाद के चलते और किसी यादव को मौका नहीं मिल सकता।

### युवती को ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक वासू प्रेम प्रसंग के चलते 28 मार्च की देर रात मोहल्ला के ही किशोरी को घर से अपने साथ ले गया था। किशोरी अपने साथ घर में रखी नकदी भी ले गई थी। घर में दिखाई नहीं देने पर परिजन एक सप्ताह तक किशोरी को ढूंढते रहे। गुरुवार को जानकारी मिलने पर किशोरी के परिजन थाने पहुंचे और वासू के खिलाफ पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** गांव बिछोली निवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म करने व पॉक्सो एक्ट का आरोपी कासिम पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था। गुरुवार को कासिम की गांव के ही बस स्टैंड के पास खड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने कासिम को गिरफ्तार कर लिया।

### हत्यारों को नहीं पकड़ पाई कैला देवी थाना पुलिस

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव कैलमुडी निवासी मनोज की मंगलवार की देर रात गांव के हिस्ट्रीशीटर अवधेश ने अपने सगे भाइयों मुकेश, सुखपाल व गांव के ही मानिक के साथ मिलकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात के तीन दिन बाद भी चारों हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। मृतक मनोज के भाई बबलू ने पुलिस में हिस्ट्रीशीटर अवधेश व मुकेश, सुखपाल, मानिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# कंफ्यूज पार्टी बन गई है सपा: भूपेंद्र सिंह

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-अंतिम समय में भी टिकट तय नहीं कर पा रही है पार्टी

कार्यालय संवाददाता, संभल



संभल में भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम में बोलते प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि समाजवादी पार्टी अंतिम समय में भी अपन उम्मीदवार तय नहीं कर पा रही है। समाजवादी पार्टी व इंडिया गठबंधन अंतर विरोध और अंतर्कलह का शिकार है।

संभल में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करने आये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जिस प्रकार से समाजवादी पार्टी के टिकट गाजर मूली की तरह बिक रहे हैं और बदले जा रहे हैं उससे समाजवादी पार्टी के चरित्र और अं तर्कलह की बात साफ होती है। मुरादाबाद,रामपुर बागपत और अब मेरठ में प्रत्याशी बदले जाने का मतलब यही है कि समाजवादी पार्टी कंफ्यूज पार्टी बन गई है। अंतर विरोध और अंतर्कलह से जूझ रही यह पार्टी समाप्त वादी पार्टी बनने जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जयंत चौधरी के एक्स पर सपा में कुछ घंटे के लिए टिकट मिलने को लेकर जारी संदेश का समर्थन करते हुए कहा कि उनका यह बयान आज के परिप्रेक्ष्य में कहीं न कहीं ठीक बैठता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 80 और देश में चार सौ पार सीट पाने का संकल्प पूरा होगा।

**▸▸ अंतर्कलह के कारण गाजर मूली की तरह बिक रहे और बदले जा रहे हैं टिकट**

### एक-एक वोट तक पहुंचकर मतदान करायें कार्यकर्ता

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि हमें अपने बूथ पर बूथ कमेटियों के साथ बैठकर हर पन्ने का अध्ययन कर पन्ना प्रमुख के साथ मिलकर एक एक वोट तक जाना है। भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाकर ही संभल लोकसभा में विजयश्री प्राप्त कर पाएंगे। आज भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर अनेक दलों से नेतागण भाजपा में आ रहे हैं। पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी की लहर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह व संचालन जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया। इस दौरान लोकसभा प्रभारी राकेश सिंह, संयोजक पंकज गुप्ता, जिला प्रभारी हेमंत राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, धर्मेंद्र मिश्रा, डा. विनीत गुप्ता, डा. संजय वार्ष्णेय, डा. प्रशांत वार्ष्णेय आदि रहे।

### ऋण दिलाने के नाम पर हजारों रुपये की ठगी

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र निवासी दुकानदार से साइबर ठग ने ऋण दिलाने के नाम पर हजारों रुपये ठग लिए। पता चलने पर दुकानदार ने साइबर थाने में तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला मंगलपुरा निवासी शामून पुलिस चौकी के पास रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। बुधवार को ईद के मौके पर बेचने के लिए और रेडीमेड कपड़े लाने के लिए शामून ने किसी व्यक्ति से ऋण दिलाने का लालच दिया। गुरुवार की सुबह किसी दूसरे व्यक्ति ने फोन पर डेढ़ लाख रुपये का ऋण दिलाने का झांसा देकर शामून को अपने जाल में फंसा लिया। ऑनलाइन गूगल पे के माध्यम से ठग ने 44 हजार रुपये शामून से अपने बैंक खाते में डलवा लिए। दोपहर एक बजे व्यक्ति ने फिर से फोन कर शामून से साढ़े नौ हजार रुपये और बैंक खाते में डालने की मांग की, तो शामून को अपने साथ ठगी होने का पता चला। जिसके बाद शामून ने ऑनलाइन व साइबर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराकर पुलिस से रुपये वापस कराने की मांग की है।


गेहूं क्रय केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन करते किसान राजेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

# क्रय केंद्र पर 35 वें दिन हुई 40 क्विंटल गेहूं की खरीद

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए गेहूं क्रय केंद्र खोल दिये गये लेकिन 35 वें दिन गेहूं खरीद की शुरुआत हो पाई। बहजोई में खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर 40 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। किसान ने फीता काटकर क्रय केंद्र का उद्घाटन किया।

जनपद के 81 गेहूं क्रय केंद्र पर 1 मार्च से ही गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्र खोल दिए गए, लेकिन अब तक किसान गेहूं लेकर नहीं पहुंचे थे। क्रय केंद्र पर रहने वाले कर्मचारी भी किसानों का इंतजार कर रहे थे। गुरुवार को बहजोई में खाद्य विभाग के गेहूं क्रय केंद्र पर प्रथम किसान राजेंद्र सिंह गेहूं बेचने पहुंचे। एडीएम प्रदीप वर्मा ने किसान का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं किसान ने फीता काटकर गेहूं खरीद का उद्घाटन किया। किसान से 40 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। एडीएम प्रदीप वर्मा ने किसानों से आह्वान किया कि किसान अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर ही लेकर आएं। इस दौरान डिप्टी आरएमओ विजयेता सिंह, सीनियर मार्केटिंग इंस्पेक्टर अमित आजाद आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर शव रखकर लगाया जाम

संवाददाता, संभल



सड़क जाम के दौरान मृतक के परिजनों को समझाते सीओ अनुज कुमार चौधरी।

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा की टक्कर से घायल एंबुलेंस चालक की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस पर तीन दिन से थाने में बंद ई रिक्शा चालक को छोड़ने का आरोप लगाकर सड़क पर शव रखकर संभल चंदौसी मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सीओ ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।



कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नूरियो सराय निवासी चालक राजीव 35 वर्ष रविवार की रात संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे ई-रिक्शा की टक्कर से गंभीर रुप से घायल हो गया। राजीव की मुरादाबाद के निजी अस्पताल में गुरुवार की सुबह मौत हो गई। परिजन पोस्टमार्टम कराने के बाद शव लेकर घर आए तो कार्रवाई की मांग को लेकर संभल चंदौसी मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। मृतक राजीव के भतीजे रवि ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ई रिक्शा चालक को पकड़कर थाने में बंद कर दिया था। शिकायत मिलने के बाद भी बिना कार्रवाई के ही गुरुवार की सुबह ई रिक्शा चालक को छोड़ दिया। कोतवाल पवन कुमार ने जाम लगा रहे लोगों को समझाया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और सख्त कार्रवाई होगी। इस बीच मौके पर पहुंचे सीओ अनुज कुमार चौधरी ने परिजनों को ई रिक्शा चालक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। जाम की वजह से संभल चंदौसी मार्ग पर आधा घंटे से ज्यादा समय तक यातायात बाधित रहा।

**▸▸ एंबुलेंस चालक की मौत मामले में सीओ ने खुलवाया रास्ता**

### पुलिस पकड़ से दूर हैं हत्या कर शव जलाने के आरोपी

**असमोली/संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में ग्रामीण की हत्या कर शव को जलाकर फेंकने की जघन्य घटना के मामले में तीसरे दिन भी पुलिस हत्यारोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। यह हालात तब हैं जबकि ग्रामीण के भाई ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दुस्साहसिक वारदात के आरोपियों को नहीं पकड़ पाने को लेकर पुलिस की सक्रियता और कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। थाना क्षेत्र के गांव मालपुर मिलक निवासी कय्यूम (37 वर्ष) का जला शव मंगलवार को देर शाम ईंट भट्ठे के पास मिला था। जांच पड़ताल पर पता चला कि कय्यूम सोमवार को घर से किसी मुकदमे की तारीख करने रामपुर न्यायालय गया था लेकिन वापस घर नहीं लौटा। इस मामले में कय्यूम के भाई सय्यूम ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या करना बताते हुए गांव के ही रिजवान, इमरान और महजाद अली पर आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# जिले में जुमा अलविदा पर कड़े सुरक्षा प्रबंध, रहेगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिले में जुमा अलविदा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। मस्जिदों के अलावा अन्य प्वाइंटों पर पुलिस की तैनाती की गई है तो मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। संभल में भी चौकसी और निगरानी के कड़े प्रबंध किए गए हैं। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी जुमा अलविदा पर नमाज अदा करने को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

शुक्रवार को जुमा अलविदा पर मुस्लिम बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा करेंगे। सुरक्षा इंतजामों को लेकर खाका तैयार कर लिया गया है। शहर से लेकर देहात तक मस्जिदों के आसपास भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है तो दूसरे प्वाइंटों पर भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा मजिस्ट्रेटों को अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात करते हुए शांति एवं सद्भाव के साथ जुमा अलविदा की नमाज संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्रा ने संभल तहसील क्षेत्र को 16 सेक्टरों में बांटते हुए अधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई है तो यहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

संभल के अलावा सिरसी, सरायतरीन, हयातनगर, असमोली, पंवासा, सौंधन, बहजोई, धनारी, गुन्नौर, बबराला, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी जुमा अलविदा को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

**▸▸ पुलिस की तैनाती कर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई**

### मजबूत और स्थाई सरकार के लिए करें मतदान

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा में स्थित कायनात इंटर कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान जागरूकता को लेकर कार्यशाला हुई। जिसमें प्रधानाचार्य दीपचंद्र पांडेय ने कहा कि हमें इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि देश के विकास के लिए जाति, धर्म, भाषा क्षेत्र व लिंग का भेदभाव न करके मतदान किया जाए। मताधिकार का प्रयोग करते समय हमें प्रत्याशी के कार्यों, विश्वसनीयता, जवाबदेही और अनुभव को ध्यान में रखना है। उन्होंने कहा कि देश में मजबूत एवं स्थाई सरकार के गठन के लिए स्वयं भी वोट दें और अन्य मतदाताओं को भी वोट देने के लिए जरूर प्रेरित करें। किसी के दबाव, लालच, डर में वोट नहीं देना चाहिए क्योंकि यह पांच वर्ष तक देश के भविष्य को निर्धारित करने वाले जनप्रतिनिधि का चुनाव है। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है।


छात्र-छात्राओं को चश्मे देते सीएचसी के डॉक्टर। ● अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं को चश्मे निःशुल्क वितरित किए

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई के डॉक्टरों ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और जनता इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क चश्मे वितरित किए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से पूर्व में स्कूलों में नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया था। जिसमें जिन छात्र छात्राओं की आंखें कमजोर रहीं, उनका चयन चश्मे के लिए गया किया। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जनता इंटर कॉलेज जुनावई में 45 छात्र छात्राओं को चश्मे वितरित किए। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय दबथरा में 28 छात्राओं को भी चश्मे दिए गए। इस दौरान डॉ. विशनलाल गुप्ता, डॉ. चंद्रकेश आदि रहे।

### खेत में सांड़ ने हमला कर किसान को किया घायल

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र में खेत पर काम कर रहे किसान पर सांड़ ने हमला कर दिया। किसान की चीख पुकार सुनकर पहुंचे अन्य किसानों और स्कूली बच्चों ने लाठी डंडे से सांड़ को भगाया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए किसान को सैदनगली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना क्षेत्र के गांव नहरौली निवासी किसान छिद्दा (55 वर्ष) पुत्र नन्हें गुरुवार की सुबह खेत पर ईख की निराई करने गया था। दोपहर में खेत में सांड़ खेत में घुस गया। छिद्दा ने सांड़ को भगाने का प्रयास किया तो वह हमलावर हो गया। बताते हैं कि सांड़ ने छिद्दा को उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। किसानों ने छिद्दा के परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजन घायल को अमरोहा जिले के सैदनगली में स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने उसका उपचार शुरू किया।


एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# किसानों ने खतौनी में गड़बड़ी दूर करने की उठाई मांग

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने खतौनी नवीनीकरण पर हुई गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर खतौनी में गड़बड़ी को दूर कराने की मांग की। भाकियू अराजनैतिक जिला महासचिव चौधरी वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा कि संभल तहसील में खतौनियों का नवीनीकरण हुआ है। जिसमें शामिल खातों में किसी का हिस्सा ज्यादा हो गया तो किसी का कम हो गया। गाटा संख्या में भी किसानों की जमीन कम ज्यादा हो गई। करीब 80 गाटा में गड़बड़ी हुई है। एसडीएम से पुरानी खतौनी के अनुसार ही गड़बड़ी दूर कराने की मांग उठाई। इस दौरान ओमपाल, अरुण कुमार, सतीश चंद्र, प्रभात कुमार, नवीन कुमार आदि रहे।

# भक्ति बिना मानव जीवन बेकार : आचार्य रूपेंद्र

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन गुरुवार को कथा वाचक आचार्य रूपेंद्र भारद्वाज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए नवधा भक्ति का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि नारायण की भक्ति की दो प्रमुख कोटियों में दास्य और सखा भाव है। कथा के दौरान बालकृष्ण की झांकी देख श्रोता आनंद से झूम उठे।

कथा का आरंभ यजमान विजय कुमार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण-राधा की आरती से किया गया। कथा वाचक आचार्य रूपेंद्र भारद्वाज ने कहा कि अगर किसी मनुष्य के पास सभी सांसारिक सुख साधन हों मगर भक्ति भावना न हो तो उसका जीवन निरर्थक रहता है। जिस प्रकार स्त्री बिना आभूषण के सुंदर नहीं दिखती, उसी प्रकार बिना भक्ति मानव जीवन बेकार है। भगवान धरती पर भक्तों की रक्षा करने के लिए अवतार के रूप में आते हैं। जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ा है, तब-तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतरित हुए हैं। यही संदेश श्रीकृष्ण ने गीता में भी दिया है।

इस दौरान नीरज वार्ष्णेय, अनीता वार्ष्णेय, उमेश वार्ष्णेय, रश्मि वार्ष्णेय, अनिका वार्ष्णेय, वर्षा अग्रवाल, शांति देवी, गिरीश चंद्र, प्रियंका, प्रेरणा, मंजू और रेखा आदि मौजूद रहे।


बबराला में कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**श्रीमद् भागवत कथा**

**▸▸ श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए नवधा भक्ति का रसपान कराया**

### कथा में गिरिराज जी को लगाया छप्पन भोग

**चन्दौसी, अमृत विचार:** गोशाला रोड पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुवार को कथा के चौथे दिन कथा वाचक अखिलेश्वर रामानुज वैष्णव दास महाराज ने श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा के बीच भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कई प्रकार की झांकियां प्रस्तुत की। झांकियों में दिखाया गया कि कैसे श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी एक उंगली से उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

इस दौरान गिरिराज को छप्पन भोग प्रसाद अर्पित किया गया। इस अवसर पर संजय, मृदुला मांगलिक, शोभित, पूजा गोयल, अभिषेक, शिवांगी मांगलिक, शिवम अगरवाल, ओमप्रकाश योगी, अनिल गोयल, बंटू शर्मा, आदि मौजूद रहे।



गांव में रैली निकालते स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

# रैली निकाल मतदान करने की शपथ दिलाई

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिकारी ग्रामीण इलाकों में पहुंचे। वहां उन्होंने सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीणों के साथ गांव में जागरुकता रैली निकाली। मतदान के दिन शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। गांव बमनेटा में आयोजित कार्यक्रम के तहत परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, डीआईओएस वेदराम, एलडीएम अमित बिश्नोई व डीआईओ बृजेश कुमार ने मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक है। यहां निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के साथ सरकार चुनी जाती हैं। बेहतर सरकार के चुनाव के लिए हम सभी को मतदान करना जरूरी होता है। इसके बाद अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का ग्रामीणों के साथ जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान एनआरएलएम के मिशन प्रबंधक मोहनलाल, ग्राम प्रधान शाहिद व समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

### मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान

**बबराला, अमृत विचार :** नगर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। आलम यह है कि लोगों का घरों में बैठना मुश्किल हो रहा है। मच्छरों से बचने के लिए लोग क्वाइल जलाकर रखते हैं।

इससे थोड़ी राहत मिलती है लेकिन धुएं से लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने का कारण नालों व नालियों की ठीक से सफाई न होना है। लोगों का कहना है कि कुछ जगहों पर ही नालों की सफाई की गई है, जबकि अधिकतर जगहों पर नालों की सफाई न होने से लगातार मच्छर पनप रहे हैं। शाम के वक्त से तो हालात ज्यादा गंभीर हो जाते हैं। मच्छरों के प्रकोप से डेंगू, मलेरिया आदि बीमारी फैलने की आशंका है। फिर भी नगर पंचायत और स्वास्थ्य विभाग की ओर से मच्छरों के खात्मे के लिए कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लोगों ने जिम्मेदारों से फॉगिंग कराने की मांग उठाई है।

# साक्षी स्टार समिति की कार्यकारिणी ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** साक्षी स्टार समिति की ओर से फव्वारा चौक स्थित एक रेस्तरां में समिति का अधिष्ठापन समारोह हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष सुधा शर्मा को चुना गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा, सीता अग्रवाल, उर्मिला शर्मा, श्वेता सैनी, आशा सारस्वत ने भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समिति की ओर से समाजसेवा के कार्य किए जाते हैं। जिसमें निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग किया जाता है। समिति की ओर से कई जरुरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग कर उन्हें दहेज का सामान दिया जा चुका है। इसके बाद रंजना शर्मा ने समिति की अध्यक्ष सुधा शर्मा, सचिव रेनू शर्मा, कोषाध्यक्ष बबिता बिंदल सहित अन्य सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई। साथ ही समिति में समाज सेवा के कार्य करने वाली महिला पदाधिकारियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान निधि गुप्ता, छवि रस्तोगी, विजयालक्ष्मी, सलोनी रस्तोगी, सुनीता शर्मा, भावना सिंह, वर्षा सिंधी, शालिनी गोयल, गीतांजलि मदान, दमयंती सिंह, विमलेश शर्मा के अलावा विषेश अतिथि के रुप में रानी शर्मा, संजय शर्मा, नकुल शर्मा, अजय सक्सेना, पीयूष वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



अधिष्ठापन समारोह में शपथ दिलाती प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा। ● अमृत विचार

**अधिष्ठापन समारोह**

**▸▸ समिति के अध्यक्ष के रूप में सुधा शर्मा को चुना गया**

**▸▸ निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग करती है समिति**

### कंस का वध कर दिलाई थी अत्याचार से मुक्ति

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा की मढ़ैया के शिव मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया।

गुरुवार को कथा के छठे दिन कथा वाचक सोमवीर शास्त्री ने श्रीकृष्ण की माखन चोरी व कंस वध की लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण बचपन में ग्वाल वालों के साथ माखन चोरी करते थे। श्रीकृष्ण जब बड़े हुए तो उन्होंने कई राक्षसों का वध किया और यमुना से कालिया नाग को नाथ लिया था। एक बार श्रीकृष्ण व बलराम के पास मथुरा से कंस का बुलावा आया। इसके बाद दोनों भाई मथुरा पहुंचे, कंस ने अपने भांजों का स्वागत में पहलवान खड़े कर दिए। जिनको दोनों भाइयों ने युद्ध में हरा दिया। इसके बाद श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर दिया और जेल में बंद अपने माता-पिता व नाना को रिहा कराया। कथा में कई झांकियां भी प्रस्तुत की गई।

## एक नजर

### सीआरपीएफ के जवान की पत्नी ने खाया जहर, मौत

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर की सिल्वर स्टेट कॉलोनी में सीआरपीएफ के जवान की पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालात गंभीर होने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने जवान को हिरासत में ले लिया है। बदायूं के उझानी कस्बा निवासी सुधीर कुमार त्रिवेदी ने वर्ष 2020 में बेटी अंजलि की शादी इज्जतनगर की सिल्वर स्टेट कॉलोनी निवासी अभिनव तिवारी के साथ की थी। अभिनव सीआरपीएफ में सिपाही हैं। उनकी तैनाती राजस्थान के अजमेर में है। अभिनव कुछ दिन पहले एक माह के अवकाश पर आए थे। बुधवार को अभिनव और अंजलि के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोपहर तीन बजे अंजलि ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी होने पर अभिनव अंजलि को निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सुधीर त्रिपाठी परिजनों के साथ बरेली आ गए। उनका आरोप है कि बेटी को अभिनव व उनके परिजन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे, जिससे परेशान होकर अंजलि ने आत्महत्या कर ली।

# नकदी व जेवर समेत 4 लाख की चोरी, गृहस्वामी को किया घायल

## कैला देवी थाना क्षेत्र के मूसापुर गांव में हुई घटना, पुलिस ने की जांच

**संवाददाता, संभल/कैलादेवी**

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने ग्रामीण के घर में घुसकर नकदी व सोने चांदी के जेवर सहित चार लाख की संपत्ति चोरी कर ली। आहट होने पर गृहस्वामी जागा तो बदमाशों ने उस पर ईंट से हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

थाना क्षेत्र के गांव मूसापुर निवासी जियाउल्ल हसन बुधवार की रात ग्यारह बजे फसल की सिंचाई करने के बाद घर आकर बरामदे में सो गया। देर रात एक बजे मकान की दीवार से सटे आम के पेड़ पर चढ़कर तीन बदमाश घर में घुस आए। दो बदमाश घर से कीमती सामान समेटने लगे जबकि एक हाथ में ईंट लेकर जियाउल हसन की चारपाई के पास खड़ा हो गया। आहट से अचानक जियाउल हसन नींद से जागा तो सामने बदमाश को खड़ा देख शोर मचा दिया। इस पर बदमाश ने ईंट मारकर जियाउल हसन को चोटिल कर दिया। इसके बाद बदमाश चोरी किया गया सामान लेकर भाग गये। शोर को सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर इकठ्ठा हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जियाउल हसन ने बताया कि बदमाश अलमारी में रखी 82 हजार रुपये की नकदी व सोने चांदी के जेवर सहित चार लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दो लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मारपीट की घटना के दस दिन बाद मामले में कोतवाली में दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। मोहल्ला लक्ष्मणगंज निवासी नेहा पत्नी इकरार ने थाने में तहरीर देकर में बताया कि वह 25 मार्च की रात साढ़े आठ बजे वह अपने घर में परिवार के साथ भोजन कर रही थी। मोहल्ला सीकरी गेट के दो भाई वसीम व भूरा बिना आवाज दिए घर में घुस आए और आते ही गाली-गलौज करने लगे। जब महिला के पति ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। तभी वसीम ने महिला के पति पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया। जिसके वार से पति का बाया कान कट गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने वसीम व भूरा के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### प्रेमी जोड़े के गेहूं के खेत में मिले शव

**बरेली, अमृत विचार :** बहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्वारी गांव में गेहूं के खेत में प्रेमी जोड़े के शव मिले हैं। पुलिस को मौके से कपड़े और कीटनाशक की शीशी मिली हैं, जिससे जहर खाकर जान देने की आशंका जताई जा रही है। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन अलग-अलग जाति का होने की वजह से परिजन विरोध कर रहे थे। पुलिस आत्महत्या के साथ ऑनर किलिंग के एंगल पर भी जांच कर रही है।

ग्वारी गांव निवासी 22 वर्षीय युवक ने दसवीं तक की पढ़ाई की थी। उसका गांव की रहने वाली 21 वर्षीय युवती से पिछले चार साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन बिरादरी अलग-अलग होने के कारण परिजन और ग्रामीण विरोध कर रहे थे। गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे दोनों के शव गांव से एक किलोमीटर दूर टीकाराम के गेहूं के खेत में मिले। जिस खेत में प्रेमी जोड़े के शव बरामद हुए हैं। उसके पास में बिजली का काम चल रहा है। दोपहर में एक कर्मचारी खेत की तरफ गया तो उसे कुछ कपड़े दिखाई दिए तो उसने आगे जाकर देखा तो दोनों के शव पड़े थे।


सीएचसी में घायल का उपचार करता स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

# बाइक को टेंपो चालक ने मारी टक्कर, तीन लोग हुए घायल

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

▸▸ घटना के बाद चालक फरार पुलिस ने टेंपो कब्जे में लिया

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के संभल मार्ग पर रेलवे फाटक के पास मोड़ते समय बाइक को टेंपो चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने तीनों युवकों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद चालक टेंपो छोड़कर फरार हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ निवासी अर्जुन पुत्र रामनिवास, सोनू पुत्र बाल किशन व नितिन पुत्र गुड्डू गुरुवार की शाम तीनों युवक बाइक पर सवार होकर घरेलू सामान लेने बनियाठेर क्षेत्र के कस्बा नरौली गए थे। रात आठ बजे वापस लौटते समय जब बाइक सवार संभल-चन्दौसी मार्ग स्थित रेलवे फाटक से आगे निकले और गांव की ओर बाइक मोड़ी तो सामने से आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए।

### झोलाछाप के इलाज से बच्चे की किडनी फेल

**बरेली, अमृत विचार :** परिजन दो वर्षीय बीमार बच्चे का इलाज एक झोलाछाप से कराते रहे। हालत गंभीर हुई तो बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में बच्चे की दोनों किडनी में गंभीर संक्रमण पाया गया। काफी हद तक उसकी दोनों किडनी काम नहीं कर रही हैं। उसे हायर सेंटर किया गया है।

जगतपुर गौटिया निवासी मो. आरिफ के दो वर्षीय बेटे मो. आरिफ को उल्टी, दस्त के साथ निमोनिया की समस्या हो गई। परिजनों ने एक झोलाछाप से बच्चे का इलाज कराया, मगर उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। घरवाले बच्चे को निजी अस्पताल भी ले गए, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते वहां से डिस्चार्ज कराकर गुरुवार सुबह बच्चे को जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती कराया। यहां बच्चे के खून की जांचें की गईं। रिपोर्ट आने पर पता चला कि बच्चे की किडनी में गंभीर संक्रमण है। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर बच्चे को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हालांकि, बच्चे की किडनी फेल होने के मामले कम ही सामने आते हैं।

# पुलिया निर्माण होने पर कई ट्रेनें रद्द

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** चन्दौसी-बरेली रेलवे ट्रैक पर बिशारतगंज रेलवे स्टेशन के पास पुरानी पुलिया पर निर्माण को लेकर आधा दर्जन ट्रेनें रद्द कर दी गई। जिससे बरेली दिशा जाने व चन्दौसी आने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिन भर रेलवे स्टेशन पर सन्नाटा रहा।

बरेली से बिशारतगंज रेलवे स्टेशन के बीच पुरानी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिससे 20 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुलिया से ट्रेनें गुजारी जा रही थी। गुरुवार को पुरानी के स्थान पर नई पुलिया बनाने का निर्णय रेलवे बोर्ड द्वारा लिया गया। जिससे गुरुवार को चन्दौसी-बरेली के बीच चलने वाली कई यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। जिसमें 04366 मुरादाबाद-बरेली, 04378 बरेली-अलीगढ़, 04365 अलीगढ़-बरेली, 04375 अलीगढ़-बरेली ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। इसके अलावा 15529 साप्ताहिक सहरसा-आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेन को बरेली से रामपुर-मुरादाबाद होकर गुजारा गया। वहीं 04303 बरेली से दिल्ली जाने वाली स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन को भी रद्द कर दिया गया। गुरुवार को रद्द रहने वाली ट्रेनों के विषय में अधिकांश यात्रियों को जानकारी नहीं थी। सुबह से शाम के बीच अपनी-अपनी ट्रेनों में यात्रा करने के लिए यात्री रेलवे स्टेशन पहुंचे तो ट्रेन के रद्द होने की जानकारी हुई। जिससे उन्हें अन्य रोडवेज बस व अन्य वाहनों से जाने को मजबूर होना पड़ा। वहीं यही स्थिति बरेली से चन्दौसी आने वाले यात्रियों की भी रही।


चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

▸▸ जानकारी नहीं होने पर यात्रियों को करना पड़ा दिक्कतों का सामना

# फर्जी बैनामे से मकान बेचने में बहन, बहनोई सहित 3 गिरफ्तार

**संवाददाता, संभल**

▸▸ भाइयों ने बहन व बहनोई से मिलकर मारने की धमकी दी

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने फर्जी तरीके से प्लॉट का बैनामा कराकर बेचने के आरोप में भाई बहन व जम्मू कश्मीर निवासी बहनोई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर तीनों का चालान कर दिया।

सरायतरीन के मोहल्ला भालेभाज खां निवासी रामकुमार ने 31 वर्ष पहले संभल तहसील के गांव अजीजपुर असदपुर निवासी होराम से मकान खरीदा था। रामकुमार ने भाई हरदयाल की मौत होने के बाद एक हिस्सा रहने के लिए मकान का उसकी पत्नी संतोष को दिया था। थोड़े दिन बाद संतोष मुरादाबाद जाकर रहने लगी। आरोप है कि संतोष की बेटी राखी पत्नी जम्मू जिले के मैन रोड तालाब टिल्लू निवासी दिनेश कुमार ने अपने भाई यादराम, रामनिवास और प्रमोद के साथ मिलकर दिसंबर माह में फर्जी बैनामा दिखाकर मकान का एक हिस्सा हयातनगर निवासी महिला को बेच दिया। जानकारी होने पर रामकुमार ने विरोध किया तो भाइयों ने बहन व बहनोई के साथ मिलकर आग में जलाकर जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर 15 फरवरी को राखी, दिनेश कुमार, यादराम, रामनिवास और प्रमोद सहित पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राखी, दिनेश कुमार व रामनिवास को रोडवेज स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# देवी की आराधना कर सुख समृद्धि की कामना की

**संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** होली के बाद गुरुवार को रायसत्ती देवी मंदिर व श्री दाऊ मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया। गुरुवार की सुबह से ही महिलाएं अपने बच्चों के साथ मंदिरों में पहुंची और विधि विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने घर से लाए भोजन को ग्रहण किया।

इसके बाद मेले का लुत्फ उठाया। परंपरा के अनुसार बसोड़ा पूजने के बाद आने वाले गुरुवार को दोनों मंदिरों पर मेले का आयोजन किया जाता है। गुरुवार की सुबह महिलाएं मंदिर पहुंची और माता रानी का विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद घर परिवार की सुख समृद्धि व बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। महिलाएं घर से भोजन बनाकर मंदिर ले जाती है। जहां मंदिर परिसर में भोजन ग्रहण किया जाता है। इसके बाद मेले में पहुंचकर चाट पकौड़ी का लुत्फ उठाया। वहीं बच्चों ने मेले में लगी दुकानों से खरीदारी की। दोनों ही स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। श्री दाऊजी मंदिर पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। जिसमें विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विवेक कुमार चौधरी, जयरानी चौधरी, डॉ. सुधा चौधरी, वैभव कुमार, सरला चौधरी, सुरभि चौधरी, सीमा चौधरी, प्राची आर्य, राजेश बाला चौधरी, महेश चौधरी आदि मौजूद रहे।


रायसती मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

▸▸ रायसत्ती देवी मंदिर व श्री दाऊजी मंदिर पर लगा मेला

# शादी से इनकार पर युवक को परिजनों से पिटवाया

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

▸▸ युवक ने युवती सहित चार के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर शुरु हुई दोस्ती प्यार में बदल गई। युवक ने युवती से शादी करने से इनकार कर दिया और बात करना भी बंद कर दी। इससे क्षुब्ध होकर युवती ने अपने परिजनों से युवक की पिटाई करा दी। युवक ने युवती सहित चार लोगों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा नगर निवासी विजय पुत्र स्व. बलदेव की कुछ दिन पहले मुरादाबाद के चाऊ की बस्ती निवासी युवती से सोशल मीडिया पर दोस्ती हुई । कुछ दिन बाद दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों रोजाना बातचीत करने लगे। एक दिन युवती ने युवक के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। आरोप है कि जब युवक ने युवती के बारे में जानकारी की तो उसका चाल-चलन ठीक नहीं निकला। इसके बाद युवक ने युवती से बात करनी बंद कर दी। तभी से युवती युवक से रंजिश मानने लगी। मंगलवार को युवक किसी कार्य से कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर उगिया गया था। जब अपराह्न तीन बजे वापस लौट रहा तो मोहल्ला चुन्नी के श्मशान के घाट के पास युवती अपने पिता व परिचितों के साथ खड़ी थी। परिजनों ने युवक को रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर युवक को जमकर पीटा। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। युवक की तहरीर पर पुलिस ने युवती, उसके पिता व रवि व हिमांशु निवासी चाऊ की बस्ती मुरादाबाद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### हयातनगर में हुई पीस कमेटी की बैठक

**सरायतरीन, अमृत विचार :** हयातनगर थाना परिसर में गुरुवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम ने बताया कि थाना क्षेत्र में ईद, रामनवमी और अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी। इस दौरान कोई भी नई परंपरा ड़ालकर माहौल खराब ना करें। साथ ही मस्जिद परिसर से बाहर मुस्लिम समाज के लोग सड़क पर नमाज अदा न करें। हिंदू समाज के लोग रामनवमी पर जुलूस के दौरान तेज आवाज में डीजे न बजाएं। आगामी पर्वों पर नगर पालिका का ओर से साफ सफाई व बिजली पानी का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस दौरान सीओ अनुज कुमार चौधरी, नगर पालिका ईओ आनंद कुमार कटारिया, थाना प्रभारी संत कुमार व संजय वार्ष्णेय, नवरत्न वार्ष्णेय, जयप्रकाश गुप्ता, जीशान, नाजिर, संजीव, आरिफ, अशलम, अरविन्द शर्मा, बब्लू सागर आदि लोग मौजूद रहे।

# अधिकारी बोले, भाईचारे के माहौल में मनाएं त्योहार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** पीस कमेटी की बैठक में अधिकारियों ने विभिन्न धर्म के लोगों, सभासदों, व्यापारियों से संवाद करते हुए त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि दोनों समुदाय के लोग भाईचारे के माहौल में त्योहार मनाएं।

गुरुवार को कोतवाली में आयोजित हुई बैठक में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, सीओ अनुज कुमार चौधरी और कोतवाल पवन कुमार ने संवाद किया। अधिकारियों ने कहा कि ईद, रामनवमी, डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर शांति व्यवस्था कायम रहे। त्योहारों को सौहार्द्र के साथ मनाया जाए। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के चेयरमैन गौरी शंकर चौधरी ने कहा कि त्योहारों को आपसी प्रेम से मनाकर भाईचारे की मिशाल पेश करनी है। लोकतंत्र के महापर्व में वोट की आहुति देनी है। इसके लिए सभी को प्रेरित किया जाए। दुकानों और प्रतिष्ठानों पर मतदान को प्रेरित करने के लिए स्लोगन लिखवाए जाएं। संजय गुप्ता पोली ने भी बैठक में अपनी बात रखी। शहर इमाम मौलाना आफताब हुसैन वारसी, हाजी एहतेशाम अहमद, लड्डुन मियां ने भी शांति एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस दौरान शाकिर हुसैन, नवील अहमद, मोहम्मद आकिल, विनय चंद्रा, फरजंद अली वारसी, महावीर सिंह, फुरकान वारसी, बिट्टू वारसी, गुलजार अंसारी, सरदार गुरविंदर, हाजी लड्डुन और जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक में बोलते संजय गुप्ता पोली। ● अमृत विचार

▸▸ त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

### त्योहारों पर नई परंपरा डालने वालों पर होगी कार्रवाईः पुलिस क्षेत्राधिकारी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ईद व अन्य त्योहारों को लेकर पुलिस व प्रशासन गंभीर है। त्योहार शांति पूर्ण से संपन्न कराने की चुनौती है, क्योंकि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। गुरुवार को त्योहार ईद, आंबेडकर जन्मोत्सव, नवरात्र आदि को लेकर कोतवाली में नागरिकों की बैठक हुई। जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि त्योहार पर अगर कोई नई परंपरा डालने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अफवाह पर ध्यान नहीं दे। अगर कोई अफवाह फैलाने का कार्य करता है, तो उसकी सूचना पुलिस को दे। ईद पर निश्चित स्थान पर ही नमाज अदा करें और अपने त्योहार को शांति पूर्ण माहौल में मनाए। इसके अलावा 14 अप्रैल को आंबडेकर जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर भी सीओ ने शोभायात्रा निकालने वाली समिति के पदाधिकारियों से वार्ता की। बताया कि शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से तय मार्ग से निकाली जाएगी। वहीं एसडीएम नीतू रानी ने बताया कि त्योहारों को लेकर प्रशासन गंभीर है। क्योंकि त्योहारों के तुरंत बाद लोकसभा चुनाव है। इसलिए कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करें। जिससे शहर की फिजा खराब हो। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह, शहर इमाम नाजिम अली, शहर काजी हाजी मरगूब, बदले आलम, बाबू खां, नईम, अनबर, हाफिज मोहम्मद, फईम, वली मोहम्मद, शाह आलम मंसूरी, कपिल कुमार, योगेशचंद्र, विनोद कुमार, हितेश कुमार, कपिल कुमार, राहुल कुमार, राकी वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी रिटर्न भरने की जानकारी दी

**संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** टैक्स कंसल्टेंसी सर्विसेस की ओर से जीएसटी तथा इनकम टैक्स के रिटर्न को लेकर जागरुकता शिविर का आयोजन श्री बारहसैनी सेवा सदन में किया गया। शिविर में टैक्स कंसल्टेंसी सर्विसेस के संचालक अधिवक्ता अमित अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी रिटर्न समय से भरना चाहिए।

कहा कि व्यापारी अपने अधिवक्ता व एकाउंटेंट को रिटर्न की अंतिम तिथि से कुछ दिन पहले ही आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध करा दें। जिससे उनका रिटर्न समय से भरा जा सके। व्यापार में खातों के रखरखाव का महत्व बताते हुए एकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के जानकार राजीव वार्ष्णेय ने कहा कि किसी भी व्यापार में खातों का रखरखाव बहुत महत्व रखता था। आधुनिक तकनीक व सॉफ्टवेयर ने खातों के रखरखाव को आसान बनाया है। व्यापारी तकनीक का सहारा लेकर अपने खाते अप टू डेट रखे। जिससे रिटर्न समय आसानी हो। इस दौरान हरप्रीत सिंह, राजीव गुप्ता, विवेक वार्ष्णेय, पराग वार्ष्णेय, धैर्य वार्ष्णेय, निपुन जैन, पंकज आर्य, आशीष वार्ष्णेय, सूरज पाल वार्ष्णेय, प्रवीण गोयल, अंकित गुप्ता, कृष्णा अग्रवाल, महेश कुमार शर्मा, सर्वेश कुमार चीनी, हरीओम अग्रवाल, विपिन वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**जागरुकता शिविर**

▸▸ टैक्स कंसल्टेंसी सर्विसेस की ओर से लगाया गया शिविर

▸▸ व्यापार में खातों का रखरखाव बहुत महत्व

# सात केंद्रों पर 7 अप्रैल को होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा सात केंद्रों पर 7 अप्रैल को होगी। परीक्षा की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। जिले के अलावा मुरादाबाद, लखनऊ, मेरठ और गाजियाबाद में भी केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में 21 सौ से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा संबंधी दिशा निर्देश प्रवेश पत्र पर दिए गए हैं।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में मेकिनकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में तीन केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर 440-440 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसके अलावा मुरादाबाद के केजीके कॉलेज में 533, लखनऊ के बक्शी के तालाब में चंद्रभानु गुप्ता महाविद्यालय में 152, गाजियाबाद के शंभुदयाल पीजी कॉलेज में 96 और मेरठ के दधीची पब्लिक स्कूल में 102 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

### बरेली कॉलेज के 82 शिक्षक चुनाव ड्यूटी में, परीक्षा में हो रही दिक्कत

बरेली कॉलेज के 82 शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है। इसकी वजह से रुहेलखंड विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा में दिक्कत आ रही है। परीक्षा में अधिकांश महिला टीचरों को लगाया गया है। इसके अलावा अब व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। प्राचार्य प्रो. ओपी राय की ओर से प्रशासन को भी इस संबंध में अवगत कराया गया है।

### परास्नातक परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक वार्षिक परीक्षा के कार्यक्रम और समय में बदलाव किया है। लोकसभा चुनाव और दूसरी पाली में छात्रों की संख्या अधिक होने की वजह से पहली पाली की सुबह 7 से 10 बजे की परीक्षा अब तृतीय पाली में दोपहर 3 से 6 बजे तक होगी।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की परीक्षा 9 अप्रैल से शुरू होगी। परीक्षा 2 मई तक चलेगी। परीक्षा की पाली के साथ कुछ प्रश्नपत्रों में भी बदलाव किया गया है। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर संशोधित परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। विश्वविद्यालय की स्नातक की परीक्षा 19 मार्च से शुरू हुई हैं। एक अप्रैल से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की भी परीक्षा शुरू हो गई। इसके अलावा 5 अप्रैल से बीएड और अन्य पाठ्यक्रमों की भी परीक्षा शुरू होगी।


महाराजा निषादराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी व अन्य।

# व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाई महाराजा निषादराज की जयंती

**संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल की ओर से सीता रोड पर महाराजा निषादराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। व्यापारियों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि निषादराज ने श्रीराम के बनवास जाते समय नदी पार करवाई थी। उनके इस कार्य को युगों-युगों तक याद किया जाएगा। कहा कि जीवन में कैसी भी परिस्थिति हो हमेशा अपने मित्र, परिवार का सहयोगी बनकर रहना चाहिए। निषादराज ने मित्रता की परिभाषा से समाज को आइना दिखाने का कार्य किया है। इस दौरान डॉ. टीएस पाल, अतुल कश्यप, आकाश कुमार शर्मा, अनुराग वार्ष्णेय, कृष्ण मोहन गुप्ता, रोशन लाल दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता, श्याम सुंदर दुबे, मनीष वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथै।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

## संपादकीय

# भारत-अमेरिका संबंध

अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। भारत के साथ संबंधों को गहरा करना अमेरिकी विदेश नीति के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। भारत और अमेरिका के व्यापक साझा हित हैं। अमेरिका उस क्षेत्र को खतरनाक मानता है जहां चीन आगे बढ़ रहा है। बुधवार को इंडो-पैसिफिक लैंड फोर्सेज कमांडर जनरल चार्ल्स फ्लिन ने कहा कि चीन की आधुनिक मिसाइलों का मुकाबला करने के उपायों का पता लगाने में अमेरिकी बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अमेरिका निकट भविष्य में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करने पर विचार कर रहा है। भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल का उद्देश्य भी एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखना है। क्योंकि दुनिया का अधिकांश व्यापार संचार की समुद्री लाइनों पर निर्भर होने के कारण उनकी सुरक्षा बनाए रखना महत्वपूर्ण है। चूंकि व्यापार बड़े पैमाने पर महासागर के माध्यम से किया जाता है, इसलिए मजबूत समुद्री परिवहन सहयोग से हिंद-प्रशांत में देशों के भीतर और बीच शिपिंग नेटवर्क को मजबूत करने में मदद मिलेगी। समुद्री क्षेत्र में सहयोग निकट भविष्य में भारत-अमेरिका संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है। साथ ही तेजी से सिर उठाते खतरों का सामना करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ख़ुफ़िया सूचना सहयोग को न सिर्फ सशक्त करने की जरूरत है, बल्कि इसे विभिन्न क्षेत्रों में फैलाने के लिए तमाम संभावनाओं को तलाशने की भी आवश्यकता है।

भारत और अमेरिका खास तौर पर इंडो-पैसिफिक में महाद्वीपीय, समुद्र और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में संवेदनशील जानकारी साझा करने के साथ ही इंटेलिजेंस सेक्टर में आपसी सहयोग सशक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के बीच मजबूत होती भागीदारी ने खुफिया मामलों में आपसी सहयोग की संभावनाओं के ऐसे द्वार खोलने का काम किया है जिनके बारे में दो दशक पहले सोचना भी मुमकिन नहीं था। जिस प्रकार से क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा को लेकर माहौल में बदलाव आ रहा है, उसके मद्देनज़र अमेरिका और भारत की खुफिया एजेंसियों के बीच सशक्त सहयोग बेहद जरूरी हो गया है। समुद्री क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारियां आज के दौर में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए ख़ासी महत्वपूर्ण हो गई हैं। यही वजह है कि खुफिया जानकारी साझा करने का महत्व भी बहुत बढ़ गया है। इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक सफलता हासिल करने के लिए समुद्री मार्गों की सुरक्षा, समुद्री लुटेरों का मुक़ाबला करना और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना बेहद अहम हो जाता है।

# किसानों से गेहूं खरीद क्यों है जरूरी



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है।

सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से की जाने वाली गेहूं खरीद नियत समय से पहले ही प्रारंभ कर दी है, क्योंकि केंद्रीय पूल का गेहूं स्टॉक बफर मानक से भी नीचे आ जाने की संभावना है और यदि ऐसा हो जाता है तो पिछले सोलह वर्षों में पहली बार ऐसा होगा। वस्तुत पिछले दो सालों से गेहूं की कम सरकारी खरीद, देश के 80 करोड़ लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मुफ्त राशन निरंतर दिए जाने और बाजार मूल्य नियंत्रण के लिए भारतीय खाद्य निगम द्वारा खुले बाजार में की गई अधिक बिक्री के कारण बफर स्टॉक की यह स्थिति हुई है।

असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है। देश में सूखा, बाढ़, भूकंप आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आने वाली खाद्यान्न की कमी को दूर करने के लिए खाद्यान्न इसी बफर स्टॉक से ही भेजा जाता है। किसी भी देश में खाद्यान्न की उपलब्धता की स्थिति को दर्शाने के लिए यह बफर स्टॉक महत्वपूर्ण है। वस्तुतः पिछले दो सालों से खुले बाजार में गेहूं का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक है। स्वाभाविक रूप से किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने के बजाय खुले बाजार में बेचना श्रेयस्कर समझा। खुले बाजार में निजी व्यापारियों द्वारा गेहूं का ज्यादा मूल्य दिए जाने के कारण किसान सरकार को पहले की तरह गेहूं नहीं बेच रहे हैं। इन्हीं सब कारणों से इस वर्ष देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की संभावना के बावजूद सरकार ने अपना क्रय लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन ही रखा है।

चुनावी वर्ष होने के कारण सरकार पर अतिरिक्त दबाव यह है कि किसी तरह से वह मंहगाई को नियंत्रण में रखें। इसी के दृष्टिगत बाजार में गेहूं के मूल्य नियंत्रण हेतु सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओपन मार्केट सेल स्कीम के अंतर्गत

हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया, क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े।

सरकार द्वारा सिर्फ 2150 रुपये प्रति क्विंटल के रियायती दर पर 80.04 लाख मीट्रिक टन गेहूं निजी और सहकारी क्षेत्र को बेच चुकी है। खुले बाजार में इतनी अत्यधिक मात्रा में गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य कोई विशेष कम नहीं हो पाया है। अभी खरीद सीजन प्रारंभ होने और मार्केट में नया गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य ज्यादा नहीं गिरा है। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को गेहूं बेचने के लिए अनेक प्रकार की कागजी औपचारिकताएं पूरी करनी होती है, जबकि व्यापारी किसानों के घर से गेहूं खरीद बिना किसी कागजी प्रक्रिया के कर लेते हैं।

हालांकि इसको देखते हुए सरकार ने इस वर्ष शुरू से ही मोबाइल क्रय केंद्रों की स्वीकृति दे दी है। अब सरकार भी किसानों के घर से गेहूं खरीद करेगी। निजी व्यापारी 'जो जैसा है, जहां है' नियम के आधार पर खरीद करते हैं। जबकि सरकारी क्रय केंद्रों पर मानक निर्धारित हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को उसके बिक्री का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में किया जाता है। जबकि निजी व्यापारी अभी भी ज्यादातर नकद भुगतान करते हैं, जो किसानों को ज्यादा सुविधाजनक लगता है। खेती और पारिवारिक के खर्चों के लिए तत्काल नकद पैसे उनको अच्छा लगता है। इसके अतिरिक्त अधिकतर किसानों ने बैंकों, सहकारी समितियों या अन्य संस्थाओं से कृषि या अन्य कार्यों के लिए ऋण लिया होता है जिसके संबंध में उन्हें भी लगता है कि सरकारी केंद्रों पर बेचे गए गेहूं का भुगतान यदि उनके बैंक खातों में गया तो संबंधित बैंक अपना ऋण या बकाया पहले एडजस्ट कर लेगी। इसके अतिरिक्त वे निजी व्यापारियों से भी फसल लगाने से पूर्व ही अग्रिम ले लिया होता है। इन सब कारणों से यदि मार्केट रेट एमएसपी से ज्यादा कम नहीं है तो वे निजी व्यापारियों को खाद्यान्न बेचना ज्यादा पसंद करते हैं। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि गेहूं ऐसा खाद्यान्न है जिसका किसान स्वयं भी आसानी से भंडारण कर सकता है और यदि तत्काल उन्हें पैसे की आवश्यकता नहीं है तो वे गेहूं नहीं बेचते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2023-24 में गेहूं के अनुमानित उत्पादन 1120 लाख टन के सापेक्ष खपत मात्र 1077 लाख टन ही होने की संभावना है। हालांकि अमेरिका का कृषि विभाग आस्ट्रेलिया और भारत को छोड़कर कनाडा, रूस, यूक्रेन, यूरोपियन यूनियन में गेहूं के उत्पादन में गिरावट होने का अनुमान जारी किया है जिससे वैश्विक बाजार में भाव ज्यादा रहने की संभावना है। आम चुनाव के बाद देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की स्थिति में गेहूं एक्सपोर्ट शुरू होने की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार यानी ई-नाम के अनुसार देश की कई मंडियों में गेहूं का दाम अभी भी एमएसपी से ज्यादा है। भारत चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं उपभोक्ता और उत्पादक देश है, लेकिन घटती सरकारी खरीद और घटते बफर स्टॉक के दृष्टिगत सरकार ने 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। बफर स्टॉक में गेहूं के कम भंडारण से खुले बाजार में कीमतें बढ़ने की संभावना होती है।

हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया, क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े। अमेरिकी कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार भारत का कम गेहूं भंडार सरकार को इस वर्ष दो मिलियन मीट्रिक टन खाद्यान्न आयात करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन सरकार अपना क्रय लक्ष्य और बफर स्टॉक पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। इसलिए उसने अनौपचारिक रूप से व्यापारियों सहित बड़े, बल्कि पर्चेजर्स कारगिल इंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, लुइस ड्रेफस कंपनी औलम ग्रुप इत्यादि को भी संकेत दिया है कि वे किसानों से नए सीजन के गेहूं की खरीदारी कम से कम अप्रैल में करने से बचें। वर्ष 2007 के बाद से सरकार की ओर से यह इस तरह का प्रथम पहल है। वैसे भी मई के मध्य के बाद से गेहूं की खरीद कम होने लगती है। महंगाई पर नियंत्रण रखने के लिए गेहूं व्यापारियों को स्टॉक की घोषणा करने के काम को एक अप्रैल से आगे भी जारी रखने को कहा है। सरकार ने रेलवे से भी अप्रैल में बड़े व्यापारियों को माल ढुलाई हेतु मालगाड़ी उपलब्ध नहीं कराने के लिए कहा है जिससे बड़े पैमाने पर गेहूं बाहर नहीं जा पाएगा। अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि बड़े व्यापारियों को बड़ी मात्रा में गेहूं खरीदने का मौका न मिले। डिस्ट्रेस सेल अर्थात् न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर खरीद तो कदापि न हो। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान में गेहूं की खरीद पर बोनस दिए जाने के चलते उत्तर प्रदेश में गेहूं की खरीद में समस्या आ सकती है, क्योंकि निजी खरीदार यहां गेहूं के दाम कम होने के कारण मध्य प्रदेश व राजस्थान की बजाय गेहूं खरीदने का प्रयास करेंगे, जिस पर रोक आवश्यक है। खुले बाजार में किसानों को अभी भी अपने गेहूं का मूल्य एमएसपी से ज्यादा मिल रहा है। यह अच्छी बात है, क्योंकि सरकार स्वयं किसानों को उनकी आय दुगुनी करने का वायदा कर चुकी है, परंतु सरकार के बफर स्टॉक और देश में खाद्यान्न प्रबंधन हेतु सरकारी खरीद भी जरूरी है तो इसका विकल्प यह है कि सरकार बोनस घोषित कर दे, परंतु इस पर विश्व व्यापार संगठन के नियम बाधक हैं। निर्यात पर रोक का वह पहले ही विरोध कर चुकी है। सबसे ज्यादा दबाव उत्तर प्रदेश की खरीद पर है, जो देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है, परंतु यहां देश की कुल सरकारी खरीद में मात्र दो प्रतिशत का योगदान रहा है। सरकार के विशेष प्रयासों से इस बार अच्छी गेहूं खरीद होने की संभावना है। यहां खरीद को और गति प्रदान के लिए पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर आढ़तिया खरीद की शुरुआत की जा सकती है, जिसे निजी क्षेत्र का योगदान भी सरकारी खरीद में शामिल हो जाएगा या राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों की तरह गेहूं पर बोनस घोषित किया जा सकता है।

## प्रसंगवश

# पुराना पड़ गया है पुरस्कार और दंड का सिद्धांत

पुरस्कार और दंड की प्रक्रिया का दूसरे छात्रों की मनः स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और वे उत्साहित नहीं होते, शोध तो यही कहती है। इसी एप्रोच के चलते अव्वल आने वाले छात्र एक 'स्पेशल केटेगरी' के समझे जाते हैं और जो छात्र सामान्य हैं और 35-45 या 50 प्रतिशत अंक लेकर पास हुए हैं, उनकी कमियों पर रिसर्च करके दूर करने की कोशिश होनी चाहिए। इस बाबत क्लास टीचर्स के एनालिसिस और एक्शन फॉर इम्प्रूवमेंट क्या रहता है, इस बारे में रिवाड्र्स देते समय इनके पास कोई प्लान है तो उसका ब्योरा नहीं दिया जाता, क्योंकि सोच किसी और दिशा में काम कर रही होती है।



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

विदेशों में इस पर बहुत रिसर्च हुई है: लेख और किताबें लिखी गई हैं और समाधान सुझाए गए हैं। रिकमेन्डेशन्स पर काम किया गया तो नतीजे भी अच्छे थे। प्रतिभा बढ़ाई जा सकती है अगर लर्निंग के तरीके में चालू प्रैक्टिसेस में कुछ परिवर्तन किए जाएं। एनसीईआरटी इस मामले में कुछ विशेष नहीं करता। रिवाड्र्स एंड पनिशमेंट की थ्योरी अब रिजेक्ट की जा चुकी है और 'इन्क्लूसिव थ्योरी' पॉपुलर है ताकि सभी बच्चे आत्मविश्वास के साथ और मजबूत इरादे के साथ न कि निरुत्साहित किए जाने वाले माहौल में स्कूल और कॉलेज की शिक्षा पूरी करें और एक 'मिनिमम डिज़यारेबल' लेवल तक तो पहुंचे ही। मैं बहुत ब्रिलियंट तो खुद भी नहीं रहा और न ही हूं, लेकिन परिश्रमी और लगनशील हूं और धीरे-धीरे वे तरीके सीख गया जिनके करने अडॉप्ट करने से विषय के प्रति अपनी समझ में इजाफा कर पाया। स्कूल और कॉलेज के दिनों में मैं औसत प्रतिभा का विद्यार्थी रहा, लेकिन विश्वविद्यालय में पहुंचने पर और विषय विशेष में गहन रुचि होने के कारण, अभ्यास से मैंने टॉप किया और मेरे से एकदम नीचे वाले और मेरे अंकों में 20 प्रतिशत का अंतर रहा। पद्धति बदलकर मैंने अपनी जानकारी का विस्तार किया और कुछ मायनों में थोड़ी से 'विजडम' भी हासिल की जो उम्र के साथ अनुभव बढ़ने से भी धीरे-धीरे बढ़ती है।

स्कूल एजुकेशन विभाग में टेक्स्ट बुक्स में दर्ज इन्फार्मेशन कंटेंट को डिलीवर करते समय परिवर्तन लाने की जरूरत है, जो इसलिए संभव ही नहीं, क्योंकि टीचर्स को इंस्ट्रक्शन्स इशू करने वाले महकमा और इसका थिंक टैंक ऐसा करने नहीं देता। असल में ये लोग एजुकेशनल फिलॉसफी और साइकोलॉजी के अलावा परिवेशी तत्वों और पृष्ठभूमि का ध्यान नहीं रखते। एक टाइट फ्रेम में शैक्षिक करियर निकालने वाले अध्यापकगण वही पिटी-पिटाई लकीर को आयुपर्यन्त फॉलो करते रहते हैं, बिना इस बात की परवाह किए कि वे किस तरह के कौशलयुक्त नागरिक देश को देना चाहते हैं। रिवॉर्ड और पनिशमेंट की नेचुरल थ्योरी मनुष्य द्वारा स्थापित रिवॉर्ड और पनिशमेंट की थ्योरीज से बिल्कुल अलग स्तर पर काम करती है, ऐसा आभास तभी हो सकता है जब अध्यापक गण हायर लर्निंग के रिसर्च जर्नल्स को पढ़ें।

मेरे हिसाब से रिवाड्र्स एंड पनिशमेंट को कभी हाईलाइट तो करना ही नहीं चाहिए। आईएएस एंड अलाइड सर्विसेज के एग्जाम को क्वालीफाई करने वाले कैंडिडेट्स में से जो आईएएस की केटेगरी को एलॉट किए जाते हैं इनमें से उच्चतम और निम्नतम स्कोरिंग वाले चयनित व्यक्तियों की परफॉरमेंस के हिसाब से क्या इनकी पोस्टिंग डेवलप्ड और अंडर-डेवलप्ड डिस्ट्रिक्स में की जाती है। क्या हाईएस्ट 10 स्कोरर्स को इलीट पोस्टिंग दी जाती है। मैंने देखा है कि एक्साम क्लियर करने में जो बहुत मेधावी रहे और जो उक्त दस प्रतिशत से नीचे के रहे इनकी सर्विस परफॉरमेंस एक डिजायरेबल लेवल और उच्चतम लेवल के बीच उतार चढ़ाव पर रही। यह बात रिटायर हो गए आईएएस से बातचीत करके या इनमें से कुछेक के संस्मरण पढ़ के मैंने जानी। इस सब्जेक्टिविटी में ऑब्जेक्टिविटी किस तरह से देखी जा सकती है, यह देखने वाले की ऑब्ज़र्वेशनल स्किल्स पर भी निर्भर करता है। पोस्ट-रिटायरमेंट के बाद अपनी प्री-रिटायरमेंट परफॉरमेंस पर कौन दृष्टिपात करता है? मुझे लगता है एवरेज़ेज ड्रा करने के चक्कर में ऑब्जेक्टिविटी का इंसानी गुणों से मिलान करना हम अधिकांश अवसरों पर भूल जाते हैं। इसलिए टीचर्स को हाई और हायर-सेकंड्री लेवल के स्टूडेंट्स को कैसा माहौल देना चाहिए, इसके प्रति अत्यंत सावधान रहने की जरूरत होती है।

# सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी।

समझ में नहीं आ रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में पहुंचने देने का विरोध कौन कर रहा और समर्थन कौन कर रहा? प्रत्यक्ष में बड़ी-बड़ी बातें बोलेंगे। संविधान पर खतरे की संभावनाएं गिनाएंगे, डिक्टेटर राज आने का डर दिखाएंगे, उखाड़ फेंकने की मुनादी करेंगे, लेकिन भीतर ही भीतर करतब ऐसी करेंगे कि मोदी की राह आसान हो जाए। अब यह डर के कारण से हो, लोभ के कारण से हो या जिस भी कारण से हो, ऐसे नेता और ऐसे राजनीतिक दल जनता के लिए किसी डिक्टेटर या किसी विभाजक राजनीतिज्ञ से भी अधिक खतरनाक हैं।

एक दौर था, जब इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्ष के नेताओं का गठजोड़ सामने आया था। भले ही यह एकता सत्ता में आने के बाद जल्दी ही बिखर गई, लेकिन इसने यह साबित किया कि अगर कोई शक्तिशाली सत्ताधीशों के संवैधानिक अधिकारों से खिलवाड़ करेगा, राजनीतिक विरोधियों के दमन के लिए सत्ता का अनुचित प्रयोग करेगा तो भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में अंतर्निहित चेतना उसे उखाड़ फेंकने की शक्ति रखती है।

'इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा' ... राजनीतिक चारणों और चेले चपाटों के ऐसे बोल किस बियाबान में लुप्त हो गए, खुद मैडम भी समझ नहीं पाईं और जैसा कि कई इतिहासकार बताते हैं, वे इतनी बड़ी चुनावी हार के बाद कुछ दिनों के लिए सदमे में चली गई थीं। तब के नेताओं में नैतिक शक्ति थी। तब मोरारजी थे, अटल थे, चंद्रशेखर थे, चरण सिंह थे, मधु लिमये थे, मधु दंडवते थे, मृणाल गोरे थी, जॉर्ज फर्नांडिस थे, कई अन्य थे और सबसे बढ़कर जयप्रकाश नारायण का करिश्माई और प्रभावी नेतृत्व था। नेतृत्व की नैतिक आभा में जनता की राह आलोकित होती है, उसकी चेतना ज्योतिर्मयी होती है। जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी। तब जबकि दक्षिण भारत में इंदिरा गांधी ने अच्छी खासी सीटें जीती थी, हिंदी पट्टी के राज्यों ने उनकी नियति का फैसला कर दिया था।

आज वही हिंदी पट्टी मोदी की राजनीति का पैरोकार बना है। दो वक्त की रोटी के लिए और बच्चों की स्कूल फीस के लिए खून सुखाते मेहनतकश लोगों की चेतना "मोदी मोदी" के प्रायोजित शोर में कहीं लुप्त सी हो गई लगती है और उनकी मुक्ति की बातें करने वाले विपक्ष के कई नेता, कई राजनीतिक दल अपने ही करतबों में लिप्त हैं। वे मोदी से अधिक जनविरोधी हैं। भारतीय राजनीति का वर्तमान उनके नैतिक पतन का बोझ उठाते-उठाते थक चुका है और भविष्य में इस बात का खतरा चारों ओर मंडराता दिख रहा है कि इनमें से कई लोग, कई दल चुनावी भाषणों में मोदी विरोध, संविधान की रक्षा, डिक्टेटर शिप के खतरे आदि की बातें करेंगे और अपनी मानसिक और राजनीतिक ऊर्जा मोदी को ही पुनः सत्तासीन करने में जाया करेंगे। सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है।

मीडिया जिम्मेवारी ले चुका है कि वह जनता तक सत्य को पहुंचने नहीं देगा। महज ऐसा ही होता तो गनीमत थी। बड़े-बड़े चैनल, बड़े-बड़े एंकर तैयार हैं कि वे झूठ को इतना महिमा मंडित करेंगे कि वह सत्य की जगह लेकर आम लोगों का दिमाग खराब कर दे। आज से कुछ दशकों के बाद जब भारत के आज के दौर की विसंगतियों को विश्लेषित किया जाएगा तो तीन अध्याय मुख्य होंगे, पहला, भारतीय शहरी मध्य वर्ग का मानसिक और नैतिक अंधकार, दूसरा विपक्ष की राजनीति का नैतिक पतन और तीसरा मीडिया की मुख्यधारा का जनता का शत्रु बन जाना। नवउदारवाद का भारतीय संस्करण अपनी ढाई तीन दशकों की यात्रा के बाद ऐसा ही राजनीतिक मंजर लाने वाला था। इस संस्करण ने राजनीति से उसकी नैतिकता को सोखना शुरू किया जिसका एक परिणाम कारपोरेट शक्तियों की उंगलियों में राजनीति और आर्थिकी की डोर आने के रूप में सामने आया। कारपोरेट मीडिया यूं ही विध्वंसक और जहरीली भूमिका में नहीं आता। जिसे 'नियो लिबरल इकोनॉमी' और इससे उत्पन्न 'नियो लिबरल पॉलिटिक्स' कहते हैं। वह यूरोप और अमेरिका जैसे संपन्न और पढ़े लिखे समाज में अपनी जो छाप छोड़ता रहा, भारत में उसके बहुत आगे जाकर अपने अमानुषिक रूप में सामने आया। इस रूप को भारतीय राजनीतिक फलक पर ऐसे ही सामने आना था।

## सोशल फोरम

# बेवकूफी का सौंदर्य

सोचते हैं कोई बहुत बड़ी बेवकूफी की बात कह डालें, लेकिन फिर आलस्य हावी हो जाता है। इस चक्कर में दूसरे बाजी मार ले जाते हैं। इसी चक्कर में कुछ लोगों ने तो इत्ती आला बेवकूफी की बातें कहीं कि मन किया कि उनको दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ घोषित कर दें, लेकिन फिर आलस्य ने बाजी मार ली। साथ में बहाना भी कि ऐसे किसी को बेवकूफ घोषित करना उचित नहीं होगा।



अनूप शुक्ल
कानपुर

कायदे से टीम बनाकर सर्वे करके फिर वोटिंग कराकर 'सर्व श्रेष्ठ बेवकूफ' तय करना चाहिए। क्या पता कल को कोई ऐसा ऑनलाइन सर्वे कराने भी लगे। लोग एसएमएस करें- अपने प्यारे दोस्त को सबसे बड़ा बेवकूफ अवश्य चुनें। वोटिंग के लिए ये वाला बटन दबाएं। किसी का कोई प्रशंसक मेल करे कि फलाने भाई साहब को सबसे बड़ी बेवकूफी और सबसे बड़े बेवकूफ दोनों के लिए वोट दें। उससे ज्यादा बड़ा कायदे का बेवकूफ और कोई नहीं है दुनिया में। लोग अपने को सबसे बड़ा बेवकूफ साबित करने के लिए ज्ञानियों की सहायता से अपने बेवकूफी के किस्से बयान करें। तमाम नई कंपनियां खुल जाएं बेवकूफी का बायोडाटा बनाने वाली। किसी नुक्कड़ पर साइनबोर्ड लगा दिखे-यहां सब भाषाओं में बेवकूफों के बायोडाटा लिखे जाते हैं। यूनीकोड सुविधा उपलब्ध।

दुनिया में बेवकूफी का अस्तित्व हमेशा से रहा है, लेकिन बेवकूफी को उचित सम्मान कभी नहीं मिला। बहुमत हमेशा उपेक्षित रहा। हर व्यक्ति बेवकूफी से अपना पल्ला छुड़ाने की कोशिश करता दिखता है। किसी को बेवकूफ कह दो तो वह और ज्यादा बेवकूफी का तर्क देते हुए कहेगा 'हम बेवकूफ न हैं।' अगर बहुत उदारता में अपने को बेवकूफ मान भी लिया तो इस शर्त के साथ मानेगा कि आप उससे बड़े बेवकूफ़ हैं। ये वे लोग होते हैं, जो अशुद्ध बेवकूफ होते हैं जिनकी बेवकूफी में अक्ल की मिलावट हो जाती है।

शुद्ध बेवकूफ कभी अपने को ज्ञानी कहलाने के फेर में नहीं पड़ता। शुद्ध बेवकूफ पवित्रात्मा होता है। निर्मल। निडर। बेखौफ। वह अशुद्ध बेवकूफों और फर्जी ज्ञानियों की तरह अपने को बेवकूफी से दूर दिखाने के झमेले में नहीं पड़ता। छाती ठोंककर कहता है 'हां भाई हम बेवकूफ हैं।'

-फेसबुक वॉल से

# राज्य के धन के प्रति चाणक्य की संवेदना

मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है, वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है, किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की? महामति चाणक्य ने। ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही! चंद्रगुप्त ने देखा था, वह घास को उखाड़ रहा था। चंद्रगुप्त ने पूछा तो बोला- "यह घास मेरे पैर में चुभ गई, मैं भी इसकी जड़ खोदकर मठा डाल दूंगा"। वह वज्र संकल्प-"अब यह शिखा तभी बंधेगी, जब नंद वंश का समूल नाश कर दूंगा"। "आचार्य! अपने पक्ष के अनेक प्रभावशाली व्यक्ति आपका साथ छोड़कर विपक्षियों से जा मिले हैं।" कौटिल्य ने उत्तर दिया - "जो चले गए हैं, वे तो चले ही गए हैं, जो शेष रह गए हैं, वे भी जाना चाहें तो चले जाएं, नंदवंश का विनाश करने के लिए सैकड़ों सेनाओं से भी अधिक बलशाली मेरी बुद्धि ही मेरे साथ बनी रहे।"



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र की अवधारणा का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वाला : जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक! महान मेधावी चाणक्य! वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद, किसी राज्य, किसी जाति, किसी संप्रदाय, किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा, राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्य साम्राज्य स्थापित किया था। वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि न प्रयोजनमंतरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञोऽप्यलोकज्ञो भवेन्मूर्ख तुल्यः (542-54) अर्थात् जो शास्त्र को जानता है, किंतु लोक को नहीं जानता तो वह मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्यों ही कह दी थी? चाणक्य ने बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही थी, बोला - धर्मस्य मूलं अर्थः, अर्थस्य मूलं राज्यः। चाणक्य ने समझाया कि धर्म का मूल अर्थव्यवस्था है। अर्थव्यवस्था का मूल राज्य व्यवस्था है।

धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। यदि अर्थव्यवस्था में कुछ गड्डमड्ड है तो समझ लीजिए कि धर्म के मूल में ही गड़बड़ी है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया। धर्मवीर भारती ने कहा था कि पेशावर से पाटलिपुत्र तक का संचालन चाणक्य करते थे, स्वयं झोंपड़ी में रहते थे। चाणक्य के संबंध में ग्रीक-संदर्भ भी हैं, कोई यूनानी विद्वान उनसे मिलने गया तो वे अपनी कुटी में दीपक की रोशनी में कुछ लिख रहे थे। यूनानी विद्वान आया तो वे दीपक को बुझाकर बाहर चांदनी में बैठकर उससे बात करने लगे। यूनानी विद्वान को अचरज हुआ, उसने दीपक को बुझाने का कारण पूछा, तब चाणक्य बोले- राज्य का तेल बिना कारण के खर्च क्यों करूं? और चांदनी का इतना प्रकाश तो है ही कि हम-आप वार्ता कर सकते हैं। राज्य के धन के प्रति ऐसी संवेदना है किसी के मन में?

# राष्ट्रपति पद की गरिमा

हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में राष्ट्रपति सांविधानिक प्रमुख है और वही सरकार का गठनकर्ता एवं प्रधानमंत्री का नियोक्ता होता है। डा.राजेंद्र प्रसाद इस पद से हटने के बाद जब पटना से दिल्ली आए थे तो प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू उन्हें एयरपोर्ट पर रिसीव करने गये थे। राजेंद्र बाबू बोले, "आपने क्यों कष्ट किया धूप में?" नेहरू जी ने कहा, "धूप में ताजा होता है आदमी"। हालांकि आजकल काफी दिन से इस पद की गरिमा गिरी हुइ प्रतीत हो रही है। ताजा उदाहरण लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' अलंकरण प्रदान करने के समय का परिदृश्य है। 96 वर्षीय आडवाणी को द्रौपदी मुर्मू जी खड़े होकर तत्संबंधी उपकरण प्रदान कर रही हैं और वहीं सम्मानित हो रही विभूति के बगल में प्रधानमंत्री बैठे-बैठे तालियां बजा रहे हैं। आडवाणी जी तो 96 वर्ष के हैं और उनके बैठे रहने पर कोई सवाल नहीं कर सकता, किंतु प्रधानमंत्री भी न खड़े हो सकें, यह समझ से परे है। विगत जनवरी में अयोध्या के राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह एक भारी भरकम राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया गया जिसमें पूरा फोकस प्रधानमंत्री पर रहा, राष्ट्रपति को इस उत्सव से दरकिनार रखा गया। ऐसा ही नव निर्मित संसद भवन के उद्घाटन के समय भी हुआ। बातें अभी और भी हैं। दिल्ली के एक मंदिर में उन्हें (मुर्मू जी को) गर्भ गृह में प्रवेश नहीं करने दिया गया था, जबकि उससे कुछ पहले एक केंद्रीय मंत्री ने वहीं गर्भ गृह में अनुष्ठान किया था।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद पर चयनित होने पर कांग्रेसी नेता अधीर रंजन चौधरी ने बड़ी धृष्टता के साथ उन्हें 'राष्ट्रपत्नी' कहा था। इसके पहले वाले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी नए संसद भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था। पद से हटने के पद कोविंद को 'एक देश एक चुनाव' समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। यह कैसी विसंगति है? कभी सरकार का शीर्षस्थ रहा व्यक्ति अब उसी सरकार को अपनी आख्याएं प्रेषित कर रहा है और करेगा। मेरे ख्याल से राष्ट्र की जनतांत्रिक प्रणाली के मूर्धन्य पद की गिरती गरिमा को तुरंत रोककर पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए।

महाभारत काल और जंगे आजादी का इतिहास समेटे कैराना की कहानी में नफरत, पलायन, असुरक्षा और अराजकता का गुनहगार विलेन है, तो मोहब्बत और इंसानियत के जीतने की इबारत लिखने वाला लोगों के दिलों में धड़कता हीरो है। चुनावों में बाजी मारने वाला एक अनूठा राजनीतिक घराना है, तो ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण के दृश्यों के साथ 'जिन्ना और गन्ना' जैसे सवालों के बीच कानों में शहद घोलने वाला किराना घराना का संगीत है, 'जो मिले सुर मेरा तुम्हारा तो बने सुर हमारा' का अमिट संदेश सुनाता है। इन सबके बीच दर्शक के रूप में खड़ा वह मतदाता है, जो देश की संसद में अपना प्रतिनिधि भेजते समय डॉ. लोहिया की उस बात से इत्तफाक रखता है, कि रोटी को जलने से बचाने के लिए जिस तरह उलटना-पलटना जरूरी है, वैसे ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए सरकार या प्रतिनिधि को भी बदलते रहना चाहिए।

# कैराना का किससे याराना किसे मिलेगा ठिकाना

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** कभी हिंदुओं के पलायन की वजह से सुर्खियां बटोरने वाले कैराना के चुनावी माहौल को पिछले हफ्ते शामली की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी की इस बात से समझा जा सकता है कि 'वोट में बहुत ताकत होती है। जब वोट गलत हाथ में जाता है तो कैराना में पलायन होता और कर्फ्यू लगता है। जब वोट सही हाथ में जाता है तो अपराधी पलायन करता है। कांवड़ यात्रा निकलती है और धूम-धड़ाके के साथ विकास होता है।' कैराना का सच भी यही है, असुरक्षा के कारण पलायन के बदनुमा दाग से बाहर निकल कर अब यह कस्बा विकास के पथ पर अग्रसर है।

कैराना का अपना पौराणिक और ऐतिहासिक इतिहास है। मान्यता है कि महाभारत काल में कर्ण ने इसे बसाया था। आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ मराठों को छिपने की जमीन यहीं मिली थी। लेकिन शास्त्रीय संगीत की किराना घराना परंपरा को जन्म देने वाले कैराना की राजनीतिक पहचान किसी एक नेता के साथ सुर-ताल मिलाने की नहीं है। यहां मतदाता बीते तीन चुनावों से अलग उम्मीदवार चुन रहे हैं। इस बार भाजपा ने अपने सांसद प्रदीप चौधरी को फिर से मैदान में उतारा है। वह गुर्जर मतों के अलावा हिंदू और भाजपा के परंपरागत वोट बैंक को जोड़ने में जुटे हैं।

## अनूठा घराना हसन परिवार, तीन सदस्य सांसद, एक रहा विधायक

- कैराना का अनूठा राजनीतिक घराना है, हसन परिवार। इसके चार में तीन सदस्य सांसद रहे और एक सदस्य कई बार विधायक चुना गया।
- सपा प्रत्याशी इकरा हसन के पिता मुनव्वर हसन तो विधायक, एमएलसी के अलावा लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों के सांसद रहे।




- भाजपा ने दोबारा गुर्जर कार्ड खेलकर सांसद प्रदीप चौधरी पर जताया है भरोसा, हिंदू-मुस्लिम गुर्जर होंगे आमने-सामने
- सपा ने इकरा हसन पर लगाया दांव, उनकी मां तब्बसुम 2014 व 19 में हारीं, 2018 में जीतीं थीं उपचुनाव



लोकसभा चुनाव-2019 में राजनीतिक दलों का वोट शेयर



## सपा ने प्रत्याशी बदल इकरा पर लगाया दांव

- सपा ने प्रत्याशी बदलकर अपने विधायक नाहिद हसन की छोटी बहन इकरा हसन को टिकट दिया है। इकरा की मां तब्बसुम बेगम ने 2018 के उपचुनाव में रालोद के टिकट पर सपा के समर्थन से भाजपा प्रत्याशी हुकुम सिंह की बेटी मृगांका सिंह को पराजित किया था। लेकिन 2019 में चुनाव हार गई थीं। इन दोनों के मुकाबले बसपा ने सहारनपुर निवासी श्रीपाल राणा पर दांव खेला है। वह राजपूत वोटों के साथ दलित वोटों पर फोकस कर रहे हैं। इस सीट पर 14 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनकी किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान में 19 अप्रैल को होगा।

## ... यहां समीकरण और गुणा-भाग नेता नहीं जनता तय करती

पश्चिमी यूपी के शामली जिले का प्रतिनिधित्व कैराना लोकसभा सीट करती है। मुजफ्फरनगर से अलग होकर वर्ष 2011 में शामली जिला अस्तित्व में आया था। मुस्लिम और जाट बाहुल्य कैराना लोकसभा सीट पर ध्रुवीकरण और जातीय खेमेबंदी का बोलबाला रहता है। लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं का सारा गुणा-भाग यहां की जनता हर बार गलत साबित कर देती है। यह सिलसिला 1962 से चला आ रहा है। कोई दल लगातार दो चुनाव नहीं जीत पाया है। 1989 और 1991 में जनता दल के प्रत्याशी ने दो लगातार चुनाव जीते, लेकिन तीसरी बार हार गए। ऐसे में कोई दल दावा नहीं कर सकता कि यह उसका गढ़ है। कांग्रेस को इस सीट पर जीत का 40 सालों से इंतजार है। 2014 व 2019 में भाजपा जीती लेकिन 2018 का उपचुनाव हार गई थी।

### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रदीप चौधरी | 5,66,961 |
| सपा | तबस्सुम बेगम | 4,74, 801 |
| कांग्रेस | हरेंद्र मलिक | 69,355 |

### 2018 लोकसभा उपचुनाव परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| रालोद | तबस्सुम हसन | 4, 81,181 |
| भाजपा | मृगांका सिंह | 4, 36, 564 मत |

### लोकसभा चुनाव 2014 के नतीजे

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | हुकुम सिंह | 5,65,909 |
| सपा | नाहिद हसन | 3, 29, 081 |
| बसपा | कंवर हसन | 1, 60, 414 |
| रालोद | करतार भड़ाना | 42,706 |



## रालोद अध्यक्ष की दादी सांसद रहीं, मायावती हारीं थीं पहला चुनाव

कैराना सीट से 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पत्नी एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी की दादी गायत्री चौधरी सांसद रह चुकी हैं। मायावती ने अपना पहला चुनाव यहीं से लड़ा था। कांसीराम ने बहुजन समाज पार्टी बनाई और मायावती को 1984 में इस सीट से खड़ा किया। लेकिन सपा की मौजूदा प्रत्याशी इकरा हसन के बाबा अख्तर हसन ने उन्हें हरा दिया था, मायावती तीसरे स्थान पर रही थीं।

## ढाई लाख बुजुर्ग तय कर सकते हवा का रुख

- कैराना लोकसभा सीट पर 60 से 100 वर्ष आयु के दो लाख 57 हजार से अधिक मतदाता हैं। ये बुजुर्ग मतदाता किसी भी दल और प्रत्याशी के पक्ष में हवा का रुख तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## 35% से ज्यादा मुस्लिम करीब 20% गुर्जर मतदाता भाग्य विधाता

- कैराना लोकसभा सीट पर 17,22,432 मतदाताओं में पुरुष 9,21,820, महिला मतदाता 8,00,518 तथा 871 थर्ड जेंडर मतदाता है। एक अनुमान के मुताबिक इनमें सर्वाधिक छह लाख मुस्लिम मतदाता हैं। दलित वर्ग के दो लाख वोटर और तकरीबन इतने ही जाट मतदाता हैं। इसके बाद सवा लाख से ऊपर कश्यप मतदाता बताए जाते हैं। हिंदू और मुस्लिम गुर्जर मिलाकर तीन लाख से अधिक हैं।


भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी

## विधानसभा में भाजपा व रालोद ने दो-दो, सपा ने जीती एक सीट

- कैराना लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें सहारनपुर और तीन सीटें शामली जिले में आती हैं।
- 2022 के विधानसभा चुनाव में नकुर और गंगोह सीट पर भाजपा जीती थी तो कैराना विधानसभा सीट सपा के हिस्से में गई थी। थाना भवन और शामली सीट पर राष्ट्रीय लोकदल का कब्जा है।

### स्थानीय मुद्दे

- छुट्टा पशु
- बकाया गन्ना भुगतान
- फैक्ट्रियों का प्रदूषित पानी
- नाले की समस्या।


वोट जरूर डालें
● कर्नाटक के हुबली में लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर मतदाता जागरूकता अभियान के लिए कुछ इस अंदाज में वाहन पर निकाली गई रैली।

## बैलेट से चुनाव की मंशा रह गई अधूरी

**अमृत विचारः** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में गुरुवार को प्रत्याशियों के नामांकन के अंतिम दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 384 प्रत्याशियों वाला फार्मूला फेल हो गया। यहां नामांकन पत्र खरीदने के अंतिम दिन 241 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे थे। लेकिन नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 23 उम्मीदवारों ने 32 नामांकन पत्र जमा किए। कल नामांकन की जांच की जाएगी। यहां चुनावी सभा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि 384 नामांकन फार्म जमा करें, ताकि बैलेट पेपर से मतदान हो सके।

# हेमा मालिनी पर टिप्पणी में सुरजेवाला की शिकायत

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के विरुद्ध राष्ट्रीय महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। सुरजेवाला पर मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

राष्ट्रीय महिला आयोग हेमा मालिनी के खिलाफ कथित तौर पर अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग का रुख किया। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया था। इसमें कांग्रेस सांसद सुरजेवाला कथित तौर पर सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि वह सुरजेवाला की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है। आयोग ने एक ट्वीट में कहा कि ये महिला विरोधी टिप्पणियां हैं और किसी महिला की गरिमा के लिए अपमानजनक हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने औपचारिक रूप से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर सुरजेवाला के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है। भाजपा ने बुधवार को सुरजेवाला पर हेमा मालिनी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इस टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस महिला विरोधी है। सुरजेवाला ने 31 मार्च को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के फरल गांव में 'इंडिया' गठबंधन के समर्थन में एक चुनावी रैली के दौरान कथित टिप्पणी की थी।

# मेनका-वरुण के बिना बदले समीकरण

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत में इस बार का लोकसभा चुनाव राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा से जुड़ चुका है। भाजपा चार लाख से अधिक वोट से जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय करके नए चेहरे के साथ मैदान में है, तो समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के लिए तराई क्षेत्र में अपनी सियासी जमीन पाने का मौका है। साढ़े तीन दशक में यह पहला चुनाव है जब मेनका गांधी या वरुण गांधी मैदान में नहीं हैं। हालांकि भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद का पीलीभीत से जुड़ाव रहा है, लेकिन इस सीट पर वह चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। ऐसे में भी सपा की साइकिल ने रफ्तार नहीं पकड़ी और बसपा के हाथी की चाल सुस्त रही तो दोनों दलों के लिए

पीलीभीत लोकसभा सीट मेनका गांधी और वरुण गांधी के चलते हाई प्रोफाइल बनी रही है। सूबे की सत्ता से दूर रहते हुए भी भाजपा लोकसभा चुनाव में मेनका गांधी या वरुण गांधी को प्रत्याशी बनाकर जीत दर्ज करती रही। दो बार चुनाव में भाजपा ने निर्दलीय उम्मीदवार मेनका गांधी को समर्थन किया था। इसके उलट समाजवादी पार्टी और बसपा पीलीभीत में कभी जीत दर्ज नहीं कर सकी हैं। प्रदेश में सरकार होने और जिले की अधिकांश विधानसभा सीटों पर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि होने के बाद भी बसपा या सपा यहां कभी अपना सांसद नहीं बना पाए। 2007 में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी थी। जिले की दो विधानसभा सीटों पर बसपा के विधायक चुने गए। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भी बसपा काबिज रही, लेकिन 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा महज 13.44 प्रतिशत वोट ही हासिल कर सकी थी। इस चुनाव में वरुण गांधी ने 4,19,539 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। बसपा के प्रत्याशी गंगाचरन राजपूत को 1,12,576 वोट ही मिल सके थे। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी रियाज अहमद ने 1,17,903 (14.08) प्रतिशत वोट पाए थे। समाजवादी पार्टी की 2012 में सूबे में सरकार आई। जिले की चार में से तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी के विधायक चुने गए। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में साइकिल रफ्तार नहीं पकड़ सकी। भाजपा की मेनका गांधी ने 5,46,934 वोट पाकर जीत दर्ज की। इस चुनाव में सपा के बुद्धसेन वर्मा को 2,39,882 वोट मिले थे। बहुजन समाज पार्टी के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने 1,96,294 वोट पाए थे। 1999 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मेनका गांधी ने 4,33,421 वोट पाकर जीत दर्ज की। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू दूसरे नंबर पर रहे थे। समाजवादी पार्टी के रामसरन को महज 58792 वोट मिले थे।

2004 में भाजपा के सिंबल पर मेनका गांधी ने 2,55,615 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। सपा के सत्यपाल गंगवार 1,52,895 वोट पाकर दूसरे जबकि बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू 1,21,269 वोट तीसरे नंबर पर रहे थे। लेकिन इस बार तस्वीर कुछ बदली हुई है। 35 साल बाद पीलीभीत के सियासी परिदृश्य से मेनका और वरुण गायब हैं। भाजपा प्रत्याशी की ही तरह सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार पहली बार पीलीभीत से चुनाव मैदान में हैं।




### इस बार चुनाव में प्रत्याशी

जितिन प्रसाद : भारतीय जनता पार्टी
भगवत सरन गंगवार : सपा (गठबंधन)
अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू : बसपा

## पीलीभीत में सपा-बसपा 2019 में साथ लड़कर भी ढाई लाख वोटों से पिछड़े

- पीलीभीत सीट पर सपा-बसपा कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। इस सीट पर भाजपा का विजय रथ रोकने में दोनों दल तब भी सफल नहीं हो पाए थे जब 2019 में साथ मिलकर गठबंधन में चुनाव लड़ा था। सपा ने इस चुनाव में पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया था। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में उन्हें 4,48,922 वोट मिले, जबकि उनके मुकाबले भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने 7,04,549 वोट पाकर 2,55,627 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। इस बार चुनाव में दोनों दल अलग-अलग हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन है।

**बसपा की तैयारी** पिछली बार की 10 सीटें और घटता जनाधार बचाने की चुनौती, भीम आर्मी चीफ की पार्टी से युवाओं को अपनी तरफ खींचने की कवायद

# ...और नगीना लोकसभा क्षेत्र बना आकाश आनंद का लांचिंग पैड

महेश शर्मा,कानपुर

**अमृत विचारः** दलित, मुस्लिम और ओबीसी के दिग्गज नेताओं के बसपा छोड़ जाने के बाद पार्टी सुप्रीमो मायावती ने स्टार प्रचारक के रूप में अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताया है। यूपी का नगीना लोकसभा क्षेत्र आकाश का लांचिंग पैड होगा। यहां वह छह अप्रैल को जनसभा करेंगे, जबकि मायावती 13 अप्रैल को उत्तराखंड के हरिद्वार से लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगी। बिट्रेन से एमबीए की पढ़ाई करके आए आकाश मायावती के छोटे भाई आनंदकुमार के बेटे हैं।


मायावती भतीजे आकाश के साथ ।

नगीना लोकसभा सीट को बसपा ने अपनी जिताऊ सीट में रखा है। यहां कुल मतदाताओं में 20 फीसदी दलित और 40 फीसदी मुस्लिम हैं। बसपा का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यही आधार वोट रहा है। नगीना सीट पर 2019 में बसपा प्रत्याशी गिरीशचंद्र ने सपा के समर्थन से भाजपा को 1.66 लाख वोटों से हराया था। इस बार बसपा ने गिरीश का टिकट काटकर सुरेंद्रपाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यहां भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेता चंद्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं। नगीना बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की चुनावी राजनीति में एंट्री प्वाइंट माना जा रहा है। यहां का युवा दलित चंद्रशेखर आजाद से प्रभावित है। आकाश आनंद की कोशिश युवा वर्ग को बसपा से जोड़ने की है। बसपा ने आकाश आनंद की 25 रैलियां कराने की योजना बनाई है। इनमें से अधिकतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होंगी। आकाश आनंद मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ में भी चुनाव संभाल रहे हैं।

## विधान सभा चुनावों में 30.43 से घटकर 12.88 पहुंचा मत प्रतिशत

- 2007 में 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत से यूपी में सरकार बनाने वाली बसपा को तब 30 .43 प्रतिशत वोट मिला था जो लगातार घट रहा है। 2022 के विधान सभा चुनाव में यह सिर्फ 12 .88 फीसदी ही रह गया। पार्टी का सिर्फ एक विधायक है। लोकसभा चुनाव 2019 में सपा के साथ मिलकर लड़ने पर बसपा को दस सीटें हासिल हुई थीं। अब इन्हें बचाकर रखना और पार्टी का ग्राफ बढ़ाना मायावती और आकाश आनंद दोनों के सामने बड़ी चुनौती है।
- लोकसभा चुनाव को आनंद के राजनीतिक चातुर्य की कड़ी परीक्षा माना जा रहा है। वह 2019 में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक बनाए गए थे। उन्हें मायावती के उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है। हालांकि एंट्री उस वक्त पर हुई है जब बसपा का जातीय गणित गड़बड़ा चुका है। यूपी में भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद लोकप्रियता में अपना मुकाम बना चुके हैं।

## राजस्थान विस चुनाव में मेहनत नहीं लाई थी रंग

आकाश ने राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में काफी मेहनत की थी। पार्टी 184 सीटों पर लड़ी थी और 1.82 फीसदी वोटों के साथ दो सीटों पर जीती थी, जबकि 2018 में वहां 4 .03 फीसदी वोट हासिल करके छह सीटों पर विजय हासिल की थी। अन्य राज्यों में बसपा को मुंह की खानी पड़ी थी। ऐसे में आकाश आनंद के सामने छिटकते दलित वोटों को जोड़ना और उसके साथ ही मुस्लिम और ब्राह्मणों में सामंजस्य बैठाना चुनौती है। यही समीकरण 2007 में बसपा को यूपी की सत्ता में लाया था

दीवानगी


बेंगलुरु दक्षिण भाजपा उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। पार्टी की महिला कार्यकर्ता मोदी की गारंटी से लोगों को लुभाते नजर आए।

# रिकार्ड मतों से जीते नानाजी देशमुख , सबसे कम मतों से हारे अटल

## कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने जनसंघ के अटल बिहारी को था हराया

## भाजपा के सत्यदेव सिंह को रिजवान जहीर तथा सपा के रिजवान जहीर को बृजभूषण ने हैट्रिक बनाने से था रोका

लालजी सिंह, बलरामपुर

### वर्ष 2009 में खत्म हो गया था बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व

2009 के परिसीमन में बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व ही खत्म हो गया। चुनाव आयोग ने बलरामपुर जिले के तीन तथा श्रावस्ती जिले की दो विधानसभाओं को मिलाकर श्रावस्ती नाम से नया लोकसभा क्षेत्र बनाया। इस लोकसभा क्षेत्र से पहली बार कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडे को सांसद बनने का मौका मिला। वर्ष 2014 में भाजपा के दद्दन मिश्रा ने सपा के माफिया आतिक अहमद को हराकर चुनाव जीत लिया ।वर्ष 2019 में सपा बसपा गठबंधन के बसपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा के दद्दन मिश्रा को करीब 5000 मतों से चुनाव हराकर यह सीट बसपा की झोली में डाल दी।

**अमृत विचारः** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई तथा राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के नाम बलरामपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से सबसे कम तथा सबसे अधिक मतों से हारने जीतने का रिकॉर्ड आज भी कायम है । जनसंघ के अटल जी को कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने 1962 में सबसे कम मतों से हराया था। जनसंघ के नानाजी देशमुख ने बलरामपुर राज परिवार की कांग्रेस उम्मीदवार महारानी राजलक्ष्मी को सबसे अधिक मतों से चुनाव हराया था ।



बात करते है 1957 के लोकसभा चुनाव से। इस चुनाव में जनसंघ उम्मीदवार अटल बिहारी वाजपेई बलरामपुर के साथ-साथ लखनऊ और मथुरा से भी लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे । बलरामपुर से उनको जीत मिली जबकि लखनऊ और मथुरा में वह चुनाव हार गए । उन्हें भारतीय संसद में पहली बार पहुंचने का मौका बलरामपुर संसदीय क्षेत्र से ही मिला । वर्ष 1962 में जनसंघ के अटल बिहारी वाजपेई को कांग्रेस उम्मीदवार सुभद्रा जोशी ने चुनौती दी। इस चुनाव में सुभद्रा जोशी को 1,02,260 मत मिले । जबकि अटल बिहारी वाजपेई को 100208 मतों पर संतोष करना पड़ा । अटल बिहारी वाजपेई को इस चुनाव में मात्र 2052 मतों से हार का मुंह देखना पड़ा । हालांकि इसका बदला अटल बिहारी वाजपेई ने 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सुभद्रा जोशी को 32,000 मतों से पराजित कर ले लिया। 1971 में इस सीट पर कांग्रेस के चंद्रभाल मणि तिवारी ने जनसंघ के प्रताप नारायण मिश्र को करीब 5000 मतों से हरा दिया था।1977 का लोकसभा चुनाव काफी रोचक रहा। इंदिरा गांधी की इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में जनसंघ ने बलरामपुर लोकसभा सीट पर नानाजी देशमुख को अपना उम्मीदवार बनाया। कांग्रेस ने उनके सामने बलरामपुर राज परिवार की महारानी राज लक्ष्मी को उतारा। पूरे देश में कांग्रेस के खिलाफ उठी लहर को महारानी भी अपने पक्ष में नहीं कर पाईं। नाना जी देशमुख को इस चुनाव में 2,17,254 मत मिले जबकि महारानी राज लक्ष्मी को 1,03,248 मतों से ही संतोष करना पड़ा। नाना जी को सर्वाधिक 1,14,006 मतों से जीत मिली। 1980 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रभाल मणि तिवारी ने जनता पार्टी के शारदा प्रसाद द्विवेदी को करीब 21000 मतों से पराजित कर दिया ।1984 में कांग्रेस के प्रत्याशी दीपनरायन वन ने निर्दलीय उम्मीदवार फलजुल बारी को लगभग 9000 मतों से चुनाव हराया। वर्ष 1989 में भाजपा के सत्यदेव सिंह को निर्दलीय उम्मीदवार फसीउर् रहमान उर्फ मुन्नन खान करीब 20000 मतों से चुनाव हरा दिया। और इस सीट पर पहली बार किसी निर्दल उम्मीदवार को सांसद बनने का मौका मिला। 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सत्यदेव सिंह ने जनता पार्टी के सैयद मुजफ्फर हुसैन को करीब एक लाख मतों से चुनाव हराया। 1996 में भी सत्यदेव सिंह ने जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने सपा के अकबाल हुसैन को करीब 60,000 मतों से पराजित किया। 1998 में सपा प्रत्याशी रिजवान जहीर ने भाजपा के सत्यदेव सिंह को हैट्रिक बनाने से रोक दिया और रिजवान जहीर करीब 57000 से चुनाव जीतकर सांसद बने ।1999 में भी रिजवान जहीर ने सपा प्रत्याशी के रूप में अपने जीत का सिलसिला जारी रखा और भाजपा के कुशल तिवारी को करीब 20000 मतों से चुनाव हराया। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बलरामपुर सीट से गोंडा के बृजभूषण शरण सिंह को मैदान में उतारा। बृजभूषण ने रिजवान जहीर की हैट्रिक रोकी और उन्हें करीब 52000 मतों से हराकर जीत दर्ज की।






## गोंडा-बलरामपुर की चीनी की मिठास में घुली जौनपुर की पीढ़ी

## जौनपुर छोड़ यहीं के हो गए सत्यदेव सिंह व उनका पूरा परिवार

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

### सत्यदेव की मांग पर बना था देवीपाटन मंडल व बलरामपुर जिला

वर्ष 1997 में गोंडा से कटकर बलरामपुर जिला बन गया और गोंडा को मंडल मुख्यालय बनाकर देवीपाटन कमिश्नरी का नाम रखा गया। 1997 में सत्यदेव सिंह बलरामपुर के सांसद थे और प्रदेश भाजपा के महामंत्री थे। उनकी मांग पर मंडल मुख्यालय और बलरामपुर जिला अस्तित्व में आया था।



सत्यदेव सिंह

### गोंडा उत्तरी, पश्चिमी व पूर्वी के रूप में बंटा था लोकसभा क्षेत्र

गोंडा लोकसभा के लिहाज से तीन क्षेत्रों में बंटा था। गोंडा उत्तरी से चौधरी हैदर हुसैन, गोंडा पश्चिमी से शंकुतला नायर तथा गोंडा पूर्वी जिसमें बस्ती का कुछ भाग शामिल था। वहां से केशवदेव मालवीय ने पहला चुनाव जीता था। गोंडा उत्तरी में बलरामपुर व गोंडा का कुछ भाग शामिल था। यहां से चौधरी हैदर हुसैन कांग्रेस से चुनाव जीते थे। गोंडा पश्चिमी से जो आज कैसरगंज है वहां से हिंदू महासभा की शकुंतला नायर ने चुनाव जीता था जबकि गोंडा का पूवी एरिया जिसमें मनकापुर, छपिया व नवाबगंज सहित अन्य भाग तथा बस्ती का कुछ भाग मिलाकर क्षेत्र बना था वहां से केशवदेव मालवीय चुनाव जीते थे।

**अमृत विचारः** फर्राटेदार हिंदी और अंग्रेजी का ज्ञान, किसी प्रोफेसर की तरह वक्तव्य, देश विदेश की राजनीति व वहां की सामाजिक व्यवस्था का बारीकी ज्ञान रखने वाले सत्यदेव सिंह शायद ही किसी को विस्मृत हुए हों। नपी तुली भाषा व अपनी बात का लोहा मनवाना उनके लिए आम बात थी।

बलरामपुर चीनी मिल यूनिट के तुलसीपुर इकाई में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत सत्यदेव सिंह अपने पिता बाबू राजपति सिंह का हाथ पकड़कर जौनपुर से गोंडा आ गए। जौनपुर जिले के दरवेशपुर गांव के रहने वाले सत्यदेव सिंह ने अपनी पढ़ाई के दौरान ही छात्र राजनीति को आगे बढ़ाने का काम किया। वर्ष 1970 में वह जौनपुर से गोंडा आए और 1977 में ही उनकी राजनीतिक सक्रियता के चलते जनता पार्टी ने गोंडा से टिकट दे दिया और सत्यदेव सिंह ने लोकसभा का यह चुनाव भारी मतों से जीत लिया।

सत्यदेव सिंह का जन्म पूर्वांचल के जौनपुर के दरवेशपुर गांव में हुआ था। वे पिता राजपती सिंह के साथ वह भी गोंडा आ गए। पढ़ाई लिखाई के साथ उन्होंने राजनीति में कदम रखा। 1975 के आपात

**एक बार गोंडा तथा दो बार बलरामपुर से हुए सांसद**

काल के बाद पूरे देश में चली कांग्रेस विरोधी लहर में वह भी शामिल हो गए। उनकी सक्रियता को देखते हुए जनता पार्टी ने उन्हें गोंडा लोकसभा सीट से टिकट दे दिया। कांग्रेस विरोधी लहर में सत्यदेव सिंह ने कांग्रेस से सांसद रहे मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह को मात देकर चुनाव जीत लिया। सत्यदेव सिंह ने 71273 के भारी अंतर से आनंद सिंह को परास्त किया था।

उनकी राजनीतिक सक्रियता, सोच व विचार को देखते हुए 1980-85 तक उन्हें भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। एक बार भाजपा की बागडोर थामी तो वह अपने अंतिम समय तक भाजपा, संघ के होकर रह गए। कुशल वक्ता होने के साथ ही वह प्रखर विद्वान थे।

1990 में राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय रहे और पार्टी ने उन्हें 1991 में बलरामपुर से चुनाव लड़ाया। वह भाजपा के टिकट पर बलरामपुर सीट से चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके बाद 1996 में भी वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतने में सफल रहे। जौनपुर से आकर गोंडा बलरामपुर की राजनीति में घुलने के कारण उनका परिवार भी राजनीति से जुड़ गया। उनकी पत्नी सरोज रानी सिंह भी गोंडा और बलरामपुर से जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं।

सत्यदेव सिंह एक संभ्रांत परिवार से थे। वह तीन भाई थे। उनके एक भाई आईएएस तो दूसरे बैंक के अधिकारी रहे। राजनीतिक रूप से अपने अंत समय तक वह सक्रिय रहे लेकिन कोरोना जैसी महामारी ने पहले उनकी पत्नी सरोज रानी सिंह उसके बाद सत्यदेव सिंह को निगल लिया।

### बलरामपुर सीट

| | | |
|---|---|---|
| चौधरी हैदर हुसैन | 1952 | कांग्रेस |
| अटल बिहारी बाजपेयी | 1957 | जनसंघ |
| सुभद्रा जोशी | 1962 | कांग्रेस |
| अटल बिहारी बाजपेयी | 1967 | जनसंघ |
| चंद्रभाल मणि तिवारी | 1971 | कांग्रेस |
| नाना जी देशमुख | 1977 | जनसंघ |
| चंद्रभाल मणि तिवारी | 1980 | कांग्रेस |
| दीप नरायन वन | 1984 | कांग्रेस |
| फसीउर्रहमान मुन्नन खां | 1989 | निर्दल |
| सत्यदेव सिंह | 1991 | भाजपा |
| सत्यदेव सिंह | 1996 | भाजपा |
| रिजवान जहीर | 1998 | सपा |
| रिजवान जहीर | 1999 | सपा |
| बृजभूषण शरण सिंह | 2004 | भाजपा |
| विनय कुमार पांडेय | 2009 | कांग्रेस |
| दद्दन मिश्रा | 2014 | भाजपा |
| राम शिरोमणि वर्मा | 2019 | बसपा |

# भाजपा की चुनौती आसान करेगा तीसरा मोर्चा

## 25 सीटों पर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व सपा की बाजी पलटने में सक्षम है ओवैसी-पल्लवी की जोड़ी

## सपा को विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर हारने से लेकर माहौल बिगाड़ने की वजह थी एआईएमआईएम

## अखिलेश पर हमलावर ओवैसी साध रहे मुस्लिम वोट बैंक, इंडिया गठबंधन ठहरा रही भाजपा की बी टीम

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में विपक्ष का विखराव भाजपा की चुनौती आसान कर सकता है। खासकर हाल ही में बना तीसरा मोर्चा, जिसमें छोटी-छोटी चार पार्टियां हैं, लेकिन प्रदेश में पूरब से मध्य और पश्चिम तक 25 सीटों पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल की जोड़ी असरदार दिख रही है। ओवैसी का असर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में सपा पहले ही भुगत चुकी है, जबकि बिहार और महाराष्ट्र में उलटफेर समेत कई राज्यों में महागठबंधन को नुकसान उठाना पड़ा था।

असदुद्दीन ओवैसी जब से उत्तर-प्रदेश में सक्रिय हुए हैं, तब से अखिलेश यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वे न सिर्फ मुस्लिमों को वोट बैंक समझने वाली पार्टियों की पोल खोलकर माहौल बिगाड़ रहे हैं, वरन माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के घर जाने से लेकर कई मौकों पर मुसलमानों को अपने बीच का प्रतिनिधि चुनने का नारा बुलंद करते दिखते हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी पूरी तैयारी थी कि बसपा के साथ गठबंधन करके इंडिया गठबंधन (कांग्रेस, सपा, राष्ट्रीय जनता दल, टीएमसी आदि) को उत्तर-प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र आदि राज्यों को चुनौती पेश की जाए। लेकिन, मायावती से बात नहीं बनीं, जबकि इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने की उनकी कोशिश भी नाकाम रही। अलबत्ता अखिलेश समेत कई नेताओं ने उन्हें भाजपा की बी टीम ठहरा कर अछूत बना दिया।

यही हाल राज्य सभा चुनाव में सपा को वोट देने के बावजूद भी अखिलेश यादव के आंख से उतर चुकीं अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल का रहा। अंततः ओवैसी और पल्लवी ने एक साथ आकर पीडीए के जवाब में पीडीएम (पिछड़ा, दलित, मुसलमान) न्याय मोर्चा बनाकर 40 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की रणनीति से इंडिया गठबंधन का खेल बिगाड़ने में जुट गए हैं। उनके साथ नए मोर्चे में बाबूराम पाल की राष्ट्रीय उदय पार्टी, प्रेमचंद बिंद की प्रगतिशील मानव समाज पार्टी भी शामिल है।



प्रदेश में कुल मुस्लिम आबादी 19.3 फीसदी (3.84 करोड़) है. इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रुहेलखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में मुसलमानों की मजबूत उपस्थिति है। प्रदेश में 30 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली 21 लोकसभा सीटें हैं। इसमें खासतौर पर सहारनपुर, मेरठ, कैराना, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, घोसी और गाजीपुर है। लेकिन 20 से 30 फीसदी मुस्लिम वोटर वाली सीटों की संख्या जोड़ दें तो, आंकड़ा कुल 80 सीटों में 65 सीटों तक पहुंचेगा। अपना दल कमेरावादी पार्टी का असर भी पूरब से मध्य उप्र. के कई जिलों में है। पल्लवी पटेल सपा के साथ कौशांबी की सिराथू विधानसभा क्षेत्र से पिछली बार उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को हराकर असर दिखा चुकी है। इस दौरान 'मिले मुलायम-सोनेलाल' यानी यादव और कुर्मी के साथ पोस्टर के जरिए सियासी संदेश दिया गया था। प्रदेश में ओबीसी का सबसे बड़ा हिस्सा इन्हीं दो जातियों का है।

### अखिलेश को ओवैसी दे चुके हैं तगड़ा झटका

- – **ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहाद–उल मुस्लिमीन** (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैशी बीते विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश के सत्ता में आने का सपना तोड़ने में सबसे आगे थे। 95 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर 4 .5 लाख वोट हासिल किए, जिसमें सात विधानसभा सीटों पर 10 हजार से ज्यादा वोट मिलने से सपा जीती हुई बाजी हार गई थी। इन सीटों पर सपा की भाजपा से हार का अंतर 217 वोट से 1647 वोट तक का था। इसके पहले 2017 में ओवैसी ने पहली बार प्रदेश में 38 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर 2 .05 लाख वोट हासिल किए थे। चुनाव–दर–चुनाव दूना हो रहा ओवैसी का वोट बैंक इसबार लोकसभा चुनाव में पीडीएम न्याय मोर्चा से जितना असर दिखाएगा, उतना की करारा झटका इंडिया गठबंधन को लगना तय है।

### यह है मुस्लिम वोटिंग पैटर्न

- सीएसडीएस के मुताबिक साल 2019 के लोकसभा में उप्र में मुस्लिम वोटिंग कांग्रेस को 14 फीसदी, भाजपा को 8 फीसदी, सपा व बसपा गठबंधन को 73 फीसदी और अन्य के खाते में 5 फीसदी थी। वहीं साल 2014 में कांग्रेस को 11 फीसदी, भाजपा को 10 फीसदी, बसपा को 18 फीसदी और सपा को 58 फीसदी मुस्लिम वोट गए थे। हालांकि विधानसभा चुनाव 2017 में ओवैसी की पार्टी 38 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें 37 पर जमानत जब्त हो गई थी। उसे कुल 2 .46 फीसदी वोट मिले। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में ओवैसी ने 95 सीटों पर चुनाव लड़ाया और सभी पर प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई, मगर 2 .01 फीसदी वोट मिले।

### ऐसे अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा की मददगार रही ओवैसी की पार्टी

| सीट का नाम | भाजपा को वोट | रालोद को वोट | सपा को वोट | बसपा को वोट | ओवैसी की पार्टी को वोट | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिजनौर | 97,165 | 95,720 | गठबंधन में सीट रालोद को | 52,035 | 2,290 | 1,445 |
| नकुड़ | 1,04,114 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,03,799 | 55,112 | 3,593 | 315 |
| कुर्सी | 1,18,720 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,18,503 | 35,561 | 8,541 | 217 |
| सुल्तानपुर | 92,715 | गठबंधन में सीट सपा को | 91,706 | 22,521 | 5,251 | 1,009 |
| औराई | 93,691 | गठबंधन में सीट सपा को | 92,044 | 28,413 | 2,190 | 1,647 |
| शाहगंज | 87,233 (निषाद पार्टी के साथ) | गठबंधन में सीट सपा को | 86,514 | 48,957 | 8,128 | 719 |
| मुरादाबाद नगर | 1,48,384 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,47,602 | 14,013 | 2,261 | 782 |

## पहली बार मैदान में नहीं होगा कांग्रेस का प्रत्याशी

# पं. जवाहर लाल नेहरू कर चुके हैं मछलीशहर का प्रतिनिधित्व

जौनपुर

उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की मछलीशहर लोकसभा सीट का गठन 1962 में हुआ था,इससे पहले 1952 के चुनाव में यह क्षेत्र फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में था, यहीं से उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरू पहला चुनाव जीतकर देश के प्रधानमंत्री मंत्री बने थे।

इस सीट पर चार बार कांग्रेस का परचम लहरा चुका है जबकि एक बार भारतीय लोकदल, तीन बार जनता दल, तीन बार भाजपा , दो बार सपा और एक बार बीएसपी के सांसद चुने गये हैं। मछलीशहर में 1962 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गनपतराम सांसद चुने गये थे। 1967 और 1971 में कांग्रेस के ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित नागेश्वर द्विवेदी सांसद बने थे। 1977 में भारतीय लोकदल के टिकट पर राजकेशर सिंह सांसद चुने गये थे। 1980 शिव शरण वर्मा जनता पार्टी से सांसद बने थे। 1984 के चुनाव में श्रीपति मिश्रा ने कांग्रेस का पुनः परचम लहराया था, 1989 चुनाव में पूर्व सांसद शिवशरण वर्मा ने पुनः यह सीट कांग्रेस से छीनकर जनतादल की झोली में डाल दिया था और 1991 के चुनाव में जनता दल से ही शिवशरण वर्मा पुनः सांसद बने थे। 1996 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा के डॉ राम विलास वेदांती सांसद चुने गये । वर्ष 1998 में भाजपा के स्वामी चिन्मयानंद एमपी बने थे। 1999 के चुनाव में सपा प्रत्याशी सी एन सिंह सांसद बने थे। 2004 आम चुनाव में बसपा के बाहुबली उमाकांत यादव जेल रहते हुए भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी को हराकर सांसद बने थे।



2009 में सपा प्रत्याशी तूफानी सरोज सांसद चुने गये। 2014 चुनाव में मोदी लहर के दौरान एक बार फिर बीजेपी के रामचरित निषाद सांसद चुने गये थे और 2019 में यहां से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बीपी सरोज बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी टी राम को मात्र 181 मतों से पराजित कर सांसद चुने गए हैं।

मौजूदा लोकसभा चुनाव में अभी तक मछलीशहर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से किसी भी पार्टी ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। 1984 के चुनाव के बाद आज तक 40 वर्ष हो रहे हैं कांग्रेस पार्टी का पहली बार यहां से प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ेगा, इस बार कांग्रेस का चुनाव चिन्ह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर नहीं रहेगा। क्योंकि यह सीट चुनावी समझौते में समाजवादी पार्टी के खाते में गई है।

तैयारी जीत की | लोस चुनाव को लेकर दोनों ही दलों ने गीतों के जरिए मतदाताओं को लुभाने की तैयारी

# राजनीतिक बयानबाजी ही नहीं, पार्टियों के बीच सॉन्ग-वार भी

## एनडीए का गीत - सपने नहीं हकीकत को बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं

## सपा-कांग्रेस गठबंधन का गीत- दिल्ली में प्रवेश की खातिर ये इंडिया का गठबंधन है

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचारः** हर चुनाव की तरह इस बार भी राजनीतिक दलों के बीच 'सॉन्ग-वार' चल रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा गठबंधन के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच गीत-संगीत के माध्यम से भी आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला है। इन गीतों में अपने-अपने दलों की उपलब्धियों का बखान करने के साथ दूसरे दलों की खामियां निकाल कर आमजन को रिझाने का प्रयास है। इस तरह के म्यूजिक एल्बम अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचलित भाषा के मद्देनजर भी बनवाए जा रहे हैं। इसके लिए पार्टियों में एक अलग फंड की भी व्यवस्था है।

रोचक यह कि एक पार्टी अगर कोई गाना बनवा कर दूसरे पर हमला करती है तो दूसरा दल भी उसी तर्ज पर गीत के जरिए ही जवाब देने को आगे आ जाता है। यानि एक-दूसरे पर सोशल मीडिया से तीखी बयानबाजियां और मंच से भाषण देने के अलवा गीत-संगीत से भी हमला किया जा रहा है।

उदाहरण देखें तो सपा-कांग्रेस गठबंधन का पिछले दिनों थीम सॉन्ग लांच हुआ। इसमें इंडिया गठबंधन का बखान करते हुए गाने के बोल कुछ इस तरह हैं-

**गठबंधन है, गठबंधन है ये इंडिया का गठबंधन है,**

**दिल्ली में प्रवेश की खातिर, राहुल और अखिलेश की खातिर**

वहीं, इससे पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का चुनावी थीम सॉन्ग जारी किया था। यह गीत कुछ इस तरह है-

**जन–जन की आंखों के सपने लेकर चले, उम्मीदों को देखो कैसे नये पंख मिले।**

**तीन रंग में रंगा तिरंगा शान से लहराया, भारत मां के माथे पर फिर से मुकुट सजाया।।**

दोनों ही दलों के गीत बकायदा वीडियोज आधारित भी हैं जिसमें इन दलों से जुड़े नेताओं की वीडियो क्लिपिंग्स को दर्शाया गया है। हालांकि भाजपा ने अन्य दलों के मुकाबले इस गीत-संगीत वाले प्रचार में भी बाजी मार रखी है। लोस चुनाव के मद्देनजर भाजपा कुछ और गाने कान में पड़ रहे हैं-

**बढ़ना हर उम्मीद के पार, नई भारत की यही पुकार,एक बार फिर मोदी सरकार...**

एक गीत मैं मोदी का परिवार हूं पर भी आधारित है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी भी एक वीडियो गीत को लेकर सत्तापक्ष के सांसदों को कटघरे में खड़ा कर रही है। यह गाना कुछ इस तरह है—

**हाजिर हों, हाजिर हों सांसद जी हाजिर हों,**

**पांच साल दें हिसाब, क्षेत्र को क्या दिया दें जवाब।**

बहरहाल, इन्हीं चुनावी गीतों, म्यूजिक एल्बम के बहाने स्थानीय कलाकारों को भी कमाई करने का भी अवसर मिल रहा है। बकायदा किसी-किसी को पूरे लोकसभा चुनाव का ही कॉन्ट्रेक्ट मिल रहा है।



### चुनाव आयोग की भी है नजर

चुनावी गीत हों या ऐसे म्यूजिक एल्बम, चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के तहत इन पर भी पैनी नजर है। बीते दिनों राजस्थान दिवस के मौके पर पर्यटन विभाग की ओर से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों ने एक निर्दलीय लोस उम्मीदवार की तारीफ करते गीत गाया। चूंकि कार्यक्रम सरकारी था, इसलिए मामला आचार संहिता के उल्लंघन का बना।

### फिर उसी कलाकार को मौका

पिछले लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी पर राहुल गांधी चौकीदार शब्दावली को लेकर हमलावर थे। उस वक्त भाजपा की ओर से जवाब में, मैं भी चौकीदार गाने को अभियान की तरह सामने लाया गया। यह गीत मोदी के समर्थन में माहौल बनाने में काफी सहायक माना गया। इस बार के चुनाव में उसी कलाकार को मोदी का परिवार शीर्षक गीत का जिम्मा दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### अखिलेश अभी और बदलेंगे चेहरे, नापतौल कर जिताऊ उम्मीदवार पर लगा रहे दांव



**लखनऊ, अमृत विचार :** टिकटों में निरंतर बदलाव को लेकर भाजपा भले सपा पर सवाल उठा रही हो लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव अभी टिकट परिवर्तन का यह सिलसिला जारी रखेंगे। फिलहाल सपा प्रमुख बदायूं से लेकर मेरठ और मुरादाबाद, रामपुर तक की सीटों पर उम्मीदवार बदल चुके हैं। सपा की ताजा स्थिति यह है कि समाजवादी पार्टी के लखनऊ मुख्यालय पर नये टिकटार्थियों के अलावा टिकट बदलवाने वालों की भी भीड़ नजर आ रही है। कब किसका टिकट कट जाए और फिर कट कर किसी और को मिल जाए, तय नहीं। गिनती करें तो अब तक लगभग 10 सीटों बागपत, संभल, मिश्रिख, बदायूं, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, गौतमबुद्ध नगर, मुरादाबाद और मेरठ में टिकट बदले जा चुके हैं। सूत्र बता रहे हैं कि अखिलेश लोकल-फीडबैक के आधार पर पूर्व घोषित उम्मीदवार और संभावित उम्मीदवार का राजनीतिक वजन तौलकर आगे भी चेहरे बदलने का फैसला लेंगे। बहरहाल, टिकट पर टिकट बदलने के फैसले से सपा की राजनीतिक रणनीति दूसरे दलों के निशाने पर है।

### अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया आज से

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने गुरुवार को प्रदेश में 354 अंशकालिक खेल प्रशिक्षकों की तैनाती को हरी झंडी दे दी है। खेल विभाग प्रदेश भर में इस आदेश की प्रति भेज कर शुक्रवार से अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष में कार्यरत सभी प्रशिक्षकों का नवीनीकरण किया गया है। वे पहले की तरह जहां उनकी तैनाती थी, वहां पर प्रशिक्षण दे सकेंगे। उन्हें संबंधित जिले के खेल कार्यालय जाकर प्रार्थनापत्र देकर प्रशिक्षण शुरू करने की जानकारी देनी होगी। खेल प्रशिक्षकों के दो माह के बकाया वेतन (दिसंबर- जनवरी माह) का भुगतान भी आउटसोर्सिंग कंपनी को कर दिया गया है। जल्द ही प्रशिक्षकों के खाते में बकाया वेतन ट्रांसफर हो जाएगा। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि प्रदेश भर में समय से खेल प्रशिक्षण शिविर को शुरू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशिक्षकों का बकाया वेतन भी आउटसोर्टिंग कंपनी को भेजा चुका है।

### 1.63 लाख बूथों पर मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा छह अप्रैल को प्रदेश के सभी 1.63 लाख बूथों पर अपना स्थापना दिवस मनाएगी। गुरुवार को हुई वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।चौधरी ने कहा कि इस बार स्थापना दिवस कार्यक्रम आम चुनाव के बीच में मनाया जा रहा है। इसके माध्यम से आम जनता के बीच जाकर फिर से मोदी की सरकार बनाने के लिए वोट की अपील की जाएगी। धर्मपाल ने कहा कि स्थापना दिवस का कार्यक्रम सभी बूथों पर मनाया जाना है। पार्टी के पदाधिकारी अपने बूथों पर रहकर स्थापना दिवस कार्यक्रम मनायेंगे। इसके बाद बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। पदयात्रा निकालकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील होगी। लोगों से आग्रह कर उनके घरों पर पार्टी का झंडा लगवाया जाएगा। मोदी सरकार की उपलब्धियों और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील से संबंधित हैंडबिल भी बांटे जाएंगे।

### बुलंदशहर में गंगा पर पुल बनाने वाली कंपनी पर बैन

**लखनऊ, अमृत विचार :** बुलंदशहर में गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल के बीम गिरने के मामले में शासन ने कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को तीन साल के लिए बैन किया गया है। साथ ही ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं। बुलंदशहर से अमरोहा को जोड़ने के लिए नरसेना क्षेत्र को गांव गजरौला में गंगा नदी पर वर्ष 2021 से 83.18 करोड़ की लागत से 1062.65 मीटर लंबे पक्के पुल का निर्माण कार्य हो रहा है। 29 मार्च की रात अचानक पुल के 34 वें पिलर पर डाले गए तीन बीम गिर कर टूट गए थे। इसके बाद कंपनी के ठेकेदार ने घटना को छिपाने के लिए जेसीबी से गड्ढा खोदकर बीम को बालू में दबाने का भी प्रयास किया। मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन से तीन सदस्यीय जांच टीम भेजी गई। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता एके अग्रवाल, सेतु निगम के प्रबंध निदेशक धर्मवीर सिंह और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सदन लाल गुप्ता ने शासन को रिपोर्ट सौंपी है। प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन की ओर से पुल निर्माण कर रही कंपनी मैसर्स एडिकोन कंक्रीट एलएलपी को तीन साल के लिए निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से रोकते हुए काली सूची में डाल दिया गया है।

# बोर्ड परीक्षा में नंबर बढ़वाने वाले जालसाज सक्रिय, रहें सावधान

## बच्चों और अभिभावकों को फोन कर प्रलोभन दे रहे साइबर ठग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं व 12वीं के परिणाम जारी करने की तैयारी चल रही है। इसी बीच नंबर बढ़वाने का झांसा देने वाले साइबर जालसाज सक्रिय हो गए हैं। ये साइबर जालसाज परीक्षार्थियों, अभिभावकों को नंबर बढ़वाने का झांसा देकर ठगी का प्रयास कर रहे हैं। बोर्ड सचिव ने कहा है कि ऐसे जालसाजों के झांसे में आएं। बोर्ड में नंबर घटाए और बढ़ाए नहीं जा सकते हैं। काफी का मूल्यांकन कर शिक्षक ने जो नंबर दिए होंगे, उसी के आधार पर रिजल्ट बनेगा।

माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने पत्र जारी कर विद्यार्थियों और अभिभावकों को सचेत किया है। सचिव ने कहा



● माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने परीक्षार्थियों और अभिभावकों को किया सचेत

कि वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में अंक बढ़वाने और पास कराने का झांसा देकर साइबर जालसाज परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से धन की मांग कर ठगने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले वर्ष इस तरह ठगी का प्रयास करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सविच ने कहा कि परीक्षार्थी और अभिभावक ध्यान रखें कि बोर्ड में नंबर बढ़ाने के लिए कोई जुगाड़ नहीं चलता है। कोई जालसाज नंबर बढ़वाने के लिए फोन करे तो तत्काल इसकी सूचना अपने जिले के डीआईओएस कार्यालय और थाने में पुलिस जरूर दें। सचिव ने कहा कि अभिभावक इस संबंध में शिकायत लेकर आएं तो उसकी शिकायत के आधार पर जिला विद्यालय निरीक्षकों को एफआईआर करानी होगी।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- बोर्ड की ओर से विद्यार्थी के घर पर फोन नहीं किया जाता।
- यदि फोन पर कोई संपर्क करे तो उसकी शिकायत करें।
- इसके अलावा आस-पास सक्रिय जालसाज के झांसे में न आएं।
- कोचिंग संचालक प्रलोभन दे तो उसकी भी शिकायत करें।

### राजीव ने आगामी परीक्षाओं के लिए भी ले रखा था एडवांस



**लखनऊ, अमृत विचार :** यह तो गनीमत है कि सिपाही भर्ती परीक्षा का मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा एवं उसके साथी गिरफ्तार हो गए, वरना आगामी होने वाली परीक्षाओं में भी पेपर लीक होना तय था। इन अपराधियों ने आगे के दिनों में यानी दिसंबर 2024 तक होने वाली कई परीक्षाओं में सैकड़ों अभ्यर्थियों से नौकरी दिलवाने के नाम पर पैसा उठा रखा है। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक इन अपराधियों की योजना सिर्फ सिपाही भर्ती परीक्षा तक नहीं थी, बल्कि आगे होने वाली परीक्षाओं के बयाने भी ले रखे थे। जाहिर सी बात है कि इससे वास्तविक अभ्यर्थियों का सपना टूट जाता।

गौरतलब हो कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो जाने से सरकार की बहुत किरकिरी हुई थी।

# बड़े नेता कहेंगे तो मैनपुरी से जरूर लड़ूंगी चुनाव: अपर्णा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● अपर्णा ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से की बातचीत

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की नेता और सपा के संस्थापक रहे मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव ने गुरुवार को मैनपुरी से जेठानी डिंपल यादव के खिलाफ चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि बड़े नेता कहेंगे तो जरूर लड़ूंगी। राहुल और प्रियंका के अमेठी, रायबरेली से चुनाव लड़ने पर कहा कि वे हमेशा झूठ और लोगों को गुमराह करने की बातें करते हैं। ये लड़ने की परिस्थिति में नहीं हैं। अमेठी और रायबरेली भी भाजपा जीतेगी।

भाजपा के राज्य मुख्यालय पर गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए अपर्णा ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा मथुरा सीट से मौजूदा सांसद और प्रत्याशी हेमा मालिनी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर जमकर निशाना साधा। कहा कि महिलाओं की अस्मिता और आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने का कांग्रेस में पुराना कल्चर है। उन्होंने कहा कि भाजपा नारी का सम्मान करती है, महिला को सशक्त करती है, वहीं, कांग्रेस नेता महिलाओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी निंदनीय है। चुनाव आयोग से अपील है कि इनकी टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई हो। कांग्रेस के कई नेता इस तरह के बयान देते आए हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर गलत टिप्पणी की। देश की मातृशक्ति के अपमान का जवाब 2024 में मिलेगा। कहा कि, कांग्रेस में अनगिनत नेता और उदाहरण भरे पड़े हैं, स्वयं राहुल गांधी, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, शशि थरूर समेत आजम ख़ान, अबू आज़मी जैसे इंडी गठबंधन के नेता भी महिलाओं के ख़िलाफ़ अनर्गल और अपमानजनक टिप्पणी करते आ रहे हैं।

# मुख्तार की मौत मामले पर सरकार व जेल प्रशासन के बयान अलग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी गैंगस्टर मामले की गुरुवार को बाराबंकी कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह सुमन ने एक बार फिर कोर्ट से मुख्तार अंसारी की मौत मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर सरकार और बांदा जेल प्रशासन के बयानों में विरोधाभास है जबकि सरकारी वकील ने बचाव पक्ष के सभी तथ्यों को निराधार बताते हुए उनके द्वारा दिये प्रार्थनापत्र को खारिज करने की मांग की।



एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 में विशेष सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के सामने हुई पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि मुख्तार असारी की मौत को लेकर राज्य सरकार और जेल प्रशासन के कथनों में बड़ा अंतर सामने आया है, क्योंकि सरकार द्वारा न्यायालय में लिखित में प्रार्थना पत्र देकर कहा गया कि मुख्तार अंसारी के हाथ-पैर और नसों में दर्द होने के कारण उन्हें बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के दौरान हार्ट अटैक आ जाने के कारण उनकी मौत हो गई।

जबकि बांदा जेल प्रशासन अभी तक कहता रहा है कि मुख्तार अंसारी को जेल के अंदर हार्ट अटैक आया था। इसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां इलाज के दरमियान उनकी मौत हो गई। ऐसे में या तो राज्य सरकार गलतबयानी कर रही है या फिर जेल प्रशासन झूठ बोल रहा है। इसलिए इस बिंदु के ऊपर विशेष जांच कराने की जरूरत है। जिससे मुख्तार अंसारी की मौत के पीछे का पूरा सच सामने आ सके।

### समाज कल्याण के स्कूलों में यूनिफॉर्म देने पर लें निर्णय

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, राज्य सरकार को आदेश दिया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्कूलों के बच्चों को यूनिफ़ॉर्म की सुविधा दिए जाने के विषय पर चाह सप्ताह में निर्णय लें। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 मई की तिथि नियत करते हुए, बेसिक शिक्षा विभाग व समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिवों का हलफ़नामा भी तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने यूपी अनुसूचित जाति प्राथमिक विद्यालय शिक्षक एसोसिएशन की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा द्वारा संचालित स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को यूनिफ़ॉर्म दिया जाता है।

# रॉबर्ट वाड्रा ने दिए चुनाव लड़ने के संकेत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा ने लोकसभा चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि रायबरेली व अमेठी की जनता चाहती है कि उनका नेतृत्व गांधी परिवार करे। एक मीडिया चैनल से बातचीत करते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि वह रायबरेली और अमेठी में 1999 से प्रचार कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि लोग जब देखते हैं कि कैसे भाजपा ईडी से उन्हें हमेशा चुनाव के समय निशाना बनाती है तो लोग मांग करते हैं कि उन्हें भी जवाब देने के लिए संसद में जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रायबरेली या अमेठी के लोग जरूर चाहते हैं कि कोई न कोई गांधी परिवार का व्यक्ति उनका प्रतिनिधित्व करे और अब वे इस पर पछतावा भी करते हैं कि उन्होंने भाजपा की स्मृति ईरानी से राहुल गांधी को हरा दिया। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी वक्त प्रियंका गांधी का है। पहले वह संसद में जाएंगी, उसके वह संसद में जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा देश में विभाजित करने की राजनीति कर रही है।

**लोकतंत्र में भ्रष्टाचारियों के लिए स्थान नहीं : भाजपा**

रॉबर्ट वाड्रा के चुनाव लड़ने की इच्छा जताने पर भाजपा ने तंज कसते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों के लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि जमीनी पकड़ रखने वाले नेता कांग्रेस छोड़ रहे, इसलिए जमीनों से नाता रखने वाले रॉबर्ट वाड्रा मैदान में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा के आने से कांग्रेस की जमीन कितनी मजबूत होगी, ये वक्त बताएगा, लेकिन इनको चुनाव हराने में मजा आएगा।

## वर्ग पहेली-30

**बाएं से दाएं**

4.1. वह वस्तु जिसपर रंग-बिरंगे बेल-बूटे

5.1. मुड़ना 2. चक्कर लगाना, घूमना 3. (ज्योतिष) किसी ग्रह का अपने पथ से विचलित होना।

6. अनुमान करने योग्य, जिसे अनुमान से जाना जा सके।

7.1. साथ रहने वाली स्त्री, साथिन, सहचरी 2. पत्नी, भार्या 3. सखी, सहेली

8. संस्कृत भाषा।

9.1. माशूक 2. प्रिय, प्रेमी 3. प्रेमपात्र।

**ऊपर से नीचे**

1. बरगद की जाति का एक प्रसिद्ध वृक्ष।

2. समुद्र तट पर पानी के ऊपर बना लकड़ी का वह चबूतरा या स्थान जहां जहाज़ों पर माल लादा और उतारा जाता है।

3.1. बेसुध 2. अचेत, बेख़बर, संज्ञाहीन 3. दुर्दशाग्रस्त 4. मरणासन्न 5. व्याकुल, बेचैन।

5. बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य का समय, बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य की स्थिति।

6.1. यज्ञादि के समय किया जाने वाला स्नान 2. यज्ञ 3. शराब चुआना, आसवन 4. ख़मीर 5. कांजी।



### वर्ग पहेली-29 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जो | | | | | | 2 म |
| 3 श | रा | बो | 4 र | | | र |
| न | | | 5 ज़ा | दे | रा | ह |
| | | | मं | | | म |
| 6 बु | 7 नि | या | दी | | 8 पू | |
| | ग | | | 9 वी | थि | का |
| 10 मुँ | ड़ | ना | | | का | |

## सुडोकू-109

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | 7 | | 9 |
| 4 | | 1 | | 3 | | 8 | | |
| | | 2 | | 5 | | 4 | | |
| 2 | 7 | | | | | | 3 | 4 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| 6 | 8 | | | 9 | | | 5 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| | | 7 | | 4 | | 5 | | 6 |
| 9 | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू-108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 8 |

### बांके बिहारी मंदिर में युवा श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ी, मौत

**मथुरा, एजेंसी :** वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में गुरुवार को दर्शन करने पहुंचे युवा श्रद्धालु की तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। बांकेबिहारी मंदिर की सुरक्षा में तैनात प्रभारी निरीक्षक अशोक कौशिक ने बताया कि यह घटनागुरुवार सुबह करीब 10 बजे की है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण में बहुत ज्यादा भीड़ नहीं थी, लेकिन एक युवक को तबीयत बिगड़ने की शिकायत पर उसे मंदिर के बाहर स्थित सरकारी आकस्मिक चौकी पर लाया गया। वहां तैनात डॉ. यतींद्र एवं डॉ. धीरज ने प्राथमिक उपचार किया और इसके बाद उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय में ले जाया गया, जहां डॉ. तन्वी दुआ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# चुनाव और युद्ध को कभी आसान नहीं समझना चाहिए: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गोरखपुर पहुंचे। यहां उन्होंने गोरखपुर, बांसगांव व संतकबीरनगर लोकसभा के लिए भाजपा की चुनाव संचालन समितियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में चुनाव जीतने का मंत्र दिया। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। पर, चुनाव और युद्ध को कभी आसान नहीं समझना चाहिए। इसलिए हमें अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा।

गोकुल अतिथि भवन में आयोजित बैठक में योगी आदित्यनाथ ने चुनाव संचालन समिति के जिम्मेदारों से कहा कि इस समय पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। लोकसभा चुनाव का परिणाम भी



मुख्यमंत्री योगी ने मथुरा में नामांकन पत्र दाखिल करने पर एक सार्वजनिक बैठक के दौरान भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के साथ विजय चिन्ह दिखाया। ● अमृत विचार

इसी के अनुरूप आएगा। जरूरत बूथ स्तर तक सक्रियता, तत्परता और सजगता की है। बूथ जितना मजबूत होगा, परिणाम भी उतना ही जबरदस्त आएगा। बूथ को जीतना ही चुनाव जीतने का सबसे कारगर फॉर्मूला है।

**अयोध्या, काशी के बाद अब नजर मथुरा-वृंदावन पर :** राज्य ब्यूरो, लखनऊःमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा और वृंदावन पर सरकार का पूरा फोकस है। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन में विकास की गति को और तेज किया जाएगा। उन्होंने न्यायालयों में चल रहे मामलों में भी जीत मिलने की उम्मीद जताई। साथ ही कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों को चेतावनी भी दी कि मातृ शक्ति का अपमान करने वालों को पूरा देश सबक सिखाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा के सेठ बीएन पोद्दार इण्टर कॉलेज मैदान में आयोजित विजय संकल्प नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्तमान सांसद और भाजपा की ओर से लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में प्रचार किया। योगी ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें व्यक्तिगत रूप से कोई पसंद हो न हो, मगर हम कला, संस्कृति और जाति को टार्गेट नहीं कर सकते। अगर कोई ऐसा कर रहा है तो वो अपने लिए खुद गड्ढा खोद रहा है। इस मौके पर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, पार्टी जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेयसमेत अन्य नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 13.28 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 18.07 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष:** आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आर्थिक मामलों में काफी भाग्यशाली रहेंगे। अपनी बातों से आप लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। युवाओं को जॉब के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे।

**वृष:** आज फिर भी किसी भी मुद्दे पर सावधानी पूर्वक प्रतिक्रिया दें। छोटे बच्चों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उलझा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की संभावना है। करियर के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मिथुन:** आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। आप अनुसंधान के मूड में हो सकते हैं। बजट का ध्यान रखते हुए काम करें। भारी भोजन का सेवन करने से बचें। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र गण आपसे नाराज हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है।

**सिंह:** आज साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**कन्या:** आज प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। यदि किसी मीटिंग पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी करनी पड़ेगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**तुला:** आज बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने दोस्तों से आज मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप ज्यादा करनी पड़ेगी।

**धनु:** आज जीवनशैली में नयापन आएगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग संबंधी कारोबारियों को लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**मकर:** आज संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ:** आज अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है।

**मीन:** आज राजनीतिक लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उसे शांति से निपटाएं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.57
- जख्मी तमाशा — रात : 07.02

&pictures
- मैं तेरा हीरो — सुबह : 11.09
- मॉम — रात : 08.00

Sony Pix
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.06
- मैड मैक्स : फरी रोड — रात : 09.00

Zee Cinema
- बधाई हो बधाई — सुबह : 10.45
- गली बॉय — रात : 07.20

Colors Cineplex
- खुदा गवाह — दोपहर : 02.00
- अग्निपथ — रात : 09.31

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.09 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू अपने पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

मैडम- क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाए।
पप्पू मसूमियत से खड़ा हो गया
मैडम- क्या तुम बेवकूफ हो?
पप्पू- नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं। इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

## एक नजर

### सरसों दाने का उत्पादन सर्वकालिक उच्चस्तर को छू सकता है

**नई दिल्ली।** एक करोड़ हेक्टेयर के रिकॉर्ड बुवाई रकबे के कारण वर्ष 2023–24 के सत्र में सरसों दाने का उत्पादन 1.2 करोड़ टन के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू सकता है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने यह अनुमान लगाया है। सरसों एक महत्वपूर्ण तिलहन फसल है जो रबी (सर्दियों) के मौसम में सितंबर–अक्टूबर के दौरान उगाई जाती है और फरवरी–मार्च में काटी जाती है।

### हीरो को 605 करोड़ रुपये का मिला नोटिस

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प को आयकर विभाग ने छह आकलन वर्षों के लिए ब्याज के साथ लगभग 605 करोड़ रुपये का मांग नोटिस भेजा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे तीन अप्रैल, 2024 को आयकर विभाग से आकलन मांग नोटिस प्राप्त हुआ है।

# सेंसेक्स 351 अंक चढ़कर नए रिकॉर्ड पर

## नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता व कंपनियों के प्रदर्शन के चलते निफ्टी भी नए शिखर पर पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**



नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता और कंपनियों के मजबूत तिमाही प्रदर्शन की उम्मीदों के बीच स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बृहस्पतिवार को आधा प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। शेयर बाजारों में इस तेजी के पीछे सूचना प्रौद्योगिकी, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी की अहम भूमिका रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 350.81 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 74,227.63 के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 74,501.73 से 73,485.12 अंक के दायरे में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 80 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,514.65 के अपने नए शिखर पर पहुंच गया। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 बढ़त के साथ बंद हुए। इस तेजी के साथ बाजार पिछले दो सत्र की गिरावट से उबरने में सफल रहा।

सेंसेक्स का पिछला उच्चतम स्तर सात मार्च को 74,119.39 अंक का दर्ज किया गया था। वहीं निफ्टी का पिछला रिकॉर्ड 22,493.55 अंक का था। घरेलू बाजारों ने नीतिगत दर रेपो पर शुक्रवार को आने वाले फैसले के पहले एक सीमित दायरे में सकारात्मक कारोबार किया। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर पर लिए गए निर्णय की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-व्यापक बाजार ने मजबूत व्यावसायिक स्थितियों को दर्शाते हुए समग्र पीएमआई आंकड़ों के आधार पर अच्छे तिमाही नतीजों और निर्यात की उम्मीद में बैंक जैसे चुनिंदा क्षेत्रों में जुझारूपन दिखाया है। सेंसेक्स के समूह में शामिल 20 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### सोना तेजी के साथ 70,050 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 850 रुपये के उछाल के साथ 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। यह लगातार दूसरा सत्र है जब सोने ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये के उछाल के साथ 81,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा– विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमत (24 कैरेट) 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी जो पिछले बंद भाव से 850 रुपये की बढ़त है।

## आईटीआर के फॉर्म ई–फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) जमा करने से संबंधित फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और बीते चार दिन में करीब 23,000 रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं।

हाल के वर्षों में पहली बार आयकर विभाग ने करदाताओं को नए वित्त वर्ष के पहले दिन ही अपना आईटी रिटर्न दाखिल करने में सक्षम बनाया है। यह कर अनुपालन में सुगमता और निर्बाध करदाता सेवाओं की दिशा में उठाया गया कदम है। आईटीआर फॉर्म 1 (सहज) और आईटीआर फॉर्म 4 (सुगम) बड़ी संख्या में छोटे और मझोले करदाताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं। वहीं आईटीआर-2 आवासीय संपत्ति से आय वाले लोगों द्वारा दाखिल किया जाता है।

## सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए हरसंभव कदम उठा रही : सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय मंत्री बोले-भीषण गर्मी के अनुमान पर की गई तैयारी



केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पारा चढ़ने के साथ बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बिजलीघरों को पूरी क्षमता के साथ काम करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। मौसम विभाग के लंबे समय तक भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान के साथ सरकार ने रखरखाव या अन्य कारणों से बंद सभी बिजलीघरों से जल्द-से-जल्द परिचालन शुरू करने को कहा है। साथ ही विशिष्ट उपयोगकर्ताओं के लिए काम कर रहे बिजलीघरों पर उपलब्ध अतिरिक्त बिजली का उपयोग करने को कहा है।

उन्होंनै कहा सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि तापीय बिजलीघर के पास जून तक के लिए पर्याप्त कोयला भंडार हो। साथ ही सभी इकाइयों से बिजली बाजारों में अपनी बिना अनुबंध वाली या अधिशेष बिजली की पेशकश करने को कहा है। केंद्रीय बिजली, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री सिंह ने खास बातचीत में गर्मियों में अधिकतम मांग को बिना किसी बाधा के पूरा करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा-हम अपनी पूरी क्षमता जुटा रहे हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 81,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 71,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53,450–53,650 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

## देश के आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नाइट फ्रैंक ने जनवरी-मार्च के जारी किए आंकड़े

देश के आठ प्रमुख शहरों में लक्जरी मकानों और प्रीमियम कार्यक्षेत्र की मजबूत मांग के दम पर जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कार्यालयों की मांग 43 प्रतिशत बढ़ी। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार में 'भारत रियल एस्टेटः कार्यालय तथा आवासीय रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2024)' जारी की।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च में आवासीय कीमतें सालाना आधार पर दो से 13 प्रतिशत के दायरे में बढ़ीं। कार्यालय का किराया एक से नौ प्रतिशत बढ़ा। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च में आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री बढ़कर 86,345 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 79,126 इकाई थी। इस वर्ष जनवरी-मार्च में कार्यालय स्थान का सकल पट्टा 43 प्रतिशत बढ़कर 1.62 करोड़ वर्ग फुट हो गया,।

## उत्तर प्रदेश, राजस्थान व बिहार से गेहूं खरीद को 7 गुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे गैर-पारंपरिक राज्यों में गेहूं खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि करने की योजना की घोषणा की तथा चालू विपणन वर्ष 2024-25 में खरीद को सात गुना बढ़ाकर 50 लाख टन करने का लक्ष्य रखा। इन तीन राज्यों ने 2023-24 विपणन वर्ष (अप्रैल-मार्च) के दौरान केंद्रीय पूल में केवल 6.7 लाख टन का योगदान दिया है। वहीं केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने 2024-25 के लिए 310 लाख टन के कुल गेहूं खरीद लक्ष्य का 16 प्रतिशत इनसे खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## वरिष्ठ पदों पर औसत 20% वेतन वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड ने जारी की रिपोर्ट



इस साल वरिष्ठ पदों पर वेतन वृद्धि औसतन 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 के अनुसार, पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां फिर से बढ़ रही हैं जो विशेष रूप से विनिर्माण तथा परिचालन भूमिकाओं की निरंतर उच्च मांग से स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वार्षिक मार्गदर्शन रिपोर्ट में बीएफएसआई, इंजीनियरिंग तथा विनिर्माण, वित्त व लेखा, स्वास्थ्य देखभाल तथा जीवन विज्ञान, मानव संसाधन, विधि, अनुपालन, खरीद व आपूर्ति श्रृंखला, संपत्ति व निर्माण, बिक्री तथा विपणन और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की छह प्रतिशत जीडीपी वृद्धि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत को इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान पर रखती है।

पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा-भारत की अर्थव्यवस्था के इस तरह के लचीलेपन तथा आशावाद को प्रदर्शित करने और वैश्विक महामारी के पहले के अपने प्रदर्शन को पार करने के बाद क्षमताओं का दोहन करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रतिभा को फलने देना और नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण बना हुआ है।

# राष्ट्रीय

# विपक्षी गठबंधन सीएए को लेकर अफवाह फैला रहा: मोदी

## पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री बोले-नागरिकता देना मोदी की गारंटी

**कूचबिहार (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लेकर झूठी अफवाह फैलाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि 'मां भारती' में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार के रास मेला मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने भ्रष्ट लोगों को बचाने के प्रयासों को लेकर विपक्षी दलों निशाना साधा और उनकी सजा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि अगले पांच वर्ष में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संदेशखालि में हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने आश्वासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूच बिहार जिले में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान उन्हें भेंट की गई अपनी तस्वीर दिखाई। • एजेंसी

मोदी ने कहा-उन्होंने कभी हाशिए पर पड़े समुदायों की परवाह नहीं की। अब जब हम सीएए लाए हैं तो वे अफवाहें और झूठ फैला रहे हैं। मां भारती में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। उनकी टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के उन दावों की पृष्ठभूमि में आई है जिसमें कहा गया है कि सीएए के लिए आवेदन करने से वैध नागरिक विदेशी बन जाएंगे।

### सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहरीले सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस पर गौर करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा– आप एक जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, आप इसे पाल भी सकते हैं, लेकिन आप भाजपा पर कभी भरोसा नहीं कर सकते... भाजपा देश को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी, केंद्रीय एजेंसियों की धमकी के आगे नहीं झुकेगी।

## देश बनाने और बिगाड़ने वालों के बीच फर्क करना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राहुल गांधी ने पोस्ट में कहा भारत निर्णायक मोड़ पर खड़ा



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश इस समय निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और ऐसे में हर वर्ग को देश बनाने और देश बिगाड़ने वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हर वर्ग को 'देश बनाने' और 'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा। उन्होंने कहा-कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का मतलबः युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रू प्रतिदिन, जातिगत गिनती और आर्थिक सर्वे और सुरक्षित संविधान एवं नागरिक के अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का मतलब बेरोज़गारी पक्की, किसानों पर कर्ज़ का बोझ, असुरक्षित और अधिकार विहीन महिलाएं, मजबूर और बेबस मज़दूर, वंचितों के साथ भेदभाव और शोषण, तानाशाही और दिखावे का लोकतंत्र है। राहुल गांधी ने कहा-आपका भविष्य आपके हाथों में है, सोचिए, समझिए और सही फैसला कीजिए।

### कांग्रेस आज जारी करेगी अपना घोषणापत्र

कांग्रेस शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित होगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी यहां कांग्रेस मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करेंगे। इसके अगले दिन जयपुर एवं हैदराबाद में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी जिनमें पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे। जयपुर में आयोजित घोषणापत्र संबंधी रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा संबोधित करेंगी। हैदराबाद में घोषणापत्र संबंधी जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय – हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा।

## एक नजर

### कांग्रेस प्रवक्ता गौरव व पूर्व अध्यक्ष शर्मा ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बृहस्पतिवार सुबह यह कहते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया कि वह न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकते हैं और न ही दिन–रात 'वेल्थ क्रिएटर्स (परिसंपत्तियों का सृजन करने वालों)' को गाली दे सकते हैं। कुछ ही घंटों के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के आह्वान से प्रभावित होकर वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वल्लभ के अलावा कांग्रेस की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता उपेन्द्र प्रसाद ने भी पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### पप्पू यादव ने निर्दलीय नामांकन किया

**पटना।** हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बृहस्पतिवार को बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। असंतुष्ट कांग्रेस नेता मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए आरओ के कार्यालय में पहुंचे। यादव जब कार्यालय पहुंचे तो वहां कोई भी कांग्रेस नेता मौजूद नहीं था।

## दिल्ली में प्रेमिका की हत्या कर अलमारी में छिपाया शव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- लिव इन पार्टनर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला



दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका इलाके में एक घर की अलमारी से 26 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मृतक महिला के पिता ने उसके सह-जीवन (लिव-इन) साथी पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। यह मामला तब सामने आया जब मृतक महिला के पिता कई दिनों तक उससे संपर्क नहीं कर पाए। उसके बाद वह शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, पुलिस नियंत्रण कक्ष में बुधवार रात 10:40 बजे फोन आया, जिसमें एक व्यक्ति ने शिकायत की कि शायद उसकी बेटी की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने के बाद डाबड़ी थाने की एक टीम द्वारका के राजापुरी इलाके में उक्त घर पर पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-पुलिसकर्मियों को फ्लैट की एक अलमारी में महिला का शव मिला। अपराध जांच टीम और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कहा कि मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उसके सह-जीवन साथी विपल टेलर ने उनकी बेटी की हत्या की है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने महिला के साथ अपनी आखिरी कॉल का हवाला देते हुए पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ने बताया था कि उसका साथी विपल टेलर उसके साथ मारपीट करता है और उसे यह भी डर था कि वह उसकी हत्या कर सकता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पिछले डेढ़ महीने से टेलर के साथ किराए के फ्लैट में रह रही थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम के लिए शव को डीडीयू अस्पताल के शवगृह में भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा-आरोपी विपल टेलर का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वह गुजरात के सूरत का रहने वाला है। उन्होंने कहा-शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच करने के लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

## शरद पवार, अजित पवार गुट आदेशों का करें पालन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उच्चतम न्यायालय ने दोनों धड़ों को दिया निर्देश

लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़ों से चुनावों के लिए प्रचार सामग्री में चुनाव चिह्न, पार्टी के नाम और 'डिस्क्लेमर' (दावा अस्वीकरण) के इस्तेमाल पर उसके दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने उसके 19 मार्च के आदेश का अनुपालन न किये जाने के आरोप वाली दोनों पक्षों की याचिकाओं का निस्तारण करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि दोनों गुटों के नेताओं को कहीं और होना चाहिए, न कि अदालतों में। उसने शरद पवार गुट से कहा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियानों में 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का नाम और 'तुरही बजाता आदमी' चुनाव चिह्न के इस्तेमाल के लिए अपने कार्यकर्ताओं को जागरूक करे। आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही हो रहे हैं।

## सांसद राणा को राहत, जाति प्रमाणपत्र रद करने संबंधी आदेश खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती सांसद नवनीत कौर राणा को राहत देते हुए उनका अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र बहाल कर दिया, जिससे भाजपा के टिकट पर दलितों के लिए आरक्षित महाराष्ट्र सीट से चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 2021 के फैसले को खारिज करते राणा का जाति प्रमाणपत्र बहाल किया। यह फैसला नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन आया है। भाजपा ने राणा को अमरावती से उम्मीदवार बनाया है। हाईकोर्ट ने 8 जून 2021 को कहा था कि राणा ने धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज के जरिए 'मोची' जाति का प्रमाणपत्र हासिल किया था। हाईकोर्ट ने सांसद पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था और कहा था कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि वह 'सिख-चमार' जाति से हैं।

## अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू–कश्मीर चुनावों पर पूरे देश की नजर

**ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली**

### पहले से ही बढ़ गई है चुनावी सरगर्मी

- मत विभाजन को रोकने के लिए काफी सक्रिय है कांग्रेस
- घाटी की तीन सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है

**अमृत विचारः** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा का चुनाव हो रहा है। जिसमें न सिर्फ वर्षों से इस राज्य में रहने वाले लोगों के राजनीतिक अधिकार बहाल हुए हैं बल्कि आजादी के बाद से इस राज्य में रहने वाले उन तमाम लोगों को लोकसभा चुनाव में वोट देने का अधिकार भी मिलेगा जो धारा 370 हटने से पहले नहीं था।

धारा 370 का विरोध वहां के प्रमुख क्षेत्रीय दल नेशनल कांफ्रेंस एवं पीडीपी ने किया था और इसके प्रमुख नेताओं महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला को नजर बंद भी किया गया था। इंडिया गठबंधन में जम्मू कश्मीर भी है। बिल्कुल उसी तरह जैसे पंजाब या पश्चिम बंगाल में है। इस बार नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने जम्मू एवं उधमपुर की सीट पर कांग्रेस को समर्थन दिया है और कश्मीर की तीन सीटों पर कांग्रेस अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी, नेशनल कांफ्रेंस या पीडीपी उम्मीदवारों को समर्थन देगी। हालांकि घाटी की अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के बीच विवाद चल रहा है। दोनों दलों का कहना है कि केंद्र में हम इंडिया गठबंधन के साथ हैं लेकिन राज्य में हम अलग-अलग रहेंगे। जैसे पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस की है। जम्मू कश्मीर के दोनों क्षेत्रीय दल दिल्ली में 31 मार्च को हुई रैली में एक साथ थे। फिलहाल घाटी की तीनों सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है।

इस बार के चुनाव में जम्मू कश्मीर में मत विभाजन को रोकने के लिए कांग्रेस काफी सक्रिय है। यदि मत विभाजन हुआ तो बीजेपी को लाभ मिलेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के सामने कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस व पीडीपी अलग-अलग थे। जिसका लाभ बीजेपी को मिला और उसे 46 फीसद मत प्राप्त हुए थे। जबकि कांग्रेस को 28.38 फीसद, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 फीसद और पीडीपी को 3.5 फीसद मत प्राप्त हुए थे। इस बार के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से अलग हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का गठन किया है। आजाद से बीजेपी को फायदा और इंडिया गठबंधन को नुकसान होने की आशंका है।

मगर पूरे देश के लिए सबसे दिलचस्प यह है कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में चुनाव परिणाम क्या होंगे? बीजेपी के लिए भी यह सवाल काफी बड़ा है। राष्ट्रपति शासन लगने के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख को अलग-अलग कर वहां विकास के नए-नए कार्यों के करने का दावा किया है। अब देखना है कि इसका राजनीतिक लाभ उसे कितना मिलता है।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मोहित शर्मा (जीटी) | 04 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# मुस्तफिजुर के बिना सीएसके का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से

**हैदराबाद, एजेंसी**

फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है।

दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी। इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था। उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा, जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे। क्रिकेट प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे। उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाये थे। वैसे उनके ऊपर आने की संभावना कम ही है क्योंकि वह शिवम दुबे

**चेन्नई सुपर किंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी , मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र , शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **समय :** शाम 7 .30 से।

और समीर रिजवी को फिनिशर की भूमिका निभाते देखना चाहते हैं।

गेंदबाजी में चेन्नई को संयोजन पर विचार करना होगा क्योंकि मुस्तफिजुर अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये वीजा की प्रक्रिया पूरी करने बांग्लादेश लौट गए हैं। अभी तक मुस्तफिजुर और मथीषा पथिराना की जोड़ी सीएसके के लिये अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। मुस्तफिजुर की जगह मुकेश चौधरी ले सकते हैं जबकि शार्दुल ठाकुर ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली बार सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे। गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। भुवनेश्वर ने नयी गेंद से निराश किया है और तीन मैचों में तीन ही विकेट ले सके हैं। कप्तान पैट कमिंस ने आठ रन प्रति ओवर की दर से रन दिये हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग चाहिये।

# शशांक की पारी से गुजरात के हाथ से फिसली जीत

## पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 61 और आशुतोष शर्मा ने बनाए 31 रन, गुजरात की 3 विकेट से हार




शशांक सिंह

**अहमदाबाद, एजेंसी**

शशांक सिंह नाबाद 61 रन और आशुतोष शर्मा 31 रनों ने आखिरी ओवरों में धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को एक गेंद शेष रहते गुजरात टाइटंस पर तीन विकेट से जीत दिला दी है। पंजाब की चार मैचों में यह दूसरी जीत है।

200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की टीम की शुरुआत खराब रही। उमेश यादव ने दूसरे ही ओवर में कप्तान शिखर धवन एक रन को बोल्ड कर पंजाब को पहला झटका दिया। उसके बाद छठें ओवर में जॉनी बेयरस्टो 13 गेंदों में चार चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें नूर अहमद ने बोल्ड आउट किया। प्रभसिमरन सिंह ने 24 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाकर 35 रन बनाये। सैम करेन पांच रन, सिकंदर रज़ा 15 रन और जितेश शर्मा 16 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 29 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 61 जुटाये और आशुतोष शर्मा 17 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन बनाये। हरप्रीत बरार एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 200 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर से नूर अहमद ने दो विकेट लिये। अजमतउल्लाह उमरजई, उमेश यादव, राशिद खान, दर्शन नालकंडे और मोहित शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शुभमन गिल नाबाद 89 रनों की कप्तान पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा 11 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद केन विलियम्सन 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। साई सुदर्शन ने 19 गेंदों में छह चौकों की मदद से 33 रन बनाये। विजय शंकर आठ रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल ने 48 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं राहुल तेवतिया आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाकर 23 रन पर नाबाद रहे। गुजरात की टीम ने 20 ओवरों में चार विकेट पर 199 रन बनाए। पंजाब किंग्स की ओर से कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिये। हरप्रीत बरार और हर्षल पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### पहले दस मैचों में आईपीएल की रिकॉर्ड दर्शक संख्या

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दस मैचों को 35 करोड़ दर्शकों ने देखा जो टूर्नामेंट के किसी भी सत्र से अधिक है जिसमें कोरोना महामारी के दौरान खेले गए सत्र भी शामिल हैं। डिजनी स्टार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टूर्नामेंट का कुल 'वॉचटाइम' 8028 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से बीस फीसदी अधिक है। डिजनी स्टार (स्पोटर्स) के प्रमुख संजोग गुप्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''टाटा आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड व्यूअरशिप से हम आहलादित हैं। हमने दर्शकों को केंद्र में रखकर कई पहल की जिससे दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ।'' डिजनी स्टार आईपीएल का 10 भाषाओं में प्रसारण कर रहा है जिसमें मूक, बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिये स्पेशल फीड भी शामिल है।

**गुजरात 199/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 09

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिद्धीमान साहा का धवन बो रबाडा | 11 | 13 | 2/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 89 | 48 | 6/4 |
| केन विलियम्सन का बेयरस्टो बो हरप्रीत | 26 | 22 | 4/0 |
| साई सुदर्शन का जितेश बो हर्षल | 33 | 19 | 6/0 |
| विजय शंकर का हरप्रीत बो रबाडा | 08 | 10 | 0/0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 23 | 08 | 3/1 |

**गेंदबाजी :** हरप्रीत बरार 4-0-33-1, अर्शदीप सिंह 4-0-33-0, कगिसो रबादा 4-0-44-2, सैम कुरेन 2-0-18-0, हर्षल पटेल 4-0-44-1, सिकंदर रजा 2-0-22-0

**पंजाब 200/7** — 19 .5 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन बो उमेश | 01 | 02 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो नूर अहमद | 22 | 13 | 4/0 |
| प्रभसिमरन सिंह का मोहित बो नूर अहमद | 35 | 24 | 5/1 |
| सैम करेन का विलियम्सन बो अजमतुल्लाह | 05 | 08 | 0/0 |
| सिकंदर रजा का रिद्धिमान बो मोहित | 15 | 16 | 0/0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 | 29 | 6/4 |
| जितेश शर्मा का दर्शन बो राशिद | 16 | 08 | 0/2 |
| आशुतोष शर्मा का राशिद बो दर्शन | 31 | 17 | 3/1 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अजमतउल्लाह उमरजई 4-0-41-1, उमेश यादव 3-0-35-1, राशिद खान 4-0-40-0, नूर अहमद 4-0-32-2, मोहित शर्मा 4-0-38-1, दर्शन नालकंडे 0 .5-0-6-1

## खेल डायरी

### पाकिस्तान वालीबॉल महासंघ ने भारत को एशियाई चैलेंज लीग के लिए न्योता दिया

**कराची।** पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ ने भारत को अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एशियाई चैलेंज वॉलीबॉल लीग में टीम भेजने के लिये न्योता दिया है। पीवीएफ के अध्यक्ष चौधरी याकूब ने कहा कि उन्होंने टूर्नामेंट के लिये भारतीय वॉलीबॉल महासंघ को न्योता दिया है। उन्होंने कहा, ''हमने काफी प्रयासों के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी हासिल की है। हम चाहते हैं कि 11 से 17 मई तक होने वाले टूर्नामेंट में सभी शीर्ष टीमें भाग लें।'' ईरान, श्रीलंका, भूटान, तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, कजाखस्तान, किर्गीस्तान ने टूर्नामेंट में भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

### पांच महिला बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** अनमोल खरब समेत पांच भारतीय महिला खिलाड़ी गुरुवार को कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई। तरुण चौथे वरीय स्थानीय खिलाड़ी दिमित्री मनारिन से भिड़ेंगे जबकि रवि और भरत आमने-सामने होंगे। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विजा गाडे, अभ्युदय चौधरी और वैष्णवी खाडकेकर, संजय श्रीवत्स और मनीषा के और अलीशा खान और झाकुओ सेयी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

### भारतीय फुटबॉल टीम 121वें स्थान पर पहुंची

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी। गत विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है। ब्राजील पांचवें स्थान पर है।

### दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉलर ल्यूक की लूटपाट में हत्या

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की यहां लूटपाट की एक घटना में हत्या कर दी गई। उनके क्लब काइजेर चीफ्स ने यह जानकारी दी। चौबीस वर्ष के डिफेंडर ल्यूक को उस समय गोली मारी गई जब वह हनीड्यू इलाके में पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। क्लब ने एक बयान में कहा, ''ल्यूक फ्लूर्स की जोहानिसबर्ग में लूटपाट की घटना में कल रात हत्या हो गई है। इस कठिन समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी संवेदनायें।'' पुलिस के प्रवक्ता मावेला मासोंडो ने बताया कि हमलावर ल्यूक की कार लेकर भाग गए। पुलिस कार लूटने और हत्या की जांच कर रही है।

### सात्विक-चिराग बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हटी

**नयी दिल्ली।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी कंधे की चोट से नहीं उबर पाए हैं जिसके कारण उनकी और चिराग शेट्टी की गत चैंपियन पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को अगले सप्ताह होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हट गई। सात्विक और चिराग की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने पिछले साल अप्रैल में 58 साल के सूखे को खत्म करते हुए इतिहास रचा था क्योंकि वे दिनेश खन्ना के बाद दुबई में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय बने थे। दिनेश ने 1965 में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि मौजूदा सत्र में फ्रेंच ओपन सुपर 750 जीतने के अलावा दो टूर्नामेंट के उप विजेता रहे सात्विक और चिराग ने गुरुवार को टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया।

## थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी पीवी सिंधु

**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु पेरिस 2024 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी। उनकी जगह अनमोल खरब को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को चीन में के चेंगदू में 27 अप्रैल से होने वाले थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम की घोषणा करते हुए कहा है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इस साल के उबेर कप में हिस्सा नहीं लेंगी। सिंधु ने पेरिस 2024 ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस साल के उबेर कप से हटने का फैसला किया है।

# डोपिंग टेस्ट फेल होने के सर्वाधिक मामले भारत में

- 3865 नमूनों की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है।

वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3.2 प्रतिशत है। नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है लेकिन डोपिंग के मामले रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसी खेल महाशक्तियों से अधिक है। दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2.9 प्रतिशत पॉजीटिव रहे। तीसरे स्थान पर कजाखस्तान है जिसके 2174 नमूनों में से 1.9 प्रतिशत पॉजीटिव निकले। चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे। चीन ने रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की जबकि प्रतिकूल नतीजे 0.2 प्रतिशत रहे। डोपिंग मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निलंबन झेलने वाले रूस ने 10186 नमूनों की जांच की और 0.8 प्रतिशत पॉजीटिव रहे।

## ऋषभ पंत पर धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपये जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी। आईपीएल ने एक बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।'' इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत या छह लाख रूपये में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।''

# सलीमा को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 का पुरस्कार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पहले दो अप्रैल को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भी इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इन दोनों खिलाड़ियों को पुरुष और महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया है। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को 25- 25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किये गये।



हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी पुरुष टीम के उप-कप्तान के रूप में टोक्यो ओलंपिक 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली दल और हांग्जो एशियाई टीम का हिस्सा थे। वहीं सलीमा टेटे ने भी भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा बनकर 2023 हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान मेरे लिए यह एक बड़ी प्रेरणा होगी।

## बॉलीवुड हलचल

# करीबी ने बताया- भद्दे कमेंट करने वाले कॉमेडियन पर केस नहीं करेंगे सलमान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अक्सर ही चर्चा में बने रहते हैं। कभी अपनी फिल्मों के कारण तो कभी किसी के द्वारा की गई टीका-टिप्पणी की वजह से। अब हाल ही में स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सलमान खान पर अभद्र टिप्पणी की थी वहीं जब केआरके ने उनका वीडियो शेयर किया तो उन्होंने हेकड़ी दिखाते हुए कहा था कि वह जोक्स के लिए माफी नहीं मांगते हैं। इसी दौरान केआरके ने दावा किया था कि सलमान खान, कुणाल कामरा के खिलाफ मानहानि का केस करने वाले हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। अब इसके पीछे की वजह भी सामने आ गई है। दबंग खान के एक करीबी ने हाल ही में बताया है कि सलमान खान को अब इस तरह की चीजों की आदत हो गई है। वह कोर्ट के चक्कर नहीं काटना चाहते। इसलिए अब वह इस तरह का कोई भी कदम नहीं उठाना चाहते। जूम टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान के एक करीबी सूत्र ने बताया है कि अगर सलमान खान ऐसे हर गाली देने वाले के खिलाफ मुकदमा करते रहे तो वह कोर्ट रूम के ही चक्कर लगाते रहेंगे। इतने सालों में सलमान खान इन सबके आदी हो चुके हैं। वह बहुत अच्छे से जानते हैं कि उनका नाम लेकर अटैक करने वाले सिर्फ अटेंशन पाने के लिए ऐसा करते हैं। इसलिए वह कुणाल कामरा पर केस नहीं कर रहे हैं। बता दें कि हाल ही में कॉमेडियन कुणाल कामरा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे कि 'मुझे ऑफर आया कि अंबानी के ओटीटी पर जानकर सलमान से मॉरल ज्ञान लेने का।



# करवाचौथ सीन पर ट्रोल होने पर रश्मिका मंदाना ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, एजेंसी।** रश्मिका मंदाना ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं, इस फिल्म में वो रणबीर कपूर के किरदार रणविजय की पत्नी के रोल में थीं। फिल्म का जब ट्रेलर सामने आया तो करवा चौथ वाले सीन में रश्मिका मंदाना रणबीर पर गुस्सा जाहिर करती हैं और दांत पीसकर बोलने की वजह से उन्हें खूब ट्रोल किया गया। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री का मजाक उड़ाया गया और उनकी एक्टिंग एबिलिटी पर भी सवाल उठाए गए। फिल्म की रिलीज के बाद चीजें बदल गईं क्योंकि यह सीन फिल्म के सबसे चर्चित सीन में से एक बन गया। रश्मिका मंदाना ने आखिरकार टॉक शो नो फिल्टर नेहा में फिल्म की रिलीज से पहले हुई ट्रोलिंग के बारे में खुल कर बात की है। रश्मिका ने बताया कि ट्रेलर के बाद शुरुआती आलोचना ने एक्ट्रेस को खुद से सवाल करने पर मजबूर कर दिया था। रश्मिका ने कहा, "करवा चौथ का सीन जो कि नौ मिनट लंबा सीन था और सीन करते समय सेट पर मौजूद लोगों को यह बहुत पसंद आया। वे तालियाँ बजा रहे थे और महसूस कर रहे थे कि यह बहुत अच्छा शूट हुआ है, लेकिन ट्रेलर आया और उसी सीन के एक खास डायलॉग के लिए मुझे इतना ट्रोल किया गया।

# इस वजह से शाहरुख खान के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं जूही



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और जूही चावला न सिर्फ अच्छे दोस्त और बेहतरीन को-स्टार हैं, बल्कि दोनों आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के को-ऑनर्स भी हैं। इन दिनों आईपीएल 2024 का खुमार चल रहा है। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में जूही चावला ने खुलासा किया है कि वह शाहरुख खान के साथ कभी भी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं। उन्होंने इसके पीछे की बड़ी ही मजेदार वजह भी बताई है। दरअसल हाल ही में जूही चावला ने बताया कि आईपीएल हमेशा रोमांचक होता है। हम सभी अपने टेलीविजन सेट के सामने होते हैं। जब हमारी टीम खेलती है, तो उन्हें देखना दिलचस्प होता है और हम सभी बहुत ज्यादा तनाव में होते हैं। शाहरुख खान के साथ मैच देखना अच्छा नहीं है क्योंकि जब हमारी टीम अच्छा परफॉर्म नहीं कर रही होती है, तो वह मुझ पर अपना गुस्सा निकालते हैं। मैं उनसे कहती हूं कि वह यह बात मुझे नहीं बल्कि टीम को बताएं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इसलिए हम मैच देखने के लिए अच्छे लोग नहीं हैं। मुझे लगता है कि यही बात आईपीएल टीम के कई मालिकों के साथ भी लागू होती है, उन सभी को अपनी टीमों के खेलने के दौरान पसीना बहाते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि जूही चावला और शाहरुख खान फैमिली फ्रेंड हैं। दोनों की दोस्ती दशकों पुरानी है। जूही चावला ने शाहरुख खान के साथ कई फिल्मों में काम किया है। वह आर्यन खान के भी बेहद करीब हैं। जब आर्यन खान क्रूज केस में फंसे थे तो जूही चावला ने ही उनकी मदद की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

